दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 193 | जयपुर | रविवार, 18 मई, 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष पंचमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## पाक के लिए जासूसी के आरोप में यूट्यूबर ज्योति गिरफ्तार

### 3 बार वहां जा चुकी, पाकिस्तानी एजेंट्स को भारत की खुफिया जानकारियां भेजने का शक



बढ़ता राजस्थान

**हिसार ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। हिसार पुलिस ने शनिवार को ज्योति को कोर्ट में पेश कर 5 दिन की रिमांड पर ले लिया। पिछले एक हफ्ते में ज्योति के अलावा हरियाणा से 3 और पंजाब से 3 पाकिस्तानी जासूस अरेस्ट किए। हिसार पुलिस के मुताबिक, 15 मई को डीएसपी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने ज्योति को उसके घर से हिरासत में लिया। उसके खिलाफ हिसार सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया है। केंद्रीय एजेंसियां ज्योति से पूछताछ कर रही हैं। हिसार पुलिस के मुताबिक, ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थी। सोशल मीडिया के माध्यम से भारत की गोपनीय जानकारी भेज रही थी। तीन बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुकी ज्योति पर भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की नजर थी।

## ट्रम्प फिर पलटे, कहा- भारत-पाक न्यूक्लियर वॉर मैंने रुकवाई

### मुझे इसका क्रेडिट नहीं मिला; 7 दिन में 6 बार सीजफायर पर बयान दिए



बढ़ता राजस्थान

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव इतना बढ़ गया था कि वे परमाणु जंग के बहुत करीब पहुंच गए थे। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हालात बहुत गंभीर हो गए थे। अगला कदम क्या होता, आप जानते हैंज 'ह वर्ड'। यानी न्यूक्लियर वॉर।

विदेश नीति की सफलताओं पर ट्रम्प ने कहा कि भारत-पाकिस्तान जंग को रोकना उनकी सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। हालांकि उन्हें इसका क्रेडिट नहीं मिला।

### ट्रम्प बोले- शांति के लिए बिजनेस का इस्तेमाल कर रहा

ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों को जंग रोकने के बदले उनके साथ ट्रेड करने का प्रस्ताव रखा था। अब मैं बिजनेस का इस्तेमाल हिसाब चुकता करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं।

# बीकानेर में मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक

### कांग्रेस के नेता काफिले में घुसे, तिरंगे का अपमान करने पर विधायक बालमुकुंदाचार्य का विरोध



बढ़ता राजस्थान

**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित यात्रा से पहले बीकानेर आए सीएम भजनलाल शर्मा की सुरक्षा में चूक होना सामने आया है। सीएम के गुजरते काफिले के बीच देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग सहित तीन नेता घुस गए। उन्होंने हाथों में तख्तियां दिखाकर भाजपा विधायक बालमुकुंदाचार्य पर तिरंगे का अपमान करने का आरोप लगाया।

जयपुर में सैनिकों के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा विधायक बाल मुकुंदाचार्य का तिरंगे से पसीने पोंछने का वीडियो सामने आया था। कांग्रेस ने आज सीएम के काफिले के दौरान भी अपना गुस्सा जाहिर किया।

### तख्तियों पर लिखा था सीएम साहब होश में आओ...

सीएम भजनलाल शर्मा शनिवार को पीएम की प्रस्तावित यात्रा को लेकर बीकानेर आए । वे अपने काफिले के साथ रानी बाजार ओवरब्रिज के ऊपर से गुजर रहे थे। इस दौरान भीड़ में खड़े देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग, शहर कांग्रेस के महासचिव आनन्द जोशी, कांग्रेस नेता श्रीकृष्ण गोदारा, अभिमन्यु हाथ में तख्तियां लेकर काफिले की ओर भागे। इस दौरान आनन्द जोशी सबसे पहले काफिले के पास पहुंचे। जोशी ने सीएम साहब होश में आओ... के नारे के साथ तख्तियां दिखाई।

आमतौर पर हर बार मुख्यमंत्री के आने पर कांग्रेस नेताओं पर नजर रखी जाती है। इस बार पुलिस नजर रखने के बाद भी चूक गई। रानी बाजार ओवरब्रिज के पास काफी देर से कांग्रेस नेता तख्तियां लेकर खड़े थे लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। पुलिस की नजर पड़ने पर कांग्रेस नेताओं को दूर किया गया।

**दो तरह की तख्तियां**-कांग्रेस नेताओं ने बाल मुकुंदाचार्य की तिरंगा यात्रा के फोटो से बनी एक तख्ती हाथ में ले रखी थी। वहीं एक अन्य तख्ती में मध्यप्रदेश के उन नेताओं की फोटो थी, जिन्होंने सेना की महिला अधिकारी सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह के बारे में टिप्पणी की थी।

# पीएम मोदी ने हर हमले का करारा जवाब दिया

## हमारी सेना ने पाकिस्तान के अंदर 100 किमी तक घुसकर 100 से ज्यादा आतंकी मारे : शाह

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। शनिवार को वे गांधीनगर पहुंचे, जहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा- मोदीजी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से तीन हमले हुए हैं और मोदीजी ने तीनों ही आतंकी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उरी को सर्जिकल स्ट्राइक से, पुलवामा को एयर स्ट्राइक से और अब ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तानी मुख्यालय को मिटा दिया गया है।

### 100 किमी अंदर घुसकर 100 से ज्यादा आतंकी मारे

हमारी सेना ने पाकिस्तान के अंदर 100 किमी तक घुसकर आतंकियों के 9 ठिकानों को तबाह किए। इसके अलावा 100 से ज्यादा आतंकियों को मारा। पाकिस्तान ने कच्छ से कश्मीर तक हमले का दुस्साहस किया, लेकिन हमारी सेना ने हर हमले को विफल किया। एक भी मिसाइल भारत में नहीं गिरी। हमारी आर्मी ने पाक एयरबेस को भी तबाह कर दिया। हमारी सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालयों को उड़ाकर बदला लिया।



### पहले आतंकी हमलों का जवाब नहीं दिया जाता था : शाह

गृहमंत्री ने आगे कहा- पीएम मोदी ने भारत को विकसित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। साथ ही नरेन्द्रभाई ने देश को सुरक्षित करने का भी काम किया है। 2014 में उनके प्रधानमंत्री बनने से पहले भी कई वर्षों से आतंकवादी हमले होते रहे हैं। आतंकवादी पाकिस्तान से आते थे और हमारे सैनिकों और लोगों को मारकर भाग जाते थे। वे बम विस्फोट करते थे, षड्यंत्र रचते थे, लेकिन भारत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाती थी। नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण करने के बाद से देश में तीन बड़े हमले हो चुके हैं। पहला हमला उरी में हुआ, दूसरा हमला पुलवामा में हुआ और तीसरा हमला हाल ही में पहलगाम में पाकिस्तान प्रेरित आतंकवादियों द्वारा किया गया। लेकिन मोदीजी ने हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है। गृहमंत्री ने शनिवार को 1100 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही 3 आवास योजनाओं के लिए ड्रॉ निकाला। इसके बाद वावोल के पास नगर निगम द्वारा नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया।

### 11.52 करोड़ रुपए की लागत से कोलवाड़ा लेक बना पिकनिक स्पॉट

कोलवाड़ा गांधीनगर का सबसे बड़ा तालाब है। 11 .52 करोड़ रुपए की लागत से इस पिकनिक स्पॉट के रूप में संवारा गया है। लेक के चारों तरफ बच्चों के खेलने के लिए चिल्ड्रन पार्क, फूड कोर्ट, आउटडोर गेम्स जैसी सुविधाएं तैयार की गई हैं। खासतौर पर यहां 1 किलोमीटर लंबा पैदल मार्ग भी बनाया गया है। इसके जरिए टहलते हुए पूरे लेक की खूबसूरती को निहारा जा सकता है। लेक की खास बात यह भी है कि इसे सीवेज जल से भरा जाएगा। एसटीपी और मुख्य सीवर लाइन के जरिए लेक पूरे वर्ष पानी से भरी रहेगी। नहर लाइन के साथ ही एक आउटलेट भी बनाया गया है, जिससे कि लेक के ओवरफ्लो होने पर अतिरिक्त पानी नहर में चला जाएगा। गृहमंत्री शनिवार शाम को इसका उद्घाटन किया। गांधीनगर में बढ़ती आबादी के साथ ट्रैफिक भी बढ़ गया है। यहां का सेक्टर-21 शहर का सबसे बड़ा मार्केट है, जहां बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं।



### तुर्किये के खिलाफ भारत में बायकॉट अभियान तेज

## सेब-मार्बल पर रोक, ट्रैवल कंपनियों ने यात्रा बुकिंग बंद की

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान को सपोर्ट करने के कारण तुर्किये का भारत में बॉयकॉट हो रहा है। न केवल ट्रैवल कैंसिलेशन बढ़े हैं, बल्कि सेब और मार्बल सहित तुर्किये से इंपोर्ट किए जाने वाले हर सामान का बॉयकॉट किया जा रहा है। 16 मई को कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापार खत्म करने की घोषणा की। दिल्ली में हुई मीटिंग में देश के 24 राज्यों से बिजनेस लीडर्स ने भाग लिया। सीएआईटी ने गुरुवार को कहा था कि जो देश भारत के खिलाफ हैं उसके साथ व्यापार करने का कोई सवाल ही नहीं है। 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ा, तो तुर्किये-अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया और भारत के खिलाफ इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान को ड्रोन्स-हथियार और इन्हें चलाने वाले ट्रेंड लोग भी भेजे।

## केदारनाथ में एयर एंबुलेंस हेलिकॉप्टर क्रैश, सभी यात्री सुरक्षित

**रुद्रप्रयाग ( एजेंसी )।** उत्तराखंड के केदारनाथ में शनिवार को एयर एंबुलेंस हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर में तीन लोग सवार थे- पायलट, डॉक्टर और नर्स। तीनों सुरक्षित हैं। बताया जा रहा कि हेलिकॉप्टर ऋषिकेश एम्स से मरीज लेने केदारनाथ आ रहा था। लैंडिंग से वक्त अचानक बेकाबू होकर जमीन पर गिर गया। हादसा हेलिकॉप्टर का टेल बान टूटने से हुआ। एम्स के पीआरओ संदीप कुमार ने बताया- संजीवनी एयर एंबुलेंस हेलिकॉप्टर एक मरीज को लेने के लिए केदारनाथ गया था।



## जयपुर में इंडियन-एयरफोर्स की मदद से ठीक हुआ अमेरिकी एयरक्राफ्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में पिछले 2 सप्ताह से खड़े अमेरिका के विमान सी-17 ग्लोबमास्टर को आखिरकार भारतीय एयरफोर्स की टीम ने शनिवार को ठीक कर दिया है। ग्लोबमास्टर के लैंडिंग व्हील (पहिए) में तकनीकी खराबी आ गई थी। इस कारण यह विमान जयपुर एयरपोर्ट के पार्किंग एरिया में खड़ा था। दरअसल, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के भारत से लौटने के बाद उनके सुरक्षा उपकरणों को लेने के लिए अमेरिकी एयरफोर्स का स्पेशल एयरक्राफ्ट सी-17 ग्लोबमास्टर जयपुर पहुंचा था।






## जज जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते : सीजेआई गवई

### बार काउंसिल के इवेंट में कहा- न्यायपालिका का लोगों से दूरी बनाए रखना असरदार नहीं

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के नव-नियुक्त सीजेआई बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जज जमीनी हकीकत को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वे बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान सीजेआई गवई ने सामाजिक वास्तविकताओं को समझने और उनका जवाब देने में जजों की भूमिका पर जोर दिया। सीजेआई गवई ने कहा कि आज की न्यायपालिका मानवीय अनुभवों की जटिलताओं को नजरअंदाज करते हुए कानूनी मामलों को सख्त काले और सफेद शब्दों में देखने का जोखिम नहीं उठा सकती। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि न्यायपालिका में लोगों से दूरी रखना असरदार नहीं है। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट के जजों को लोगों से जुड़ने से बचना चाहिए।

सीजेआई गवई ने जज का पद मिलने की अपनी शुरुआती हिचकिचाहट के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने उनसे कहा था कि वकील के रूप में काम करना आर्थिक समृद्धि लाएगा, लेकिन संवैधानिक न्यायालय में जज के रूप में सेवा करने से उन्हें डॉ. बी आर अंबेडकर के सामाजिक और आर्थिक न्याय के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। अपने पिता की सलाह मानते हुए सीजेआई गवई ने हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 22 साल के कार्यकाल और सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में छह साल के कार्यकाल पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्होंने हमेशा ज्यूडिशियल सिस्टम को अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया है।



# आचार्य सुनीलसागर ससंघ एवं पूज्य आचार्य पुण्यसागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में 'ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ जैनेलोजी एवं प्राकृत भवन' का हुआ भव्य लोकार्पण

# कमानें में भेजा और दान करने में कलेजा चाहिये : आचार्य सुनील सागर महाराज

बढ़ता राजस्थान





**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री दिगंबर जैन ग्लोबल महासभा, मुंबई द्वारा मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के जैन विद्या एवं प्राकृत विभाग में निर्मित ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ जैनेलोजी एवं प्राकृत भवन के प्रथम चरण का शनिवार को आचार्य सुनीलसागर महाराज, आचार्य कल्प पुण्यसागर महाराज, मुनि अपूर्वसागर एवं मुनि अर्पितसागर ससंघ की निश्रा में भव्य लोकार्पण पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबचन्द कटारिया,शहर विधायक ताराचन्द जैन सहित अन्य अतिथियों ने किया।

इस अवसर पर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित समारोह में बोलते हुए आचार्य सुनील सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य को कमानें के लिये अपने मस्तिष्क का उपयोग करना पड़ता है लेकिन उसे दान करने के लिये कलेजा चाहिये जो बहुत कम लोगों में होता है। इस भवन में निर्माण में जिन्होंने भी दान किया उन सभी को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि सभी देशी भाषाओं में प्राकृत भाषा का उपयोग होता है। यह सबसे प्राचीन भाषा है। इसके संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिये हमें प्रयास जारी रखनें चाहिये। उन्होंने उड़ीसा के खण्डगिरी, उदयगिरी में णमोकार महामंत्र मूल स्थान बताया। भवान ऋषभदेव के पुत्र भरत के नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा।

प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 सम्मेलन में इण्डिया की जगह भारत नाम लिखकर इस देश का नाम उंचा किया। उन्होंने युवाओं का आव्हान किया कि वे धेर्य रखें, देश व समाज के लिये काम करते रहें। उन्होंने युवाओं को गुलाबचन्द कटारिया की भांति अच्छा श्रावक बननें की सलाह दी। राज्यपाल कटारिया ने कहा कि इस भवन के प्रथम चरण के निर्माण में जमनालाल हपावत एवं उनकी टीम के योगदान को नहीं भूलाया जा सकता है। प्राकृत भाषा का इतना प्रभाव है कि इस में जैनियों ने ही नहीं वरन् गैर जैनियों ने भी पीएचडी की है। उन्होंने इस भाषा को आगे बढ़ानें पर जोर दिया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल कटारिया व अन्य अतिथियों ने आचार्य सुनील सागर महाराज द्वारा लिखित पुस्तक सच्चे कहाओं का विमोचन किया।

ग्लोबल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमनालाल हपावत ने बताया कि प्रथम वर्धमान सभामंडप का लोकार्पण पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाबचंद कटारिया द्वारा किया गया। प्राकृत कक्षा का निर्माण जम्बूप्रसाद जैन (गाजियाबाद) द्वारा किया गया है, जिसका लोकार्पण आचार्य श्री के सान्निध्य में हुआ। कीर्ति स्तंभ का शिलान्यास प्रदीप जैन द्वारा किया गया। प्रथम तल के कक्षा-कक्षों का निर्माण प्रदीप जैन (मामा जी) के सौजन्य से प्रस्तावित है, जिनका शिलान्यास उनके कर-कमलों से हुआ।

पाण्डुलिपि हॉल का निर्माण स्व. निर्मल कुमार सेठी के सुपुत्र धर्मेन्द्र सेठी से प्रेरित होकर किया गया है। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने की। इस अवसर पर प्रदीप जैन,अशोक पाटनी,जम्बूप्रसाद जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह में महासभा के प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र धन्नावत,मुकेश गोटी, अशोक कुमार शाह, वीरेन्द्र धन्नावत, भंवरलाल मुण्डलिया,सुमतिलाल दुदावत सहित हजारों श्रावक-श्राविकायें उपस्थित थे।

## थाना क्षेत्र के बुर्जावाडा गाँव मे डिप्रेशन मे युवती ने फांसी का फंदा का फंदा लगाकर की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना क्षेत्र के बुर्जावाड़ा गाँव में शनिवार को मानसिक अवसाद एक 35 बर्षीय युवती ने कमरे मे पंखा से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली ।सूचना पर सुबह सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवती को फांसी के फंदे से निकाल कर राजकीय जिला अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया, अस्पताल के मैडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया, भाई की ओर से मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं ।सदर थाना प्रभारी देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली की बुर्जावाडा गाँव मे 35बर्षीय युवती ज्योति मीना पुत्री डा.केदार लाल मीना ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली ।सूचना पर मय जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। शव को फांसी के फंदे से निकाल कर शव को कब्जे मे लेकर राजकीय जिला अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया। थाने के एएसआई बनयसिंह ने मृतका 35बर्षीय ज्योति मीना पुत्री डा.केदार लाल मीना के शव का राजकीय अस्पताल के मैडिकल ज्यूरिष्ठ डा.रामनरेश,डा.ब्रजेश चौधरी डा.नितिन बंसल से पोस्टमार्टम कराके परिजनों को सुपर्द कर दिया ।इस मामले मे बुर्जावाडा की मृतका के भाई रामनरेश मीना ने रिपोर्ट में बहन ज्योति मीना ने शनिवार को सुबह मानसिक रूप से अस्वस्थ होने से डिप्रेशन में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग मे मामला दर्ज कराया हैं ।जिसकी जांच शुरू कर दी है।

## सचिव गौतम ने रुक्मणी वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम ने शनिवार को रुक्मणी वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान 3 पुरुष एवं 6 महिला वृद्धजन सहित कुल 9 वृद्धजन उपस्थित पाये गये। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित वृद्धजनों से वार्ता की गई और उन्हें दी जा रही भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं व अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। उपस्थित वृद्धजनों द्वारा अवगत करवाया गया कि वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त कूलर लगे हुए हैं, परंतु उन्हें चलाया नहीं जाता है। इस कारण उन्हें गर्मी के मौसम में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा रूक्मणी वृद्धाश्रम के प्रबंधक प्रदीप मेरोठा को गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए मौसमानुकूल इंतजाम करने एवं कूलरों को चलवाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा वृद्धाश्रम परिसर में स्थित रसोईघर, स्नानागार एवं शौचालय की साफ-सफाई आदि के संबंध में जांच की गई, दौराने निरीक्षण वृद्धाश्रम परिसर में स्थित रसोईघर, स्नानागार एवं शौचालय की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। उपस्थित वृद्धजनों द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के प्रयासों से वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को प्रदान चिकित्सकीय सुविधाओं में सुधार हुआ है। वर्तमान में वृद्धाश्रम में नियमित रूप से चिकित्सक की विजिट की जाकर वृद्धजनों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

## पशु-पक्षियों के लिए पानी की टंकियां रखी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को पावटा की न्यू राजस्थान स्कूल के पास, खेलना सड़क मार्ग शिव मंदिर व ठाकुर मंदिर के पास पशु पक्षियों के लिए पानी की टंकी रखी गई। इस दौरान समिति के संरक्षक पण्डित द्वारकेश मिश्र ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में पशु-पक्षियों को पानी की आवश्यकता होती है, जिसे ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने बताया कि पशु पक्षियों लिए भीषण गर्मी को देखते हुए क्षेत्र के भामाशाहों एवं दानदाताओं के जन सहयोग से यह कार्यक्रम निरन्तर संचालित है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों को पानी की व्यवस्था करना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता वेद प्रकाश बाकोलिया और हरीराम कुमावत ने बताया कि वे नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी निभाएंगे। शिक्षक बलकेश कुमावत को पानी की टंकियों में नियमित पानी भरने की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में शिक्षाविद गजानंद टीलावत, समाजसेवी सागर सेन, विमल कुमावत, रामवतार टांक, शिव कुमार टीलावत, भवानी कुमावत, धर्मेंद्र मिश्रा, मुकेश बाकोलिया, कृष्ण कुमावत, महेश मिश्रा, कैलाश कुमावत, ऐश्वर्या मिश्रा, सत्यनारायण कुमावत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## मोदी विश्वविद्यालय में चलाये जा रहे है विकसित भारत बनाने वालें रिसर्च कोर्स

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** लक्ष्मणगढ़ स्थित मोदी विश्वविद्यालय में विकसित भारत को बनानें वाले रिसर्च के कोर्स पर अधिक ध्यान दिश जा रहा है ताकि भारत विकसित भारत की श्रेणी में तेजी से अग्रसर हो सकें। इसके अलावा नये सत्र से कुछ नये कोर्स भी प्रारम्भ किये जा रहे है जो न केवल विश्वविद्यालय वरन् देश की प्रगति में मील का पत्थर साबित होंगे। मोदी विश्वविद्यालय के डीजीएम एडमिशन प्रबीण झा ने बताया कि विश्वविद्यालय में करीब साढ़े तीन हजार एवं स्कूल में लगभग 750 छात्रायें अध्ययनरत है। विश्वविद्यालय में केवल छात्रायें अध्ययन करती है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के लिये तकनीक के बदलते परिपेक्ष्य के मद्देनजर डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, ए आई, बॉयोमेडिकल एवं न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी सहित कई स्किल बेस्ड कोर्सेज छात्राओं के लिए मुहैया करवाए है। इंजिनियरिंग के कोर्स के दौरान प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर विशेष ध्यान दिया जाता है ताकि छात्राएं इंडस्ट्री के मांग के अनुसार बेहतर तौर पर खुद को तैयार कर सकें। इसी तरह स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइसेंस के अंतर्गत फॉरेनसिक साइंस, फूड एंड न्यूट्रीशन, फिजयोथेरेपी, जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, बायो टेक्नोलॉजी जैसे सरीखे कोर्सेस के माध्यम से छात्राओं एक बेहतर भविष्य प्रदान करता है। स्कूल ऑफ लॉ के अंतर्गत छात्राओं को राजस्थान विधिक सेवा के लिए विशेष रूप से तैयार एवं प्रोत्साहित किया जाता है। स्कूल ऑफ लॉ की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा जैन ने बताया कि वर्तमान वर्ष के दौरान भी 6 छात्राओं ने राजस्थान विधिक सेवा में सफलता का परचम लहरा कर शेखावाटी के साथ पुरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। पीआरओ राजीव सिंह ने बताया कि मोदी विद्यालय इस नये सत्र से कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक डे स्कूल का भी शुरूआत करने जा रहा है। मोदी स्कूल और विश्वविद्यालय छात्राओं की शिक्षा को अनवरत जारी रखना चाहती है और इसी के मद्देनजर स्कूल एवं विश्वविद्यालय के स्तर पर छात्राओं के लिए छात्रवृति लेकर आये हैं, ताकि आर्थिक स्थिति किसी की भी शिक्षा में रूकावट न बन सके। प्रत्येक वर्ष की तरह मोदी विश्वविद्यालय ने इस वर्ष भी छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृति की घोषणा की। जिसके तहत राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगी परीक्षाओं के टॉपर को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृति प्रदान की जाएगी।

## महवा में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, दलाल गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**महवा ( भरत सिंह राजपूत )।** एसीबी ने शनिवार को एक दलाल को 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। यह रिश्वत महवा सीओ रमेश तिवाड़ी और उनके रीडर रामदेव के नाम पर बालाहेड़ी निवासी विष्णु मीना द्वारा परिवादी से मांगी गई थी। जानकारी के मुताबिक, महवा सीओ रमेश तिवाड़ी और उनके रीडर रामदेव ने बालाहेड़ी के निवासी विष्णु मीना के जरिए परिवादी से ढाई लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इसमें से डेढ़ लाख रुपये पहले ही ले लिए गए थे। 14 मई को परिवादी ने एसीबी को शिकायत दी थी, जिसमें उसने बताया था कि उसके बेटे के खिलाफ महवा थाने में पोक्सो एक्ट में दर्ज मामले में मदद देने के बदले रिश्वत की मांग की गई। एसीबी ने शिकायत के बाद मामले की जांच शुरू की और शनिवार को दलाल विष्णु मीना को 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। एसीबी ने बताया कि महवा सीओ रमेश तिवाड़ी और उनके रीडर को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, महवा सीओ रमेश तिवाड़ी को कार्रवाई की सूचना मिलते ही भूमिगत बताया जा रहा है। एसीबी डिप्टी एसपी नवल मीना ने मामले की गहनता से जांच करने की बात कही।

## बुजुर्ग महिला के साथ दरिंदगी, न्याय के लिए खा रही दर-दर की ठोकरे

### राजनौता की ढाणी सेड़ाजी में कमलेश कंवर के साथ परिवारजनों ने की बेरहमी से मारपीट, दांत तोड़े, दुकान बंद करवाई और जान से मारने की दी गई धमकियां

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम राजनौता की ढाणी सेड़ाजी से एक बुजुर्ग महिला के साथ लगातार हो रही मारपीट और जान से मारने की धमकियों का मामला सामने आया है। पीड़िता कमलेश कंवर पत्नी जयपाल सिंह ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 29 दिसंबर 2024 की शाम करीब 5 बजे जयपाल सिंह पुत्र कल्याण सिंह और कानसिंह पुत्र कल्याण सिंह ने लकड़ी-डंडों से उन पर हमला किया, जिससे उनके शरीर पर कई जगह चोटें आईं।

कमलेश कंवर की बेटी पारा बाई ने बताया कि घटना का वीडियो बनाया गया था, लेकिन आरोपियों को भनक लगने पर उन्होंने मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। पारा बाई ने यह भी बताया कि 26 अगस्त 2024 को शाम 5:30 बजे के आसपास उनकी मां के साथ पड़ोसी रमेश सिंह और रबिन्द्र सिंह ने भी घर में घुसकर मारपीट की और अभद्र गालियां दीं। कमलेश कंवर का आरोप है कि उनका पति, जेठ और जेठ के बेटे लंबे समय से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी जेठानी ओमकंवर भी इन लोगों का साथ देती है। लगभग पांच महीने पहले इन्हीं लोगों ने गांव की बस्ती में सरेआम मारपीट कर उन्हें जबरन घर से निकाल दिया। उन्होंने बताया कि वह अपनी बेटी के साथ छोटी सी परचून की दुकान चलाकर गुजर-बसर कर रही थीं, लेकिन आरोपियों ने दुकान बंद करवा दी और दुकान में रखा करीब 40-50 हजार रुपये का सामान भी निकालने नहीं दे रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रागपुरा थाने में शिकायत दर्ज करवाई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उन्हें न्याय दिलाया जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जल्द न्याय नहीं मिला तो वह आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो जाएंगी। पीड़िता की हालत नाजुक है और उन्हें न्याय की आस है।

## कैंसर को हराना है आसान : शीतल गुप्ता



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शी सर्कल इंडिया द्वारा हिरन मगरी स्थित बेला 21 स्टोर पर आयोजित वर्क प्लेस विजिट में शीतल गुप्ता ने कहा कि कैंसर को हराना अब आसान हुआ है।

संस्थापक तारीका भानुप्रताप ने बताया कि वर्क प्लेस विजिट का उद्देश्य सभी मेंबर को एक दूसरे से मिलना, उनके व्यापार के बारे में जानकारी लेना व उन्हें हर तरह से प्रोत्साहित करना, साथ ही साथ व्यापार को बढ़ाने के लिए सभी के विचार विमर्श से आगे बढ़ना। इस उपलक्ष पर बेला 21 की डायरेक्टर शीतल गुप्ता ने बताया कि वे पूर्व में एक कैंसर मरीज थी परंतु उनके इस नए बिजनेस ने उन्हें कैंसर से लड़ने की एक नई शक्ति दी और अपने बिजनेस को बड़े ही इच्छा शक्ति व उत्साह के साथ संभालने के साथ उन्होंने कैंसर का इलाज जारी रखा और आज वह कैंसर मुक्त हो चुकी है। उनकी यह कहानी कई महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर शी सर्किल इंडिया की कई मेंबर्स शिखा बहल,उर्मी वरलानी ,सोनू जैन, नेहा जैन, पूनम अग्रवाल, माया चौधरी, रुखसाना साबुन वाला, तस्नीम कानोड़वाला, मेखला भौमिक, हेमलता लोढ़ा,ज्योति सहगल, नीतिका बर्मन, अंजू पामेचा, प्रेक्षा सुहालका,साबिया आसिफ ,भाविनी गुर्जर, रुचि जैन आदि उपस्थित थी। साथ ही इस अवसर पर शी सर्कल इंडिया से जुड़ी नई मेंबर्स पद्मिनी छीपर, अल्फिया, पूर्णिमा मनोहर ,अर्पिता डागलिया भी मौजूद रही।

## पावटा पंचायत समिति की नई प्रधान बनी मीरा देवी सैनी

बढ़ता राजस्थान

पावटा (सुशील कुमार बंसल)। राजस्थान सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पावटा पंचायत समिति की प्रधान पूजा चौधरी को पद से हटाकर मीरा देवी सैनी को पावटा पंचायत समिति की नई प्रधान नियुक्त किया गया है। मीरा देवी सैनी पंचायत समिति सदस्य, वार्ड संख्या 17 से निर्वाचित हुई थी। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 25 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मीरा देवी सैनी को अग्रिम आदेश तक पावटा प्रधान पद का कार्यभार सौंपा गया है। मीरा देवी सैनी ने पावटा पंचायत समिति में प्रधान पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने मीरा देवी सैनी को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। लोगों ने उम्मीद जताई है कि मीरा देवी सैनी के नेतृत्व में पावटा पंचायत समिति का विकास और भी तेजी से होगा। गौरतलब है कि हाल ही में नगर पालिका, पावटा-प्रागपुरा जिला कोटपूतली-बहरोड़ में ग्राम पंचायत जोधपुरा के राजस्व ग्राम जोधपुरा, कल्याणपुरा एवं किरारोड़ के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र को सम्मिलित किया गया है।

## लाइब्रेरी मे छात्रा से मारपीट बदमाशों को बुलाकर तरुण पर किया हमला

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** वर्धमान नगर स्थित एक लाइब्रेरी में सीडीएस की तैयारी कर रहे छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे कुछ बदमाशों ने तरुण शर्मा (18) पर हमला कर दिया ।घटना के पीछे 3 दिन पुराना विवाद बताया जा रहा है। तरुण ने बताया कि वह लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहा था। इस दौरान एक छात्र तेज आवाज में बात कर रहा था। उसे टोकने पर विवाद हुआ, जो उसी समय सुलझ गया था ।शुक्रवार को उस छात्र ने कुछ बदमाशों को बुलाकर तरुण पर हमला कर दिया। घायल तरुण को लाइब्रेरी संचालक जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। पीड़ित के पिता रविकांत शर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है ।नई मंडी थाना प्रभारी आरपीएस कुलदीप सिंह ने बताया कि घायल का मेडिकल कराया गया है। घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस वारदात में शामिल बदमाशों की तलाश कर रही है।

# सूरत के व्यापारी का उदयपुर में किडनैप

## धमकी देकर पत्नी से 20 लाख मांगे, बाड़मेर लेकर गए

## पुलिस ने 18 घंटे में किडनैपर्स से छुड़वाया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** 15 मई को एक काली कार ने सुरत (गुजरात) के व्यापारी मुकेश जोशी (35) की कार को रोका और कार से उतरे तीन लोगों ने जबरदस्ती उन्हें अपनी गाड़ी में डालकर फरार हो गए। अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें सक्रिय हो गईं और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। 18 घंटे में सूरत के व्यापारी मुकेश कुमार जोशी को अपहरणकर्ताओं से मुक्त करा लिया।

जांच में सामने आया कि आरोपी कुलदीप (25) का मुकेश के साथ 20 लाख रुपए का लेनदेन था। इस राशि की वसूली के लिए कुलदीप ने अपने चार साथियों - दुर्गेश (26), अमित (26), सुरपाल (30) और प्रकाश (37) के साथ योजना बनाई। पैसे वसूलने के बाद 10 लाख रुपए कुलदीप को और बाकी 10 लाख रुपए चारों साथियों में बांटने का प्लान था।

पुलिस ने टोल प्लाजा और सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों की कार को ट्रैक किया। जोधपुर कोबरा टीम की मदद से 600 किलोमीटर तक पीछा करते हुए सभी आरोपियों को दबोच लिया। घटना 15 मई को उदयपुर के सायरा क्षेत्र में हुई और पुलिस ने आरोपियों को बाड़मेर के सिवाना से गिरफ्तार किया। मुकेश सूरत में कपड़े का व्यापार करते हैं और उदयपुर के सायरा में रहते हैं।सूरत के व्यापारी का अपहरण, पुलिस ने 18 घंटे में सुलझाया केस

### पैसों के लिए बना अपहरण का प्लान

उदयपुर के जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया- पुलिस ने 18 घंटे में सूरत के व्यापारी मुकेश कुमार जोशी को अपहरणकर्ताओं से मुक्त करा लिया है। मुकेश कुमार सूरत में कपड़े की ट्रेडिंग का काम करता है और आरोपी कुलदीप के साथ उसका 20 लाख रुपए का लेनदेन था। इस राशि की वसूली के लिए कुलदीप ने अपने चार साथियों के साथ योजना बनाई। तय हुआ कि वसूली के बाद 10 लाख कुलदीप को और बाकी 10 लाख चारों साथियों में बांट दिए जाएंगे।काली कार में आए थे बदमाश 15 मई की शाम मुकेश की नणद पुष्पा ने फोन कर बताया कि उसकी तबीयत खराब है। जब मुकेश उन्हें डॉक्टर से मिलाकर लौट रहे थे, तब रात साढ़े आठ बजे पदराड़ा चौराहे पर एक काली कार ने उनकी गाड़ी रोकी और तीन लोग उतरकर मुकेश को जबरन अपनी गाड़ी में डालकर ले गए।

### पत्नी से मांगी 20 लाख की फिरौती

योगेश गोयल ने बताया- अगले दिन सुबह अपहरणकर्ताओं ने मुकेश की पत्नी दीपा को फोन कर 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी। साथ ही धमकी दी कि पैसे नहीं देने पर मुकेश को जान से मार देंगे।

### सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के निर्देशन में टीमों ने जांच शुरू की। टीम प्रभारी डीवाईएसपी सूर्यवीर सिंह के साथ पुलिस की टीमों ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। कार की पहचान के बाद पुलिस पिंडवाड़ा, सुमेरपुर, जालौर, आहोर, भाद्राजून, रोहिट होते हुए जोधपुर तक पहुंची। जोधपुर आईजी से मदद मांगी गई और कोबरा टीम भी लगाई गई।



### आपराधिक रिकॉर्ड वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

एसपी ने बताया- 600 किलोमीटर के पीछा के बाद उदयपुर पुलिस, जोधपुर कोबरा टीम और डीएसटी बालोतरा ने बाड़मेर के सिवाना में देवड़ा टोल से पांचों आरोपियों को दबोच लिया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में कुलदीप, दुर्गेश, अमित, सुरपाल और प्रकाश शामिल हैं। इनमें से कुलदीप के खिलाफ 2, अमित के खिलाफ 5, दुर्गेश के खिलाफ 1 और सुरपाल के खिलाफ 4 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

## ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ

### पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 मई

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वाधान में 17 मई से 28 जून तक ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन यहाँ के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया जा रहा है। सचिव रामबीर यादव ने बताया कि शिविर में बालकों में स्काउटिंग भावना के साथ 10 विषयों में प्रशिक्षण दिया जायेगा। बालक बालिकाएं अपनी रुचि के अनुसार नृत्य, जूडो कराटे, सिलाई, मेहंदी, ब्यूटीशियन, मेहंदी, योग, इंग्लिश स्पोकन, कंप्यूटर, हारमोनियम, शतरंज आदि विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। शिविर में स्काउटिंग, गाइडिंग, रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में कौशल विकास और अभिरुचियों को प्रोत्साहित किया जायेगा। शिविर हेतु पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है। इच्छुक छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक विद्यालय में संपर्क कर पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 मई है। सीटें सीमित हैं, अतः शीघ्र पंजीकरण करवायें। शिविर में शिविर निदेशक मनोरमा यादव, शिविर संचालक हंसराज यादव प्राचार्य सहित विभिन्न अभिरुचियों के दक्ष प्रशिक्षक प्रशिक्षण देंगे।

## डायबिटिज एवं हाईपरटेन्शन स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन

### 242 मरीज लाभान्वित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में शनिवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर डायबिटिज एवं हाईपरटेन्शन स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें बी.पी. एवं शुगर के कुल 242 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई तथा मरीजों को डायबिटिज एवं हाईपरटेन्शन के संबंध में दैनिक दिनचर्या में बदलाव कर उक्त बीमारी के प्रति जागरूक किया गया एवं पम्पलेटस का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. सतीश अग्रवाल, डॉ. सुगन चन्द, डॉ. विश्म्भर दयाल गुप्ता, एंजलिना तिमोथी, विकास यादव समेत अन्य ने अपनी सेवायें दी।

## साहवा सीएचसी में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के मोहनी देवी चाचाण राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहवा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 17 मई को मनाया जाने वाला विश्व रक्तचाप दिवस मनाया। शनिवार को विश्व रक्तचाप दिवस की जानकारी देते हुए सीएचसी प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र मेघवाल ने बताया कि रोगियों के रक्तचाप की जांच करते हुए अस्पताल में आए रोगियों को उच्च रक्तचाप से बचाव और इनके लक्षणों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हर साल 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे यानी विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है इसका मकसद लोगों को हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप) के खतरों के बारे में जागरूक करना है। हाई बीपी को एक 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, क्योंकि इसके लक्षण तुरंत नजर नहीं आते, लेकिन यह धीरे-धीरे हमारे दिल, किडनी और दिमाग को नुकसान पहुंचा सकता है। बहुत से लोगों को यह पता भी नहीं होता कि उन्हें यह बीमारी है ऐसे में वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर, हाई बीपी क्या है, इसके लक्षण, कारण और इससे बचने के आसान तरीको के बारे में आमजन को जानकारी देकर जागरूक किया गया ताकि उच्च रक्तचाप के खतरों को टाला जा सके। प्रभारी ने बताया कि 17 मई से 16 जून तक रक्तचाप जागरुकता कैंपेन अभियान भी चलाया जाएगा। सीनियर नर्सिंग ऑफिसर हरिसिंह कसवां ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर हृदय रोग, उच्च रक्तचाप से होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अशोक बेनीवाल , अनसीडी काउंसलर किशो गौड, सांवरसिंह शेखावत, श्याम गर्ग आदि उपस्थित थे।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में निःशुल्क शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय, जयपुर के आयुर योग प्रिवेंटिव कार्डिओलोजी विभाग ने 17 मई, 2025 को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान के ओपीडी में एक दिवसीय निःशुल्क स्क्रीनिंग और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन प्रोफेसर पी.हेमंता ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर रामकिशोर जोशी, डॉ. उदय राज सरोज, डॉ. हरीश भाकुनी, डॉ. दीप्ति बिष्ट, डॉ. अभिषेक उपाध्याय, डॉ. राकेश नागर, डॉ. असित पांजा, डॉ. मनोरमा, और डॉ. प्रभाकर ने जानकारी दी। एक दिवसीय स्क्रीनिंग और चिकित्सा शिविर में 140 रोगियों को लाभ मिला और 15 रोगियों का गहन चिकित्सा परामर्श के लिए कार्डियक असेसमेंट किया गया। सभी रोगियों को आहार, विहार और योग के महत्व के बारे में बताते हुए चिकित्सा सलाह दी गई। आम जनता और रोगियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए अस्पताल परिसर के ओपीडी और आईपीडी ब्लॉक में उच्च रक्तचाप की रोकथाम के विषय में वीडियो के माध्यम से सामान्य जानकारी दी गई।



## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी महिला विंग के चमन कंवर ने IG और ACP का जताया आभार

### महिला को पड़ोसियों ने पीटा, नहीं हुई सुनवाई; संगठन ने सुलझाया विवाद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** मानवाधिकार से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है जिसमें पीड़िता निर्मला देवी को पड़ोसियों ने आपसी विवाद के चलते गंभीर रूप से पीटा। प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस सुनवाई न होने से पीड़िता न्याय के लिए भटक रही थी। इस मामले में अंतर्राष्ट्रीय मानवता अधिकार सामाजिक न्याय संगठन की महिला विंग की राष्ट्रीय प्रभारी चमन कंवर के नेतृत्व में संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोनू कुमारी, प्रदेश सचिव बीना कंवर और गीता गुप्ता ने हस्तक्षेप किया। संगठन ने मामले की गंभीरता को समझते हुए दोनों पक्षों से संवाद कर शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में प्रयास किए। चमन कंवर ने इस दौरान आईजी किशन सहाय और एसीपी अनूप सिंह चौधरी के सहयोग की सराहना करते हुए संगठन की ओर से उनका आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रशासन के सहयोग से ही सामाजिक संगठन जमीनी स्तर पर पीड़ितों को न्याय दिलाने में सक्षम हो पाते हैं। इस पहल से न केवल पीड़िता को राहत मिली, बल्कि समाज में भी यह सकारात्मक संदेश गया कि आपसी समझ, संवाद और समर्पण से बड़े से बड़े विवादों का शांतिपूर्ण समाधान संभव है।

## सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. शेखावत ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाडेरा व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदगढ़ का औचक निरीक्षण

### उच्च रक्तचाप अभियान व हीट वेव को लेकर चिकित्सा व्यवस्था हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर प्रथम।** प्रचंड गर्मी और हीट वेव को देखते हुए सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने शनिवार , 17 मई को जिले के चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया और उच्च रक्तचाप अभियान व हीट वेव संबंधित आवश्यक चिकित्सा व्यकास्थाओं हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाडेरा व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उच्च रक्तचाप अभियान व हीट वेव के अंतर्गत तैयारियों की समीक्षा करते हुए चिकित्सा संस्थान में रोगियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।



हीट वेव को लेकर उन्होंने उन्होंने संस्थान में रोगी के उपचार हेतु आपातकालीन किट, ओआरएस एवं आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता समेत अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विशेषकर उन्होंने रोगियों व उनके परिजनों हेतु ठंडे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, पर्याप्त छाया और कूलर, पंखों की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।

साथ ही उन्होंने चिकित्साकर्मियों की समय पर उपस्थिति, सफाई व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा व टीकाकरण,जाँच सुविधाएं भी देखी। इस दौरान उपस्थित स्टाफ मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम करने के निर्देश दिए।

## समाज सेवा शिविर का आयोजन

### विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना व व्यक्तित्व विकास का मिलेगा रचनात्मक लाभ

### गर्मी को देखते हुये पक्षियों के दाना पानी पर विशेष ध्यान

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम पवाना अहीर स्थित मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिये 15 दिवसीय समाज सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी प्रवक्ता रामकरण यादव एवं सह प्रभारी व्याख्याता सुमन चौहान द्वारा छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ समाजोन्मुखी कार्यों के प्रति रचनात्मक सहयोग की भावना रखते हुए अपने सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करने के प्रति सदैव तत्पर रहने को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रहरी के रूप में पौधारोपण कर पोधों में पानी डालना, पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर पानी डालना, साफ सफाई का ध्यान रखते हुए वातावरण व स्वास्थ्य को शुद्धि प्रदान करने में जागरूकता दिखाकर जीवन के हर क्षेत्र की जानकारी रखते हुए सहयोग करना चाहिए।



समाज व जीवन की हर गतिविधियों, कार्यों और दायित्वों का इस तरह से कुशलतापूर्वक संचालन करें कि हम समर्पण बोध से सराबोर हो एक सभ्य व सुसंस्कृत नागरिक की पहचान बन सकें।

## सदर थाना पुलिस ने देदरोली गांव में फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** सदर थाना पुलिस ने देदरोली गांव में फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सिंघान मीणा निवासी भगवान सहाय मीणा उर्फ बुग्गा के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपी के पास से 315 बोर का एक देसी कट्टा और 2 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जयपुर, हिंडौन कोतवाली और सदर थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।घटना 15 मई की है। पुलिस को सूचना मिली कि देदरोली गांव में एक व्यक्ति फायरिंग कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो गया था।पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ कर आरोपी की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को कालाखान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।इस कार्रवाई में एएसआई बदन सिंह, कॉन्स्टेबल प्रधान और कॉन्स्टेबल अमोल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## ग्रामीण विकास, पंचायती राज राज्य मंत्री ने किया सिरोही में विभिन्न कार्यों का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** ग्रामीण विकास, पंचायती राज राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी ने कहा कि राज्य सरकार अपनी जवाबदेहिता सुनिश्चित करते हुए आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आए प्रत्येक फरियादी को उसकी समस्या के समाधान के लिए चल रही प्रक्रिया के बारे में नियमित रूप से अवगत करवाया जाए जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो तथा आमजन को राहत मिले।

ग्रामीण विकास, पंचायती राज राज्य मंत्री शुक्रवार को सिरोही जिले के रामपुरा एवं गोईली में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिरोही जिले के ग्राम पंचायत गोईली में बडा नाला निर्माण कार्य, राउमावि गोईली में टुकडी का कार्य, सीसी रोड निर्माण, स्कूल के पास इंटर ब्लॉक निर्माण कार्य, एसी/एसटी श्मशानघाट में टयूबवेल मय मोटर स्थापना कार्य का लोकार्पण किया। इसी प्रकार पंचायत रामपुरा में भी सी.सी.रोड मय नाली निर्माण कार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा में पिंक टॉयलेट नवीनीकरण निर्माण निर्माण कार्य, कब्रिस्तान की चार दिवारी निर्माण कार्य तथा शमशान घाट सी.सी. रोड निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया।

## जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन शाखा की बड़ी कार्रवाई - विभिन्न जोनों में अवैध निर्माण पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** कैलाश चन्द्र बिश्नोई, महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर ने बताया कि प्रवर्तन शाखा द्वारा आज दिनांक 17.05.2025 को विभिन्न जोनों में अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रवर्तन कार्यवाही संपादित की गई-

### जोन-7 चित्रकूट सेक्टर 2 में अवैध निर्माण पर सीलिंग

चित्रकूट सैक्टर नं. 2 स्थित भूखण्ड संख्या बी-408 एवं बी-441 को बिना एकीकरण के मिलाकर व्यवसायिक प्रयोजन हेतु अवैध निर्माण किया गया था। निर्माणकर्ता को पूर्व में जेडीए अधिनियम की धारा 32 व 33 के तहत नोटिस जारी कर निर्माण हटाने के लिए पाबंद किया गया था। अवैध निर्माण न हटाए जाने पर धारा 34(क) के तहत अंतिम नोटिस जारी कर इंजीनियरिंग शाखा की सहायता से आज भवन के प्रवेश द्वारों को ताला, सील व चपड़ी लगाकर पुख्ता रूप से सील किया गया।

### जोन-9- जगतपुरा में 4 मंज़िला अवैध बिल्डिंग सील

जगतपुरा में भूखण्ड संख्या 01 एवं 02 पर व्यवसायिक उपयोग हेतु निर्मित चार मंज़िला अवैध इमारत के विरुद्ध कार्रवाई की गई। निर्माणकर्ता को जेडीए अधिनियम की धारा 32, 33 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया था। अवैध निर्माण नहीं हटाए जाने पर धारा 34(क) के तहत कार्रवाई करते हुए आज भवन के प्रवेश द्वारों पर ईंटों की दीवार बनाकर, ताला, सील व चपड़ी लगाकर पुख्ता सीलिंग की गई।

### जोन क्कह्न(ह)- धावास रोड, जगदम्बा नगर में सीलिंग व ध्वस्तीकरण

धावास रोड, जगदम्बा नगर के भूखण्ड संख्या डी-756 पर व्यवसायिक प्रयोजन के लिए निर्मित तीन अवैध दुकानों को सील किया गया। साथ ही पार्किंग एरिया में अवैध रूप से निर्मित तीन दुकानों के लिए बनाई गई दीवारों और लगाये गए शटरों को जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया।

### प्रवर्तन कार्यवाही का संचालन

इन सभी कार्यवाहियों का संचालन मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन श्री आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में, उपनियंत्रक प्रवर्तन (तृतीय व चतुर्थ), प्रवर्तन अधिकारी जोन-7, 9 एवं PRN(N), राजस्व व तकनीकी स्टाफ तथा उपलब्ध जाप्ते की सहायता से किया गया।


## खोया पाया

हमारी संस्था श्री विश्वकर्मा मन्दिर प्रबंध समिति फुलेरा पंजीयन संख्या 258/1987-88 के मूल दस्तावेज तथा पंजीयन प्रमाण- पत्र, विधान नियमावली व अंतिम कार्यकारिणी की सूची गुम हो गई है। जिस किसी को मिले निम्न मोबाईल नम्बर पर सूचित करें।

*मो.9928681844*

## सम्पादकीय

# राष्ट्रीय एकता सबसे ऊपर

बीते करीब तीन सप्ताह में जो कुछ घटित हुआ है वह देश के समकालीन इतिहास में विशिष्ट स्थान पाएगा। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या कर दी गई। इस घटना ने पूरे देश को हिला दिया। हालांकि हमले के वास्तविक आरोपी नहीं पकड़े जा सके हैं लेकिन सुरक्षा बलों के पास यह पता लगाने के पर्याप्त प्रमाण थे कि इसका संबंध पाकिस्तान और पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी संगठनों से था। इस घटना ने पूरे देश को एकजुट कर दिया। विपक्षी दलों ने भी सरकार का समर्थन करते हुए कहा कि वह जो उचित समझे वह कदम उठाए। 6-7 मई की दरमियानी रात भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की और पाकिस्तान तथा पाक के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में 9 स्थानों पर आतंकी ठिकानों पर हमला किया। यह सैन्य कार्रवाई नपी-तुली, सटीक निशाने पर और बिना उकसावे वाली थी। बहरहाल पाकिस्तान ने हालात बिगाड़ने शुरू कर दिए और भारतीय सैन्य बलों को जवाब देना पड़ा। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में सैन्य परिसंपत्तियों को काफी नुकसान पहुंचाया। चूंकि भारतीय सैन्य बलों ने आरंभिक लक्ष्य हासिल कर लिया था इसलिए भारत ने पाकिस्तान की अपील पर कार्रवाई को स्थगित करने का निर्णय लिया। 22 अप्रैल के बाद से घटित सभी घटनाओं का खूब विश्लेषण किया जा रहा है और उन पर चर्चा भी हो रही है। यह मानना सही है कि सुरक्षा प्रतिष्ठान भी हर पहलू का आकलन कर रहा है ताकि अगर कोई कमी है तो उसे दूर किया जाए। इसके अलावा भविष्य को लेकर भी पूरी तैयारी रखनी है। ध्यान देने वाली बात यह है कि सशस्त्र बलों की कामयाबी के अलावा भारत ने जबरदस्त राष्ट्रीय एकता का भी प्रदर्शन किया है। यह याद करना उचित होगा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मृतकों को उनकी धार्मिक पहचान की पुष्टि करने के बाद मारा गया था। अब यह बात व्यापक तौर पर मानी जा रही है कि अन्य लक्ष्यों के अलावा हमले का इरादा देश में सांप्रदायिक तनाव भड़काना भी था। परंतु यह कारगर नहीं हुआ। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई को राष्ट्र के नाम संबोधन में भी कहा, 'पूरा देश, हर नागरिक, हर समुदाय, हर वर्ग एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई के लिए खड़ा रहा।' हालांकि, दुर्भाग्यवश कुछ लोग नहीं चाहते कि यह एकता बरकरार रहे। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश सरकार के एक मंत्री ने एक महिला सैन्य अधिकारी को लेकर एक अपमानजनक और सांप्रदायिक टिप्पणी की। इस अधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मीडिया को जानकारियां दी थीं। हालांकि अदालतों ने इस मामले का संज्ञान लिया है और कानूनी कदम उठाया जा चुका है लेकिन जरूरत है एक स्पष्ट राजनीतिक संदेश देने की। राज्य सरकार और राजनीतिक नेतृत्व को यह दिखा देना चाहिए कि ऐसी हरकतों की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है।

दुर्भाग्यवश मंत्री ने जो कुछ कहा है वह एक विभाजनकारी राजनीति और समाज का प्रतिबिम्ब है और यह अपनी तरह की कोई इकलौती घटना नहीं है। पहलगाम आतंकी हमलों में मारे गए नौसेना अधिकारी की पत्नी को उस समय ऑनलाइन ट्रोल किया गया जब उन्होंने कहा था कि मुस्लिमों या कश्मीरियों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री और उनके परिवार, खासकर उनकी बेटी को भी ऑनलाइन ट्रोल किया गया। ट्रोल करने वालों को मिस्री की बेटी के पेशेवर काम में सांप्रदायिक दृष्टिकोण मिल गया। देश की सार्वजनिक बहस में ऐसी बातें स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। देश ने बीते कुछ हफ्तों में जो एकजुटता दिखाई है उसे बचाने की जरूरत है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 18 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- जर्मनी में पहली नेशनल एसेंबली का उद्घाटन 1848 में हुआ।
- 1912 में आज ही के दिन पहली भारतीय फीचर लेंथ फिल्म श्री पुंडालिक रिलीज हुई।
- उत्तरी एटलांटिक संधि पर हस्ताक्षर करने के एक साल बाद 1950 में इसी दिन विश्व के 12 देशों ने अमरीका और यूरोप की रक्षा के लिए एक स्थाई संगठन पर
- सहमति दी थी।
- 1974 में आज ही के दिन राजस्थान के पोखरण में अपने पहले भूमिगत परमाणु बम परीक्षण के साथ भारत परमाणु शक्ति संपन्न देश बना था।
- 'स्माइलिंग बुद्धा' का नाम दिया गया था।
- नेपाल नरेश को 2006 को कर के दायरे में लाया गया।
- कजाकिस्तान के राष्ट्रपति नूर सुल्तान नजर वायेव का कार्यकाल 2007 को असीमित समय के लिए बढ़ा।
- पार्श्वगायक नितिन मुकेश को 2008 में मध्य प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण से सम्मानित किया।
- भारतीय मूल के लेखक इन्द्रा सिन्हा को 2008 में उनकी किताब एनिमल पीपुल हेतु कामनवेल्थ सम्मान प्रदान किया गया।
- श्रीलंका की सरकार ने 25 साल से तमिल विद्रोहियों के साथ हो रही जंग के खत्म होने का एलान किया। सेना ने देश के उत्तरी हिस्से पर 2009 में कब्जा किया।

### 18 मई को जन्मे व्यक्ति

- भारतीय रिज़र्व बैंक के दसवें गवर्नर एस. जगन्नाथन का जन्म 1914 में हुआ।
- नार्वे में जन्मे मनोचिकित्सक जर्डा बोयेसन का जन्म 1922 में हुआ।
- डेनमार्की संगीतकार काई वाइंडिंग का जन्म 1922 में हुआ।
- भारत के बारहवें प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा का जन्म 1933 में हुआ।

### 18 मई को हुए निधन

- भारत के सुप्रसिद्ध वनस्पति विज्ञानी पंचानन माहेश्वरी का निधन 1966 में हुआ।
- प्रसिद्ध धार्मिक गुरु जय गुरुदेव का निधन 2012 में हुआ।
- हिन्दी फ़िल्मों की शानदार अभिनेत्री रीमा लागू का निधन 2017 में हुआ।
- भारत सरकार में पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री अनिल माधब दवे का निधन 2017 में हुआ।

## विशेष आलेख

## अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस

# संग्रहालय- केवल वस्तुएं नहीं, जीवित अनुभव हैं

**अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय परिषद ने 1977 में इस दिवस की शुरुआत की, ताकि संग्रहालयों के महत्व को वैश्विक स्तर पर प्रचारित किया जा सके। प्रत्येक वर्ष एक नई थीम के साथ यह दिवस संग्रहालयों को समकालीन मुद्दों से जोड़ता है। 2025 की थीम विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि आज का समाज डिजिटल क्रांति, वैश्वीकरण, और सामाजिक परिवर्तनों की गति से तेजी से बदल रहा है। समुदायों की प्राथमिकताएं, उनकी अपेक्षाएं, और उनकी पहचान बदल रही है। ऐसे में संग्रहालयों को अपनी पारंपरिक भूमिका से आगे बढ़कर बदलते समुदायों की जरूरतों को समझना होगा। यह थीम संग्रहालयों को नवाचार, समावेशिता, और सामुदायिक सहभागिता की दिशा में कदम उठाने का आह्वान करती है, ताकि वे भविष्य के समाज में अपनी केंद्रीय भूमिका बनाए रखें।**



प्रो. आरके जैन

संग्रहालय मानव सभ्यता की अमूल्य धरोहरों के संरक्षक हैं, जो इतिहास, संस्कृति, कला और विज्ञान की कहानियों को जीवंत रखते हैं। एक प्राचीन मूर्ति, हस्तलिखित पांडुलिपि, पारंपरिक वस्त्र, या वैज्ञानिक आविष्कार का मॉडल—ये सभी संग्रहालयों में न केवल संरक्षित होते हैं, बल्कि उनकी कहानियां हमें अतीत से जोड़ती हैं और भविष्य के लिए प्रेरणा देती हैं। हर वर्ष 18 मई को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस संग्रहालयों की सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक भूमिका को रेखांकित करता है। वर्ष 2025 की थीम, तेजी से बदलते समुदायों में संग्रहालयों का भविष्य, संग्रहालयों को आधुनिक समाज की गतिशीलता के साथ तालमेल बिठाने और नवाचार अपनाने की प्रेरणा देती है। यह थीम संग्रहालयों को केवल अतीत के कथाकार से आगे बढ़कर सामाजिक संवाद और परिवर्तन के मंच के रूप में स्थापित करती है। संग्रहालयों की शैक्षणिक भूमिका अनुपम है। वे विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, और आम लोगों के लिए ज्ञान के जीवंत स्रोत हैं। एक प्राचीन सिक्का मौर्य काल की व्यापार व्यवस्था की कहानी कहता है, तो एक जीवाश्म पृथ्वी के प्रागैतिहासिक युग की गाथा सुनाता है। संग्रहालय बच्चों और युवाओं में जिज्ञासा जगाते हैं, उन्हें इतिहास, विज्ञान, और कला से जोड़ते हैं। 2025 की थीम इस शैक्षणिक भूमिका को और विस्तार देने की मांग करती है। आज की युवा पीढ़ी डिजिटल और इंटरैक्टिव अनुभवों की अपेक्षा करती है। संग्रहालयों को पारंपरिक प्रदर्शनियों से आगे बढ़कर वर्चुअल टूर, संवर्धित वास्तविकता (ृक्र), और इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों जैसे नवाचारों को अपनाना होगा। उदाहरण के लिए, एक डिजिटल प्रदर्शनी में आगंतुक किसी प्राचीन मंदिर की त्रि-आयामी सैर कर सकते हैं या स्वतंत्रता संग्राम के दस्तावेजों को इंटरैक्टिव तरीके से देख सकते हैं। ये तकनीकें संग्रहालयों को अधिक आकर्षक और सुलभ बनाती हैं।भारत में संग्रहालयों की परंपरा समृद्ध और विविध है। नई दिल्ली का राष्ट्रीय संग्रहालय, कोलकाता का इंडियन म्यूजियम, और मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय देश की सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। राष्ट्रीय संग्रहालय में हड़प्पा सभ्यता के अवशेष और बौद्ध कला की उत्कृष्ट कृतियां भारत के प्राचीन गौरव को जीवंत करती हैं। इसी तरह, क्षेत्रीय संग्रहालय, जैसे जयपुर का अल्बर्ट हॉल म्यूजियम या भोपाल का मध्य प्रदेश जनजातीय संग्रहालय, स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करते हैं। ये संग्रहालय न केवल भारत की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करते हैं, बल्कि 2025 की थीम के अनुरूप बदलते समुदायों के साथ तालमेल बिठाने की दिशा में भी कदम उठा रहे हैं। कई भारतीय संग्रहालय अब वर्चुअल टूर और ऑनलाइन प्रदर्शनियों की सुविधा प्रदान करते हैं, जिससे वैश्विक दर्शक भारत की धरोहर से जुड़ सकते हैं। फिर भी, भारतीय संग्रहालयों को युवाओं, ग्रामीण समुदायों, और वंचित वर्गों को और अधिक शामिल करने के लिए नए तरीके खोजने होंगे। डिजिटल युग ने संग्रहालयों की पहुंच को अभूतपूर्व रूप से विस्तारित किया है। ऑनलाइन मंचों ने विश्व भर के संग्रहालयों के संग्रह को डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया है, जिससे कोई भी व्यक्ति अपने घर से भारत के राष्ट्रीय संग्रहालय या फ्रांस के लौवर की सैर कर सकता है। भारत में भी कई संग्रहालय डिजिटल अभिलेखागार और वर्चुअल प्रदर्शनियों के माध्यम से अपनी धरोहर को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचा रहे हैं। 2025 की थीम इस डिजिटल परिवर्तन को और गति देने की आवश्यकता को रेखांकित करती है। तेजी से बदलते समुदायों में, जहां लोग त्वरित और इंटरैक्टिव अनुभव चाहते हैं, संग्रहालयों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आभासी वास्तविकता, और डेटा विश्लेषण जैसे उपकरणों का उपयोग करना होगा। ये तकनीकें न केवल प्रदर्शनियों को आकर्षक बनाएंगी, बल्कि संग्रहालयों को विभिन्न समुदायों की जरूरतों के अनुरूप ढालने में भी मदद करेंगी।संग्रहालय आज सामुदायिक सहभागिता के जीवंत केंद्र बन रहे हैं। वे स्थानीय कलाकारों, इतिहासकारों, स्कूलों, और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं, और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं। 2025 की थीम इस सहभागिता को और गहरा करने का आह्वान करती है। संग्रहालयों को सामाजिक मुद्दों, जैसे जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता, और सांस्कृतिक विविधता, पर केंद्रित प्रदर्शनियों के माध्यम से संवाद को बढ़ावा देना होगा।

# दहेज का विरोध, पर मालदार की चाहत क्यों?

**दहेज़ लेने वालो के मुंह पे थूकने से फुर्सत मिल गई हो तो थोड़ा एकलौता मालदार लड़का ढूंढने वालो के मुंह पे भी थूक दो। यह दोहरी सोच ही हमारे समाज का असली चेहरा है, जहां दहेज का विरोध सिर्फ भाषणों तक सीमित है, पर बेटियों की शादी में बड़ा बैंक बैलेंस और सरकारी नौकरी ही मापदंड बन जाते हैं। अगर बदलाव सच में चाहिए, तो यह दोहरापन भी मिटाना होगा। शादी रिश्तों का बंधन है, सौदेबाजी का खेल नहीं। सिर्फ दिखावा छोड़ो, सोच बदलो। सिर्फ नारे नहीं, असल बदलाव चाहिए।**



डॉ सत्यवान सौरभ

भारत में दहेज प्रथा एक ऐसा सामाजिक अभिशाप है जो आज भी गहरे तक जड़ें जमाए हुए है। दहेज लेना न सिर्फ एक अपराध है, बल्कि यह उस महिला के सम्मान का अपमान है जिसे एक बेटी, पत्नी और बहू के रूप में समाज में उच्च स्थान दिया जाता है। परंतु, यह प्रथा केवल पुरुषों के लालच तक सीमित नहीं है, बल्कि कई बार इसे बढ़ावा देने में खुद परिवार और समाज की सोच भी शामिल होती है। दहेज के विरोध में बोलना एक बात है और अपने घर की बेटियों के लिए एकलौता मालदार दूल्हा ढूंढना दूसरी। यह विरोधाभास हमारी मानसिकता की गहरी खाई को उजागर करता है। हम एक ओर दहेज का विरोध करते हैं, पोस्ट लिखते हैं, नारे लगाते हैं, और दूसरी ओर जब अपनी बेटियों की शादी की बात आती है, तो संपन्न परिवार और मोटी तनख्वाह वाले लड़के की खोज में जुट जाते हैं। यह दोहरी सोच एक ऐसी सामाजिक बीमारी है जो हमें अपने मूल्यों से दूर कर रही है। यह मानसिकता केवल दहेज तक सीमित नहीं है। यह हमारी सोच का एक व्यापक हिस्सा है जो समाज के हर पहलू में दिखाई देता है। उदाहरण के लिए, जब हम किसी लड़की के लिए लड़का देखते हैं, तो हम उसकी शिक्षा, विचारधारा, और चरित्र से अधिक उसकी आर्थिक स्थिति को महत्व देते हैं। यह सोच न केवल लड़कियों को वस्तु की तरह पेश करती है, बल्कि लड़कों पर भी आर्थिक दबाव डालती है कि वे एक आदर्श वर बनने के लिए अपने कैरियर और कमाई पर अधिक ध्यान दें। इस सोच का सबसे बड़ा उदाहरण तब देखने को मिलता है जब शादी के विज्ञापनों में अच्छे परिवार, सरकारी नौकरी, और खूब कमाने वाले लड़के की मांग की जाती है। यह केवल एक आर्थिक सुरक्षा की मांग नहीं है, बल्कि एक गहरी मानसिकता का परिचायक है, जो यह मानती है कि लड़की को खुश रखने के लिए धन ही सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। यह न केवल विवाह को एक व्यापार बना देता है, बल्कि एक सच्चे रिश्ते की नींव को भी कमजोर करता है।ऐसी स्थिति में सवाल यह उठता है कि क्या हम सच में इतने असुरक्षित हैं कि हमें अपनी बेटियों की खुशियों के लिए एक मात्र आर्थिक स्थिरता की जरूरत है? क्या हमें यह समझने में अब भी देरी है कि एक अच्छे इंसान का मोल उसके चरित्र, विचार और व्यवहार से आंका जाना चाहिए, न कि उसकी जेब की गहराई से? इस मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी है। यह तब ही संभव है जब हम अपने बेटों को यह सिखाएं कि उनकी कीमत उनके चरित्र से है, न कि उनके वेतन से। हमें अपनी बेटियों को यह सिखाना होगा कि उनका मूल्य उनकी खुद की पहचान से है, न कि किसी के नाम के साथ जुड़ने से। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। हमें अपने समाज में इस दोहरे मापदंड को समाप्त करना होगा और ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना होगा जो सच्चे अर्थों में समानता और सम्मान का अर्थ समझे।हमारे समाज में दहेज की परंपरा का इतना गहरा प्रभाव है कि लोग इसे सम्मान का प्रतीक मानते हैं। कई बार तो इसे शान और प्रतिष्ठा की बात समझा जाता है, और जो इसे नहीं मानता, उसे समाज में कमतर माना जाता है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। राजस्थान पुलिस सेवा से प्रमोट हुए आईपीएस शिवराज मीना। 27 जून सन 1965 को टोंक जिले में जन्में शिवराज शुरू से ही होनहार रहे। एम.कॉम (बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) करने के बाद राजस्थान पुलिस सेवा में आए और अनकों स्थानों पर डिप्टी एसपी और प्रमोट होकर एडिशनल एसपी रहे। बहुत ही बेहतरीन शख्सियत के धनी रहे हैं। आज भी वैल पुलिसिंग के माध्यम से पीड़ित और परिवादी की समस्याओं का निराकरण करने में विश्वास रखते हैं। आज रिश्वत लेने वालो पर लगातार कार्रवाही करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कोटा पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व पुलिस उप महानिरीक्षक, मानवाधिकार पुलिस मुख्यालय, राजस्थान जयपुर रहे। पुलिस अधीक्षकए सीआईडी मानवाधिकार जयपुर। पुलिस अधीक्षक, धौलपुर। कमांडेंटए 12वीं बटालियन, आरएसी नई दिल्ली। पुलिस अधीक्षक, बूंदी। कमांडेंट, 7वीं बटालियन आरएसी भरतपुर। पुलिस अधीक्षक, बाड़मेर। पुलिस अधीक्षक, सीआईडी सीबी जयपुर। पुलिस अधीक्षक, झालावाड़। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़। प्रिंसिपल, पीटीएस किशनगढ़ रहे। अलवर पदस्थाप्रा के दौरान एडिशनल एसपी मुख्यालय में इनकी बेहतरीन कार्रशैली देखने को मिली। पुलिस टीम के प्रति जिम्मेदार और अनुशासित प्रिय अधिकारी के रूप में शिवराज सिंह को जाना जाता है। अगला माह इनका सेवानिवृत समय है। डीजीपी मार्किंग में आईपीएस शिवराज मीणा ने राजस्थान में की 8 वीं रैंक हासिल' की थीराजस्थान के 8 आईपीएस फर्स्ट डिवीजन' राजस्थान डीजीपी की मार्किंग में तत्कालीन आईपीएस प्रतापगढ़ एसपी शिवराज मीणा ने राजस्थान के '40 एसपी में से 13 एसपी फेल हो गये ओर 32 नही ला पाये 60 फीसदी नंबर' शिवराज मीणा ने आठवीं रैंक प्राप्त कर फर्स्ट रैंक बनाई। पुलिस स्थाप्रा दिवस पर हाल ही में आईपीएस शिवराज सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा गया था। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के हाथों से इन्हे सम्मान मिला। टीम बढ़ता राजस्थान टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा



श्री शिव राज मीना- आईपीएस (डीआईजी एसीड़ी कोटा)

## 2025_016

बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 7 | 8 | | 5 | 4 | | |
| | | | 6 | 3 | | 5 | 2 | 8 |
| 6 | 5 | | | 2 | 1 | | 7 | |
| 7 | 1 | 3 | | | 8 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 8 | | 7 | | | | 9 | |
| | | | 1 | 5 | 2 | | | |
| | | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | | |
| | | | 5 | | 6 | 3 | | 2 |
| 8 | | 6 | | 1 | 9 | | | |

Ans_2025_015

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 6 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 4 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 6 | 8 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 5 | 4 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

### वृष

स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

### मिथुन

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

### कर्क

व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

### सिंह

किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

### कन्या

सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

### तुला

आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

### वृश्चिक

आज वाणी पर संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

### धनु

दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

### मकर

मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी। आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे।

### कुंभ

आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

### मीन

अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# प्रदेश के सबसे लंबे ब्रिज का निर्माण, चंबल नदी पर बन रहे हाई लेवल पुल का 42 फीसदी काम पूरा

## झरेल के बालाजी के नजदीक चल रहा है, डेढ़ साल से जारी है निर्माण कार्य

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** प्रदेश में सबसे लंबे ब्रिज का निर्माण चंबल नदी पर झरेल के बालाजी के नजदीक चल रहा है। डेढ़ साल से चल रहे इस निर्माण कार्य में उच्च स्तरीय पुल का 42 फीसदी स्ट्रक्चर खड़ा हो गया है। यह सवाई माधोपुर और कोटा जिले के सीमा पर चल रहा है। कोटा जिले के कैथूदा गांव से सवाईमाधोपुर के धर्मपुरिया के बीच निर्माण हो रहा है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग इसका निर्माण करवा रहा है, जिसमें प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट गर्डर ब्रिज बन रहा है, जिसके लिए राज्य सरकार ने 165.86 करोड़ रुपए स्वीकृत किए थे। ब्रिज का निर्माण करीब 111.50 करोड़ की लागत से हो रहा है। इस ब्रिज की लंबाई 1880 मीटर है! ऐसे में यह भी प्रदेश का सबसे लंबा ब्रिज बनेगा, क्योंकि वर्तमान में 1562 मीटर लंबा ब्रिज चंबल नदी पर ही गैंता माखिदा के बीच सबसे लंबा है। ऐसे में इसके निर्माण के बाद यह सबसे लंबा हो जाएगा। इसी के बराबर लंबाई का ब्रिज गोठड़ा कला में चंबल नदी पर ही बनना प्रस्तावित है।

**43 पाइल व 28 पियर का काम पूरा :** ब्रिज के निर्माण में 48 पिलर खड़े किए जाने हैं, जिनमें दोनों छोर पर बनने वाले दो एबेटमेंट भी शामिल हैं। यानी कि 46 पिलर व दो एबेटमेंट बनने है। फिलहाल, 46 पिलर का काम शुरू किया गया है। पिलर के लिए खुदाई कर मिट्टी के नीचे बनने वाले हिस्से को पाइल फाउंडेशन कहा जाता है, जबकि जमीन के ऊपर बनने वाले हिस्से को पियर बोला जाता है। ऐसे में 46 में से 43 पाइल का फाउंडेशन का कार्य पूरा हो गया है। जबकि नदी के एरिया में बचे शेष तीन का कार्य जारी है। दूसरी तरफ 46 में से 28 पियर कंप्लीट हो गए हैं। शेष 18 का काम जारी है।

**चंबल नदी में उफान के चलते बंद हो जाता है रास्ता :** वर्तमान में बारिश का समय चंबल नदी उफान पर होने के चलते कोटा जिले का सीधा सवाई माधोपुर से संपर्क कट जाता है। कोटा जिले की पीपल्दा विधानसभा या बारां जिले के लोग सवाई माधोपुर जाने के लिए मध्य प्रदेश या फिर बूंदी जिले के जरिए जाते हैं. यह रास्ता बारिश में दो से ढाई महीने तक भी बंद रह जाता है. ऐसे में लोग आपस में रिश्तेदारियों में भी नहीं जा पाते हैं या फिर उन्हें 20 से 30 किलोमीटर की जगह 100 किलोमीटर से भी ज्यादा का रास्ता तय करके जाना होता है। दूसरी तरफ यहां पर रपट वाले ब्रिज का निर्माण हो रखा है, जिसके चलते पुल की मेंटेनेंस पर भी सार्वजनिक निर्माण विभाग को बारिश के बाद लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं. साल 2026 में जब ब्रिज का निर्माण हो जाएगा, तब सवाई माधोपुर, कोटा जिले की पीपल्दा और बारां जिले की लाखों की आबादी इससे लाभान्वित होने वाली है।

### पूरा लक्ष्य समय से ब्रिज का निर्माण कराना

ब्रिज का निर्माण दिसंबर 2023 में शुरू हो गया था। संवेदक फर्म काफी तेज गति से निर्माण कार्य को कर रही है। विभाग के अभियंता पूरी मॉनिटरिंग निर्माण की रख रहे हैं। लगातार निर्माण की टाइमलाइन का एनालिसिस अभियंता कर रहे हैं। हमारा पूरा लक्ष्य समय से ब्रिज का निर्माण पूरा करवाना है।

**जेपी गुप्ता, अधीक्षण अभियंता, पीडब्ल्यूडी, कोटा।**

### अभी 7 महीने से ज्यादा समय शेष

हमारा लक्ष्य दिसंबर 2025 में ही काम पूरा करने का है। अभी 7 महीने से ज्यादा समय शेष है, जिसमें काफी कुछ काम हो जाएगा. बारिश के समय में चंबल नदी उफान पर आ जाती है. ऐसे में साल 2024 में काम कुछ महीने रिवर एरिया में बंद भी रहा था. इस बार भी बारिश के समय में दिक्कत आ सकती है. बारिश से कुछ देरी होगी तो 2026 की शुरुआत में ही निर्माण पूरा हो जाएगा।

**नरेश कुमार चौधरी, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी, इटावा**

# सात व्यवसायिक भूखण्डो के विक्रय से पालिका को हुई 5 करोड़ से अधिक की आय

## मौके पर अभी 60 भूखण्ड मौजुद, एसडीएम चौधरी ने इसे मात्र ट्रेलर ही बता कर पूरी फिल्म अभी सामने आना बाकी बताया

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा द्वारा व्यास सर्किल से आगे वन विभाग की नर्सरी के सामने मुख्य जयपुर रोड पर ई निलामी के माध्यम से विक्रय किए सात भूखण्डो के बेचान से पालिका को पांच करोड़ रूपये से अधिक आय होने का अनुमान है। नगरपालिका मालपुरा के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि पालिका के ईओ का कार्य देख रहे उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में नर्सरी के आगे व जयपुर रोड के मध्य लगभग दो बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवा कर इस भूमि पर व्यवसायिक भूखण्डो का नक्शा तैयार करवाया। जिसमें मौके पर 60 से अधिक भूखण्ड सामने आए। जाट ने बताया कि मौके पर 20 गुणा 40 फुट के व्यवसायिक भूखण्ड बनाए गए। इनमें से पालिका ने केवल सात भूखण्डो को ई निलामी के माध्यम से विक्रय किया। इस विक्रय के लिए बीति शुक्रवार शनिवार की मध्य रात्रि तक ई बोली लगाई गई। इस बोली में लोगो ने उत्साह से भाग लिया। ई निलामी के माध्यम से लोगो ने एक भूखण्ड की अधिकतम बोली 80 हजार से लेकर 84 हजार रूपये प्रति वर्ग गज तक लगाई। इस तरह पालिका को मौके के केवल सात भूखण्डो के विक्रय से 5 करोड़ 7 लाख 50 हजार रूपये की आय प्राप्त हुई है। मौके पर अभी भी 60 के लगभू भूखण्डो का विक्रय किया जाना शेष है। इसके अलावा जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चोधरी के निर्देशानुसार एसडीएम अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं में अभी वर्तमान पशु चिकित्सालय को अन्यत्र स्थानान्तरित करने, आबकारी विभाग को अन्यत्र स्थान उपलब्ध करवाने के बाद इन दोनो स्थानो पर भी इसी तरह व्यवसायिक भूखण्ड बनाए जा सकते हैं। इसके अलावा मालपुरा क्षैत्र वासियो को प्रशासन की ओर से नए रोडवेज बस स्टेण्ड की सौगात देने की कार्रवाई शुरू हो चुकी है। बस स्टेण्ड के निर्माण के साथ साथ नए बस स्टेण्ड पर भी व्यवसायिक भूखण्ड बना कर विक्रय किए जा सकते हैं। इसके अलावा भी अन्य कई मुख्य मुख्य स्थानो पर भी इसी तरह व्यवसायिक भूखण्डो का विक्रय किया जा सकता है।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** इस बारे में उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि क्षैत्र की जनता में विकास पुरूष के नाम से छवि बना चुके प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के विकास की योजनाओं व उनकी मंशा को पूरा करने की नैतिक जिम्मेदारी पूरे प्रशासन की है। जिसे प्रशासन पूरा करने के प्रयासो में जुटा हुआ।

# सरकारी गेंहू के गबन का मामला राशन डीलर के खिलाफ एफआईआर

## लाइसेंस पूर्व में ही किया गया था निरस्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले गेंहू के गबन के एक गंभीर मामले में मलारना डूंगर क्षेत्र के राशन डीलर चतुर्भुज मंगल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह कार्रवाई जिला रसद अधिकारी के निर्देशानुसार प्रवर्तन निरीक्षक कीर्तेश मीना द्वारा मलारना डूंगर पुलिस थाने में कराई गई है। प्राथमिक जांच में राशन डीलर द्वारा लगभग 146 क्विंटल सरकारी गेंहू के गबन की पुष्टि हुई है, जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित राशन डीलर को पहले ही निलंबित कर उसका लाइसेंस निरस्त किया जा चुका है। रसद विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जा रही है ताकि आमजन को उनके अधिकारों के अनुसार शुद्ध एवं समय पर राशन प्राप्त हो सके।

# 12 बीघा भूमि पर बनने वाले बस स्टेण्ड के लिए समतलीकरण का कार्य हुआ शुरू



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा शहर में व्यास सर्किल से जयपुर रोड पर जलदाय विभाग , सार्वजनिक निर्माण विभाग व विद्युत विभाग के शेष बची 12 बीघा भूमि पर नए बस स्टेण्ड का निर्माण करवाए जाने के लिए समतलीकरण का कार्य शुरू हो गया है।

प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने क्षैत्र की जनता को नए बस स्टेण्ड की सौगात देने की धोषणा कर अधिकारियो को धोषणा पूरी करने के लिए आवश्यक कदम व कार्रवाई शुरू करने के निर्देश प्रदान किए। इस पर उपखण्ड अधिकारी ने पहले सम्बन्धित विभागीय अधिकारियो की बैठक लेकर अपने अपने विभाग के अधीन के अतिरिक्त भूमि को छोड़ने के निर्देश प्रदान किए। मौके की स्थिति सामने आनू के बाद पालिका के ईओ की हैसियत व प्रशासन के मुखिया की हैसियत से उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने सबसे पहले सड़क किनारे दस साल पहले बनी कियोस्को को हटवाया। साथ ही जलदाय विभाग के पास से अतिरिक्त भूमि पर सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग व विद्युत विभाग के अधीन की अतिरिक्त भूमि को समतल किए जाने का कार्य प्रारम्भ किया गया। इस दौरान केवल कियोस्को को ही नहीं हटाया गया। अपितु जलदाय विभाग द्वारा हथियाई गई अतिरिक्त भूमि पर बने स्थाई निर्माण को भी हटाया गया। अतिक्रमण हटने व समतल होने के बाद मौके पर लगभग 12 बीघा खाली जमीन सामने आई। जाट ने बताया कि निकट समय में ही उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में सुविधा युक्त बस स्टेण्ड व बस स्टेण्ड पर उपलब्ध करवाए जाने वाली सभी प्रकार की सुविधाओं को जुटाने की कार्रवाई की जाएगी। नए बस स्टेण्ड पर आम जन को सभी प्रकार की सुविधाऐं उपलब्ध होगी। वहीं रोडवेज प्रशासन को भी उनकी आवश्यकतानुसार सुविधाऐं देने का प्रयास किया जाएगा।

# भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा रैली को लेकर निवाई में विशेष बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** भारतीय सेना के सम्मान में 20 मई को टोंक में आयोजित होने वाली भव्य तिरंगा रैली एवं 20 मई के बाद निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित रैली की तैयारियों को लेकर शनिवार को निवाई डाक बंगले पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना था। बैठक में निवाई-पीपलू विधायक श्री रामसहाय वर्मा, यात्रा समन्वयक रमाकांत शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, अंकुर गुप्ता, ममता जाट, बद्री शर्मा, केदार चौधरी, योगेंद्र सिंह नाथावत, विजय मनोहरिया, करण राजावत, नितिन जैन, हनुमान चौधरी, पुरुषोत्तम शर्मा, हनुमान गुर्जर, चिरंजी लाल, रामबिलास बलाई, शिवराज गुर्जर, राकेश शर्मा, रामगोपाल सेवलिया, जितेंद्र धारवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे और आमजन को भी इसमें भागीदारी हेतु प्रेरित किया जाएगा। विधायक श्री रामसहाय वर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे रैली में अनुशासित, उत्साही एवं राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत होकर शामिल हों। यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रयास है, जिसमें सभी समाजों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

# आंकोदिया ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से सरसों की तूड़ी नीलामी

## विद्यालय को मिलेगा 12.50 लाख का विकास अनुदान, ग्रामवासियों की सहभागिता सरकार और समाज की साझी पहल बनी शिक्षा सुधार का आधार

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। जिले में शिक्षा की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की प्रेरणा से संचालित 'भविष्य की उड़ान' योजना से प्रेरित होकर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, आंकोदिया ब्लॉक खंडार के ग्रामवासियों द्वारा सरसों की तूड़ी की सामूहिक नीलामी से प्राप्त 5 लाख रुपये राशि का चेक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयराम मीणा एवं ग्रामवासियों द्वारा जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में सौंपा गया।

**नवाचार से शिक्षा को मिली नई दिशा :** एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि 'भविष्य की उड़ान' योजना के तहत शिक्षा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इस योजना और मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के समन्वय से विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने इसे जनभागीदारी से संचालित शिक्षा सुधार की प्रभावशाली पहल बताया। ग्रामवासियों की यह पहल जिले में जनभागीदारी से शिक्षा सुधार का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# रणथंभौर की 'आदमखोर' बाघिन कनकटी को हुई 'जेल'

## अब कुछ साल इसी क़ैद में गुज़ारने होंगे, एक बालक व रेंजर को बनाया था अपना शिकार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सवाईमाधोपुर स्थित रणथंभौर टाईगर रिजर्व में एक माह से भी कम समय में सात साल के बच्चे कार्तिक सुमन और रेंजर देवेन्द्र चौधरी को मौत के घाट उतारने वाली बाघिन कनकटी उर्फ अन्वी को आखिरकार कैद कर लिया गया है। वन विभाग की टीम ने गत दिवस बाघिन को ट्रैंकुलाइज़ कर भिड़ नाका में बने एन्क्लोजर में छोड़ दिया। अब संभवत- अपनी ज़िन्दगी के कुछ साल इस बाघिन को एन्क्लोजर में ही गुजारने पड़ेंगे, और एनटीसीए के निर्णय के बाद बाघिन का भविष्य तय होगा कि उसे कैद में ही रहना पड़ेगा या स्वच्छंद जिंदगी मिल सकेगी।

### कुतलपुरा गांव में घुस गई थी बाघिन

गौरतलब है कि रणथंभौर नेशनल पार्क से निकलकर शुक्रवार को बाघिन कुतलपुरा गांव के एक खेत में आ गई थी, जिससे ग्रामीणों का कलेजा मुंह को आ गया। ग्रामीणों ने घरों की छतों पर चढ़कर बाघिन से अपनी जान बचाई। कुतलपुरा गांव में बाघिन के आने की सूचना के बाद हुई ग्रामीणों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कुंडेरा तथा कोतवाली थाना पुलिस को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वन विभाग की टीम ने खेत में घुसकर जैसे ही बाघ को ट्रैंकुलाइज करने का प्रयास किया, वैसे ही बाघिन ने खेत से एक बार फिर छलांग लगाई और पास ही में बने एक होटल में घुस गई।

# मॉडल स्कूल में होगा हॉबी क्लासेज का संचालन




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** सदरपुरा रोड स्थित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में गर्मी की छुट्टियो के दौरान हॉबी क्लासेज का संचालन किया जाएगा। शिक्षक अरविन्द त्रिनाठी ने बताया कि स्कूल प्रधानाचार्य हंसराज जाट के निर्देशन में हॉबी क्लासेज विद्यालय परिसर में प्रातः 7.30 से 11.30 तक होगी। इसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों को दक्ष प्रशिक्षको द्वारा म्यूजिक, क्राफ्ट, क्मप्यूटर, योगा आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रधानाचार्य जाट ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 11 में प्रवेश के लिए रिक्त सीटो पर पात्र आवेदको से 23 जून आवेदन लिए जाएगें। विद्यालय समय प्रातः 7.30 से 11.30 बजें तक आवेदक विज्ञान संकाय, जीव विज्ञान व गणित हेतु निशुल्क आवेदन प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजो के साथ विद्यालय में जमा करवा सकेगें।

# बाल विवाह निषेध अभियान के तहत निवाई में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक के सचिव दिनेश कुमार जालूथरिया जी के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति, निवाई द्वारा बाल विवाह निषेध अभियान के अंतर्गत अटल सेवा केंद्र, निवाई में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को रोकना तथा इससे होने वाले दुष्परिणामों के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर पैनल लॉ इन्फोर्समेंट वॉलंटियर (पीएलवी) विष्णु शर्मा ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 एवं 2007 की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर संबंधित अधिकारियों जैसे उपखण्ड मजिस्ट्रेट, तहसीलदार या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को तुरंत सूचित करें, ताकि समय पर विधिक कार्यवाही की जा सके। शिविर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की लीगल एड हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी साझा की गई, जिससे जरूरतमंद लोग मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त श्री शर्मा द्वारा भरण-पोषण, वसीयत, सामाजिक कल्याण योजनाएं, जनोपयोगी सेवाएं, बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं, मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं, निःशुल्क विधिक सहायता एवं मध्यस्थता जैसे विषयों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में कुल 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया और इस महत्वपूर्ण जानकारी का लाभ उठाया। कार्यक्रम में विधिक सेवा समिति के अन्य सदस्यों की भी सक्रिय भागीदारी रही।

# केंद्रीय मंत्री शेखावत दम्पति ने की त्रिनेत्र गणेशजी की पूजा अर्चना, रणथंभौर में देखी बाघों की अठखेलियां

## रणथंभौर दुर्ग की क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाकर भिजवाएं : गजेन्द्र सिंह शेखावत

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शनिवार को सवाईमाधोपुर दौरे पर रहे। उन्होंने रणथंभौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में सपत्नीक पूजा अर्चना की। बाद में रणथंभौर टाइगर रिजर्व का भ्रमण कर बाघों की अठखेलियों का आनंद लिया।

उन्होंने टाइगर रिजर्व के मुख्य वन संरक्षक अनूप के आर, कलेक्टर शुभम चौधरी और पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता से रणथंभौर दुर्ग तथा त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग में हो रहे टाइगर मूवमेंट की घटनाओं को लेकर जानकारी ली और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुरातत्व विभाग के अधिकारी को भी मौके पर ही बुला लिया. रणथंभौर दुर्ग में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

**क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत के निर्देश :** केंद्रीय मंत्री ने दुर्ग की टूटी फूटी दीवारें देखकर कहा कि इनकी वजह से ही बाघ दुर्ग में आ रहे हैं। इनकी मरम्मत का प्रस्ताव बनवाकर भिजवाएं. विभाग की ओर से स्पेशल राशि स्वीकृत कराकर जल्द ही इन्हें दुरुस्त करवाया जा सकेगा।

**बाघों की गतिविधियां देख खुश हुए :** त्रिनेत्र गणेशजी की पूजा करने के बाद मंत्री शेखावत ने रणथंभौर नेशनल पार्क का भ्रमण किया. उन्होंने स्वच्छंद रूप से विचरण करते हुए बाघों को देखा और उनकी गतिविधियां देखकर खुश हुए।

उन्होंने टाइगर की तस्वीरें अपने कैमरे में कैद की। इस दौरान उनके परिवार के लोग भी मौजूद रहे।

रणथंभौर नेशनल पार्क की व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य वन संरक्षक तथा उपवन संरक्षक से बातचीत की। साथ ही निर्देश दिए कि आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएं, ताकि वन्य जीवों को किसी तरह की कोई परेशानी हो और ना ही आमजन को नुकसान पहुंचे।

# शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने को निवाई बजरंग दल के कार्यकर्ता अलवर रवाना

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** अलवर में शुरू हो रहे शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने के लिए बजरंग दल निवाई के कार्यकर्ता रवाना हुए। बजरंग दल निवाई प्रखंड के प्रखंड संयोजक राकेश खारोल ने बताया कि अलवर में शनिवार से बजरंग दल युवा शौर्य प्रशिक्षण वर्ग शुरू होगा। प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने के लिए निवाई से भी कार्यकर्ता रवाना हुए हैं।

सात दिन तक चलने वाले प्रशिक्षण वर्ग में प्रांत के कार्यकर्ताओं को शारीरिक व मानसिक व्यायाम के साथ राष्ट्र भक्ति का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बजरंग दल शौर्य प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग में कठिन दिनचर्या में बड़ी मेहनत व लगन से योगासन, व्यायाम, दंड, आदि का कड़ा अभ्यास होगा।

राकेश खारोल ने शिविर मे भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं से कहा कि सप्ताह भर मे यहां जो प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे उसको अपने जीवन मे उतारना होगा। यह प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। जब भी देश को जरूरत पड़ी राष्ट्रवादी संगठनों ने कंधे से कंधा मिला कर कार्य किया है।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 128 महिलाओं की जाँच

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. ) ।** मां माधुरी बृज वारिस सेवा सदन ए आर जे अपना घर आश्रम चिकानी में युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज टीम द्वारा निशुल्क परामर्श एवं दवा वितरण शिविर डॉ अशोक पाठक के निर्देशन में संपन्न हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक आहूजा के अनुसार 40 में से 30 अस्वस्थ प्रभुजी की विशेष रुप से जांचकर व परामर्श उपरांत दवा वितरित की गई। होम्योपैथिक चिकित्सक पवन चौधरी के साथ डॉक्टर नवरत्न,अर्चना, श्रुति एवं अरनव ने परामर्श प्रदान किया। डॉ पाठक ने आमजन के साथ आश्रम में रह रहे प्रभु जी को सेवाएं प्रदान करने के अवसर के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की और टीम द्वारा आश्रम की नित्य प्रति की गतिविधियों को भी समझा गया। इस अवसर पर पदाधिकारी डॉ गजेंद्र सिंह, शिवकुमार दुआ, दिनेश कुमार यादव एवं प्रभारी जगदीश सैनी सहित सेवा साथी तथा समाज सेवी एस आर अरोड़ा एवं एच एन मुखीजा भी उपस्थित रहे। सचिव शिवकुमार दुआ ने मेडिकल कॉलेज एवं टीम के प्रति आभार प्रकट किया। इससे एक दिवस पूर्व महिला आश्रम पर भी मेडिकल टीम द्वारा 128 महिला प्रभुजी का जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार आगामी शिविर विवेकानंद नगर में आश्रम आयोजित किया जाएगा और भविष्य में भी इस टीम द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की जाती रहेंगी।

## सरिस्का में एलिवेटेड रोड का विरोध:30 सूत्रीय मांगों को लेकर तीसरे दिन भी धरने पर डटे ग्रामीण; कहा- 20,000 तक पेड़ों की कटाई का खतरा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ।** सरिस्का क्षेत्र में प्रस्तावित एलिवेटेड रोड के विरोध में थानागाजी के ग्रामीण शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी धरने पर बैठे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि इस रोड से हजारों परिवारों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ जाएगी। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव भूपत सिंह बाल्यान के अनुसार, महापंचायत के बाद शुरू किया गया यह धरना-प्रदर्शन 19 मई तक चलेगा। इसके बाद बड़े जनांदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि अभी तक कोई सक्षम अधिकारी उनकी समस्याएं सुनने नहीं आया।

### 55,000 हेक्टेयर जमीन का विवरण सार्वजनिक करो

प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि सरकार द्वारा आवंटित 55,000 हेक्टेयर जमीन का विवरण ऑनलाइन सार्वजनिक किया जाए। बुजुर्ग रामकरण गुर्जर ने सुझाव दिया कि एलिवेटेड रोड को भृतहरि तिराहा से थानागाजी थैंक्यू बोर्ड तक सीमित रखा जाए।

### दो रूट प्रस्तावित, 20,000 तक पेड़ों की कटाई का खतरा

- पहला: नटनी का बारा - कुशालगढ़ - थानागाजी
- दूसरा: नटनी का बारा - कुशालगढ़ - तालवरक्ष - थानागाजी

सरिस्का डीएफओ अभिमन्यु सहारण ने बताया कि एलिवेटेड रोड के लिए दो रूट प्रस्तावित हैं। एक रूट पर 20,000 से अधिक पेड़ों की कटाई की संभावना है, जबकि दूसरे पर 5,000 से 10,000 पेड़ प्रभावित होंगे।

## गायत्री शक्तिपीठ पर समर कैम्प का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. ) ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गायत्री शक्तिपीठ पर समर कैंप शिविर लगाया जा रहा है । इस वर्ष यह शिविर 18 मई 2025 से 8 जून 2025 तक लगाया जाएगा 22 दिवसीय इस शिविर में रंगोली, डांस, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग/ पेंटिंग, योग इत्यादि चीज सिखाई जाएंगी। इस वर्ष पर्सनालिटी डेवलपमेंट, सेल्फ कॉन्फिडेंस, आत्मरक्षा, यज्ञ,भारतीय संस्कृति के महत्व अनेक विशिष्ट क्लास भी लगाई जाएगी बच्चों से यज्ञ भी कराए जाएंगे तथा बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने पर विशेष महत्व दिया जाएगा।प्रतिदिन क्वीज कंपटीशन कराए जाएंगे जिसमें बच्चों को गिफ्ट दिए जाएंगे । शिविर के अंत में 8 जून 2025 को 22 दिन मे सिखाई गई सभी एक्टिवीटीयों में से छोटे तथा बड़े बच्चों को अलग-अलग ग्रुप बनाकर सिलेक्ट कर बच्चों को प्राइज दिए जाएंगेद्य बाकी सभी सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। शिविर के रजिस्ट्रेशन गायत्री शक्तिपीठ पर किए जा रहे हैं । फॉर्म के 100 जमा होगी बाकी है शिविर निःशुल्क है । प्रतिदिन बच्चों को गायत्री शक्तिपीठ द्वारा खाने तथा पीने की चीज भी दी जाएगी ।

## निजी अस्पताल में करंट लगने से नर्सिंग स्टाफ की दर्दनाक मौत

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर ।** पुलिस थाना राजगढ़ क्षेत्र के ढ़िगावडा में स्थित एएचएम प्राइवेट अस्पताल में कार्यरत 42 वर्षीय नर्सिंग कर्मी की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान हेम सिंह के रूप में हुई है, जो अस्पताल की छत पर बिजली के कटे तारों की चपेट में आ गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात हेम सिंह किसी काम से अस्पताल की छत पर गया था। छत पर लोहे की रैलिंग पर कटे हुए बिजली के तार लिपटे हुए थे। अनजाने में वह तारों के संपर्क में आ गया और तेज करंट की वजह से हादसा हो गया। साथियों ने जब उसे देखा तो तत्काल गंभीर हालत में जिला अस्पताल अलवर लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**2 माह पहले बेटी का जन्म, अब खुशियां मातम में बदली :** मृतक के परिजन मुकेश सैनी ने बताया कि हेम सिंह के घर में दो महीने पहले ही बेटी का जन्म हुआ था। उनकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और लापरवाही के पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

### जिला प्रशासन का नवाचार ''मिशन आकाश' की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# जिले के कुपोषित व एनीमिक बच्चों एवं एनीमिक गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उपचार व पोषण के द्वारा सुपोषित की श्रेणी में लाए : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. ) ।** जिला कलक्टर डॉ.आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में शनिवार को प्रताप ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन के नवाचार 'मिशन आकाश' के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें विभागीय विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों के द्वारा जिले के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को एनिमिया व कुपोषण मुक्त करने हेतु बनाई गई कार्ययोजना को अमल में लाने के लिए विचार -विमर्श व प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन हुआ।



जिला कलक्टर डॉ. शुक्ला ने जिला प्रशासन के नवाचार मिशन आकाश को पुनित कार्य के समर्पित बताते हुए कहा कि अभियान के प्रथम चरण के अन्तर्गत चिकित्सा विभाग व अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से कुपोषित व एनीमिक बच्चों एवं एनीमिक गर्भवती महिलाओं की स्क्रीनिंग कार्य पर संतुष्टिपूर्वक किया है। उन्होंने कहा कि मिशन के द्वितीय चरण का कार्य के तहत जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों, सभी फील्ड वर्क्स, हैल्थ वर्क्स इसी प्रकार समन्वय स्थापित कर जिले में चिन्हित किये गये 1984 अति कुपोषित एवं 158 गम्भीर एनीमिक बच्चों तथा 23 गम्भीर एनीमिक गर्भवती महिलाओ के उपचार हेतु वन टू वन फॉलोअप करे। उन्होंने कहा कि इन प्रत्येक रोगी का कार्ड को संधारित करते हुये विशेषज्ञ चिकित्सको से उपचार करवाया जाना सुनिश्चित करे ताकि सुपोषित अलवर के स्वपन को साकार किया जा सके। सीएमएचओं डा0 योगेन्द्र कुमार शर्मा ने कार्यशाला में चिकित्सा एवं अन्य विभागो से उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियो का स्वागत करते हुये आगामी चरण में हितधारक विभाग द्वारा आपसी समन्वय व सहयोग करते हुये मिशन की सफलता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।आरसीएचओं डा0 मंजू शर्मा अलवर द्वारा मिशन आकाश कार्यक्रम की प्रगति एवं पाये गये निष्कर्ष की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक श्री महेश गुप्ता द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों देय पोषण एवं टीएचआर तथा संचालित विभागीय योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक श्री रिषीराज सिगंल द्वारा स्वस्थ्य रहने के लिए पोषण की आवश्यकता तथा देय महिला अधिकारों के बारे बताया उन्होने अपने आत्मबल से प्रेरित होकर लोगो का स्वस्थ्य रहने पर बल दिया। कार्यशाला में आमंत्रित शिशु रोग विशेषज्ञ डा0 नीरज जैन द्वारा कुपोषण होने के कारणों तथा सुपोषण हेतु अपनाये जाने वाले कारकों की जानकारी प्रदान की। स्त्री रोग विशेषज्ञ, डा0 चारूल मितल द्वारा गर्भवती महिलाओ में पाये जाने वाले एनीमिया के प्रकार पर प्रकाश डाला तथा उनसे उभरने हेतु सरकारी स्तर पर दी जाने वाली दवाईयॉ की उपयोगिता एवं एनीमिया दूर करने हेतु गर्भवती स्त्री को खान-पान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आमंत्रित डायटिशियन शुभी चौधरी द्वारा बच्चो में कुपोषण एवं गम्भीर एनीमिक गर्भवती महिला एव बच्चो में खान-पान एवं आहार के बारे मे जानकारी दी । कार्यशाला के दौरान राज्य सरकार द्वारा संचालित निरामया राजस्थान योजना की लघु फिल्म के माध्यम से आम नागरिको को स्वस्थ रहने के बारे अवगत कराया गया।

### वन मंत्री ने जनसुनवाई कर परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. ) ।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार को अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।



जनसुनवाई में ग्राम पंचायत पुनर्गठन, सडक, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण की परिवेदनाएं प्रमुख रही जिस पर मंत्री श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। उन्होंने फरियादियों से कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आमजन के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की गई है जिनका जागरूक रहकर लाभ उठाने के साथ-साथ अन्य लोगों को लाभ उठाने हेतु जागरूक करें।

**वन मंत्री ने बैठक लेकर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित यात्र की तैयारियों की समीक्षा :** वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सर्किट हउस में 19 मई को अलवर के सरस डेयरी मैदान में किसान पशुपालक सम्मेलन एवं मोती डूंगरी स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण एवं सिलीसेढ झील से अलवर शहर में पेयजल आपूर्ति परियोजना के कार्यारम्भ करने के प्रस्तावित यात्र कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वन मंत्री श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों से कार्यक्रम स्थलों पर ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए छाया, पेयजल,बैठक व्यवस्था,पार्किंग, बेरिकेटिंग आदि कि की जा रही व्यवस्थाओं की बिंदुवार जानकारी लेकर निर्देश दिए कि सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की कार्यक्रम से पूर्व ही तैयारी कर पूर्ण लेवे। साथ ही सुनिश्चित करें कि सभा स्थल की समुचित साफ-सफाई व्यवस्था रहे तथा कार्यक्रम स्थल के पास पर्याप्त पेयजल व्यवस्था,पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, मेडिकल टीम,चल शौचालयों आदि की माकूल व्यवस्था रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यक्रम स्थल पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रहे तथा यातायात प्रभावित ना हो इसको ष्टिगत रखते हुए उचित स्थान पर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान प्रशासनिक, पुलिस व संबंधित विभागों के अधिकारी तथा जिलाध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता एवं श्री महासिंह चौधरी मौजूद रहे।

## एलईडी लाइट कंपनी में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर हुआ खाक



बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( नि.स. )।** भिवाड़ी में गत रात्रि एक एलइडी लाइट बनाने वाली कंपनी में अज्ञात कारणों से आग लग गई, कुछ सेकेंडों में ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे कंपनी में रखा हुआ लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। तिजारा, खुशखेडा, तावडू एवं रीको फायर स्टेशन और भिवाड़ी नगर परिषद की फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची गाड़ियों ने लगातार तीन से चार घंटे तक कार्यवाही करते हुए आग पर काबू पाया। यह घटना शुक्रवार की रात्रि 11ः00 जुपिटर सुपर नोवा टेक क्राफ्ट इंजीनियरिंग ओवरसीज लिमिटेड की है। आग लगने से किसी भी प्रकार की कोई जनहानि की सूचना नहीं है। रिको फायर स्टेशन इंचार्ज राजू खान ने बताया की छोटी गली होने के कारण और कंपनी में पूरा एरिया कन्जेस्टेड होने के कारण, आग बुझाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा तथा आग को देरी से बुझाया जा सका। फिलहाल कंपनी में करोड़ों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है और पूरे नुकसान का आकलन किया जा रहा है, हालांकि सूचना के बाद भिवाड़ी पुलिस भी मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों को बाहर निकाला। भिवाड़ी में लगातार कंपनियों में चल रही आगजनी की घटना को लेकर सोशल मीडिया और उद्योगपतियों में दुख व्याप्त है। जबकि आज टेक्नोलॉजी एवं ऐसे उन्नत उपकरण है जिससे ऐसे हादसों को 100त्न तक रोका जा सकता है।

जैसे सेफ़ॉन पावर डिवाइस यह एक ऐसा बिजली की सुरक्षा का उपकरण है जिससे बिजली के करंट शॉर्ट सर्किट और वोल्टेज के उतार-चढ़ाव से 100त्न सुरक्षा प्रदान होती है इस उपकरण के फेल होने की दशा में लगभग ढाई करोड़ का इंश्योरेंस है।

अग्नि सुरक्षा के अच्छे उपकरण लगाए अच्छा अलार्म सिस्टम हो बेहतर रखरखाव एवं ऑडिट हो तथा सभी कर्मचारी मालिक से लेकर सिक्योरिटी गार्ड तक अग्नि सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित हो, यदि लापरवाही रही और सावधानी हटी तो दुर्घटना तो लाजमी है।

# एक्स्ट्रॉर्शन, धोखाधड़ी, जालसाजी एवं दस्तावेजों में हेराफेरी के मामले में होटल के पूर्व प्रबंधक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

### न्यायालय में पेश इस्तगासे पर दिए रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश, पुलिस थाना सदर टोंक का है माला

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम टोंक ने अजय त्रिपाठी पुत्र शैलेन्द्र नाथ त्रिपाठी की और से पेश किए गए इस्तगासे पर सदर पुलिस थाना को जयपुर-कोटा एनएच 52 बाईपास स्थित होटल शीतल रिसोर्ट एण्ड मिडवे के पूर्व प्रबंधक कमरूद्दीन खान के खिलाफ एक्स्ट्रॉर्शन, धोखाधडी, जालसाजी एवं दस्तावेजों में हेराफेरी के मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए है।




परिवादी के अधिवक्ता पवित्र मिश्रा ने बताया कि परिवादी अजय त्रिपाठी के पिता शैलेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने टोंक में अपने होटल शीतल रिसोर्ट एण्ड मिडवे को आरोपी कमरूद्दीन खान पुत्र जमाल खान निवासी प्लाट नम्बर 33, नानकपुरी, रावल जी का बन्धा, खातीपुरा रोड जयपुर हाल 4/116 न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी टोंक को नियम और शर्तो के आधार पर लीज पर उक्त होटल वर्ष 2021 तक अभियुक्त कमरूद्दीन खान के पास लीज पर था। वर्ष 2021 में लीज समाप्त होने के बाद परिवादी के पिताजी शैलेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने उक्त होटल का संचालन अभियुक्त कमरूद्दीन खान से पुराने सम्पर्कों को देखते हुए होटल संचालन में सहयोग सार-संभाल करते रहने व हिसाब-किताब के लिए रख लिया था।

परिवाद में बताया कि हाल मे अगस्त 2024 के आसपास परिवादी के पिताजी शैलेन्द्र नाथ त्रिपाठी को जानकारी प्राप्त हुई कि अभियुक्त कमरूद्दीन खान ने होटल के संबंध में कई गंभीर गैरकानूनी अनियमितताएं बरती है एवं कई विधि-विरुद्ध कार्य किए है। स्थानीय स्तर पर मालूमात करने पर जानकारी हुई कि अभियुक्त कमरूद्दीन खान गलत लोगों के सम्पर्क में है। होटल का मेन्टेनेन्स के लिए लिया रूपया खुर्द- बुर्द कर दिया एंव स्वंय के निजी गुप्त काम में ले लिया। परिवाद में बताया कि अभियुक्त कमरूद्दीन खान ने लीज अनुसार बकाया देय राशि भी परिवादी के पिताजी को अदा नहीं की, ना ही मांगने पर हिसाब दिया। अभियुक्त कमरूद्दान खान ने परिवादी के पिताजी को गम्भीर आर्थिक क्षति कारित करने एवं स्वंय को गलत तरीके से लाखों रुपये का लाभ लेने के लिए धोखाधडी पूर्वक बेईमानी पूर्व आशय से परिवादी के पिता के फर्जी एव कुटरचित हस्ताक्षर कर उक्त होटल का एक फर्जी व कुटरचित किरायानामा दिनांक 4.8.2023 का स्वंय के हक में बनाया लिया। एवं फर्जी व कुटरचित किराएनामें के आधार पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी अभियुक्त कमरूद्दीन खान ने धोखाधडी पूर्ण आशय से बिना अधिकारिता के बनवा लिया। इस पर न्यायालय ने सदर थाना पुलिस टोंक को एफआईआर दर्ज कर जांच के आदेश दिए हैं।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केन्द्रीय मंत्री भुपेंद्र यादव सरस डेयरी का करेंगे दौरा



बढ़ता राजस्थान

**तिजारा ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केन्द्रीय मंत्री भुपेंद्र यादव के 19 मई को अलवर सरस डेयरी के दौरे को लेकर राजस्थान गौसेवा समिति खैरथल तिजारा के जिला अध्यक्ष देशपाल यादव ने क्षेत्र में दौरा कर ज्यादा से ज्यादा गौपालको, किसानों को कार्यक्रम में भाग लेने का न्योता दिया। जिला अध्यक्ष देशपाल यादव ने बताया कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं केन्द्रीय मंत्री भुपेंद्र यादव की मंशा है कि किसानों और गौ पालकों के लिए नई सुविधाओं, योजनाओं और आधुनिक उपकरणों की शुरुआत करना है। अलवर डेयरी को बेहतर बनाने और किसानों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए विशेष योजनाओं को लागु किया जायेगा। हमारे सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सरस डेयरी के विकास को लेकर गंभीर हैं। उनका उद्देश्य सरस डेयरी को पूरे राज्य में नंबर वन बनाना है, जिसके लिए विशेष योजनाएं बनाई जा रही हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष यशपाल आचार्य,बने सिंह गुर्जर, विक्रम सिंह गुर्जर, रतिराम यादव सरपंच, बने सिंह माजरी, कंवर सिंह चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।


# सरिस्का में बढ़ेंगे सफारी रूट : डीएफओ बोले- तालवृक्ष रेंज में मिलेगा बाघों का बेहतर दर्शन, पर्यटन क्षेत्र दोगुना होगा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ।** सरिस्का टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के लिए जल्द ही नए सफारी रूट विकसित किए जाएंगे। अलवर डीएफओ अभिमन्यु साहरण ने बताया कि बाघों के संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टाइगर कंजर्वेशन प्लान के तहत नए सफारी रूट विकसित किए जाएंगे।

वर्तमान में सरिस्का का केवल 6-7त्न हिस्सा ही पर्यटकों के लिए खुला है। लेकिन इस प्लान के लागू होने के बाद यह प्रतिशत बढ़कर 12-14त्न तक पहुंच जाएगा। टाइगर कंजर्वेशन प्लान को आगामी 10 वर्षों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

**तालवृक्ष रेंज में सर्वाधिक बाघ, हाल ही में चार शावकों का जन्म :** सरिस्का के उत्तरी हिस्से में बफर जोन और तालवृक्ष क्षेत्र में बाघों की मौजूदगी सबसे अधिक है। यहीं पर टाइगर मूवमेंट भी अधिक देखा गया है, लेकिन वर्तमान में इस क्षेत्र में पर्यटकों के लिए सफारी रूट अधिक नहीं हैं। नए सफारी रूट



विकसित होने के बाद पर्यटकों को बाघों की साइटिंग का बेहतर अवसर मिलेगा। तालवृक्ष रेंज में ही पिछले दिनों बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया था। जिसके कारण क्षेत्र में बाघों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है।

**बाघों की ट्रैकिंग के लिए चार सदस्यीय टीम, दोपहिया वाहनों पर रोक :** रणथम्भौर में रेंजर पर अटैक होने की घटना के बाद अलवर सरिस्का में भी टाइगर की ट्रैकिंग करने के लिए विशेष सावधानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। अब ट्रैकिंग करने वाली टीम में 2 की बजाय 4 सदस्य कर दिए हैं। इसके अलावा पांडुपोल मंदिर मार्ग पर दोपहिया वाहनों पर रोक लगा दी गई है। सरिस्का क्षेत्र में नाकों और चौकियों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी प्रमुख मार्गों पर बेरिकेट्स और साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं ताकि आगंतुकों को टाइगर मूवमेंट के बारे में जानकारी मिल सके। अधिकारियों को समूह में ट्रेकिंग करने और सुरक्षा उपकरण रखने की हिदायत दी गई है। नए रूट बनने के बाद टाइगर मूवमेंट वाले क्षेत्रों को सुरक्षित रखते हुए पर्यटकों के लिए सुरक्षित सफारी अनुभव सुनिश्चित किया जाएगा। इस नए प्लान से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# जलवाड़ा में गणेश जी की तलाई में 70 से अधिक भैंसों की संदिग्ध मौत प्रशासन पहुंचा मोके पर

बढ़ता राजस्थान



**बारां ( लेखराज शर्मा )।** बारां जिले के जलवाड़ा गांव में गणेश जी की तलाई में 70 से अधिक भैंसों के मृत पाए जाने की दुखद घटना पर जिला प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए तत्परता से कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने जांच के निर्देश दिए है और मुआवजे की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, पुलिस उप अधीक्षक और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूदर रहे। प्रशासन ने पशु चिकित्सकों की टीम के माध्यम से मृत भैंसों का पोस्टमार्टम शुरू करवा दिया है ताकि मौत के वास्तविक कारणों का शीघ्र पता चल सके। साथ ही, प्रभावित पशुपालकों से संवाद कर उनकी हरसंभव मदद सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है और भरोसा दिलाया गया है कि जांच पूरी निष्पक्षता से की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर जांचा बीपी-शुगर, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का दिया संदेश

## एक माह तक चलेगा जागरूकता कार्यक्रम, मीडिया का लिया जाएगा सहयोग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर शनिवार को जिलेभर में जागरूकता और स्क्रीनिंग केम्प आयोजित हुए। शहर भर में यूसीएससी दादाबाड़ी यूसीएससी विज्ञान नगर, यूपीएससी सकतपुर यूपीएससी पुरोहित जी की टपरी यूपीएससी सूरज पोल पर एक साथ कार्यक्रम आयोजित करवाया गया।

सीएमएचओ डॉ नरेंद्र नागर ने बताया कि अस्पतालों में आए 30 वर्ष से अधिक उम्र वाले रोगियों की बीपी व शुगर की जांच की गई। हाई ब्लड प्रेशर (हायपरटेंशन) के लक्षण, बचाव व नियंत्रण के उपाय बताए गए। स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। इसके लिए नियमित योगा अथवा व्यायाम करने, तम्बाकू-धूम्रपान व शराब का सेवन नही करने, मानसिक तनाव से बचने, संतुलित आहार लेने जैसे उपाय बताए गए। खाने में नमक और तेल की मात्रा का कम उपयोग करने की सलाह दी। इस वर्ष यह दिवस एक दिन के बजाय एक माह तक विशेष अभियान चलाकर मनाया जा रहा है। इस दौरान 'कार्डियोवस्कुलर हैल्थ फॉर एवरीवन थीम पर 16 जून तक जागरूकता गतिविधियां और स्क्रीनिंग केम्पों के आयोजन का सिलसिला जारी रहेगा। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, मिड मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से हाइपरटेंशन से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा और स्क्रीनिंग केम्प आयोजित किए जाएंगे।

# श्री नागेश्वर तीर्थ सीमंधर स्वामी मंदिर एवं दादावाड़ी की तृतीय वर्षगांठ शान से हुआ ध्वजारोहण





बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के उन्हैल में श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ जैन तीर्थ स्थित सीमंधर स्वामी एवं श्री जिंनकुशल श्री दादावाड़ी की प्रतिष्ठा के तीन वर्ष पूर्ण होने पर तृतीय वर्षगांठ पर शनिवार को विधि विधान के साथ मंदिर पर नूतन ध्वजा लाभार्थी परिवार श्रीमती सायर देवी इंदर चंद प्रकाश चंद वचन कुमार श्रेय कुमार नाहटा परिवार सिवनी तथा दादा गुरुदेव की ध्वजा के लाभार्थी श्रीमान हेमचंद इंदु जी बैराठी जयपुर की अनुपस्थिति में दानवीर महेंद्रसिंघी दिल्ली द्वारा श्री विचक्षण ज्योति प्रज्ञा भारती श्री चंद्रप्रभा श्रीजी की सुशिष्या चंद्रमणि चंदनबाला श्रीजी एवं कुशल प्रज्ञा श्रीजीआदि ठाणा की निश्रा में नागेश्वर पारसनाथ मंदिर से चल समारोह निकाला और उसके बाद विधि विधान से ध्वजारोहण हुआ कार्यक्रम के दौरान धर्म सभा आयोजित हुई धर्म सभा में चंद्रमणि चंदनबाला श्री जी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें जिन शासन मिला है और हमारा जीवन जिन शासन की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए हम मंदिर में जाते हैं और मंदिर की जब घंटी बजती है तो हमारी आत्मा जागृत होती है लाभार्थी नाता परिवार द्वारा साध्वी जी को कामली भी ओढ़ाई ,बाहर से आए सभी संघ के के पदाधिकारी एवं लाभार्थी परिवार का नागेश्वर ट्रस्ट मंडल द्वारा सम्मान किया सुबह स्नात्र महोत्सव दादा गुरुदेव का अभिषेक, सतर भेदी पूजन कार्यक्रम के पश्चात स्वामी वात्सल्य का आयोजन भी किया गया है कार्यक्रम में दादावाड़ी ट्रस्ट मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष अशोक कोठारी सचिव बसंत सिंह श्रीमाल, कोषाध्यक्ष सुरेश बांठिया, महेंद्र गादिया , राकेश चोरडिया , डीआर बसंत लुनिया , नितेश बांठिया अजय चोपड़ा धर्मचंद जैन सुनील चोपड़ा अष्टापद तीर्थ अध्यक्ष जयंतीलाल दख , सचिव रविंद्र सिंह श्रीमाल , संदीप चोपड़ा नरेंद्र नाहर अनुराग चोपड़ा अशोक चोपड़ा दादावाड़ी मैनेजर चांदमल जैन सहित नलखेड़ा महिदपुर उज्जैन भानपुरा चोमेला जावरा खाचरोद सूरत चेन्नई सहित कई शहरों के भक्त उपस्थित थे। जुलूस के दौरान नवरत्न परिवार द्वारा पुष्पवर्ष की गई ।

### मिशन 'बारां शक्ति' से जुड़े हजारों स्वयं सेवक

# सेवा ही धर्म, सुरक्षा हमारा कर्म जिला प्रशासन की अभिनव पहल : सिविल डिफेंस प्रशिक्षण जारी, अब तक 3000 से अधिक स्वयंसेवकों का पंजीकरण

बढ़ता राजस्थान

**बारां ( लेखराज शर्मा )।** बारां जिले में आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से मिशन 'बारां शक्ति' के तहत व्यापक स्तर पर सिविल डिफेंस प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आपात स्थितियों जैसे प्राकृतिक आपदाएं, आगजनी, दुर्घटनाएं आदि से प्रभावी रूप से निपटना और आमजन को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाना है। जिला कलक्टर ने सेवा ही धर्म, सुरक्षा हमारा कर्म के स्लोगन के साथ जिले वासियों से अपील की कि वे नागरिक सुरक्षा के लिए संकल्प लें और इस मिशन में सक्रिय भागीदारी निभाएं। मिशन के तहत स्वेच्छा से अब तक 3000 से अधिक नागरिकों ने स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण कराया है।

सिविल डिफेंस का यह प्रशिक्षण न केवल जीवन रक्षा के उपाय सिखा रहा है, बल्कि नागरिकों में सजगता, आत्मनिर्भरता और सहयोग की भावना को भी मजबूत कर रहा है, प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के कोटा रोड स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय, दशहरा मैदान, श्रीराम स्टेडियम, पब्लिक पार्क, निजी संस्थान, काठिया बाबा की बगीची तथा कलमण्डा बालाजी परिसर जैसे प्रमुख स्थलों पर आयोजित किए जा चुके हैं। इन प्रशिक्षण सत्रों में 2000 से अधिक युवाओं, महिलाओं, शिक्षकों, व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला कलक्टर ने बताया कि प्रशिक्षण का यह क्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा और विशेष रूप से महिला स्वयंसेवकों को भी इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है, ताकि हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। डीएसओ अनिल चौधरी ने बताया कि जिले में आपदा प्रबंधन एवं सिविल डिफेंस टीम द्वारा नागरिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# मैंढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार महासभा जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह ) ।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महासभा की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह जिला मुख्यालय स्तिथ चौगान जैन नोहरा मे 18 मई रविवार को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महासभा के बूंदी जिलाध्यक्ष डा दीक्षांत सोनी ने बताया कि रविवार को जैन चौगान नोहरा मे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय(इग्नु) डा केके गौत्तम होंगें जबकि अध्यक्षता चांदनी हॉस्पिटल कोटा के निदेशक डा एसएन सोनी करेंगे । जिलाधक्ष सोनी ने बताया कि पहली बार समाज में हो रहे इस प्रकार के आयोजन मे बत्तौर विशिष्ट अथिति सदासुखी नर्सिंग होम बून्दी के डा मोहनलाल सोनी एवं पूर्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी रामनारायण सोनी मौजूद रहेगें। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में महासभा महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी को भी आमंत्रित किया गया हैं। जिलाध्यक्ष द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समारोह का शुभारंभ दिन के सवा बारह बजे से होगा।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य युवा नेता सागर शर्मा क्षेत्र के गांवों में शोकाकुल बैठक में हुए शामिल

बढ़ता राजस्थान

अजमेर ( घनश्याम दास)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य, युवा नेता सागर शर्मा ने आज क्षेत्र के कई गांव का दौरा किया इस दौरान उन्होंने आमजन से अपनी समस्या को भी सुना वही ग्रामीण क्षेत्र में शोकाकुल परिवार की शोक स्तंभ बैठकों में शामिल हुऐ। इस दौरान प्रदेश युवा नेता सागर शर्मा के साथ कांग्रेस कमेटी के ब्लाक उपाध्यक्ष सरवाड़ औम सिंह राठौड़, ईकाई अध्यक्ष हरदयाल रेगर, राजीव गांधी ब्रिगेड अध्यक्ष अभिषेक गोखरू मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राठौड़ रहे। बांटी ग्राम में शैतान भडाणा के निधन पर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी बैठक में श्रवण गुर्जर,हरी राम, आशा राम सहित समाज बंधु मौजूद थे। इसके बाद सराना पहुंचे और कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता मेहनत से ही पार्टी मजबूत रहती हैं। कार्यकर्ता को हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। सराना कांग्रेस कार्यकर्ता हेम राज मेवाड़ा ईश्वर सिंह नरूका राजेन्द्र सिंह राठौड़ शादाब खान राजेश बैरवा कजोड़ माली सत्यनारायण फरियाद मंसूरी घीसु माली रुप चंद कार्यकर्ता मौजूद थे बाद में सभी कार्यकर्ता केसर पुरा गुर्जर समाज की एक शोकाकुल बैठक में शामिल हो कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी बाद में जोताया एक वैष्णव परिवार और एक गुर्जर परिवार की शोकाकुल बैठकों में शामिल हो कर सांत्वना दी और ढांढस बंधाया। कांग्रेस कार्यकर्ता औम प्रकाश जीनवाल पप्पू लाल साहू इमरान खान जीवराज मारु रामदेव रावणा राजपूत रतन लाल गुर्जर, सत्यनारायण वैष्णव सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रदेश युवा नेता सागर शर्मा कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए।

# अजमेर के भिनाय में जय गुरुदेव आश्रम में 5 दिवसीय अखंड साधना शिविर जारी

बढ़ता राजस्थान

अजमेर ( घनश्याम दास)। अजमेर जिले के भिनाय मैं स्थानीय जय गुरुदेव आश्रम एवं सत्संग स्थल पर 5 दिवसीय अखंड साधना शिविर जारी है। आश्रम के व्यवस्थापक धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि जय गुरुदेव आश्रम उज्जैन के प्रमुख मुख्य संत उमा कांत जी के निर्देशानुसार स्थानीय आश्रम में 16 मई शुक्रवार से शुरू दिन रात अखंड साधना शिविर में ध्यान, भजन, सुमिरन धार्मिक व आध्यात्मिक कार्यक्रम में अनेक गांवों के महिला पुरुष सत्संगी लाभान्वित हो रहे हैं।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरणादायक पहल : शाहपुरा में आठ दिवसीय बहुविधा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा/ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा,भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा शाहपुरा एवं आदर्श विद्या मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में आठ दिवसीय बहुविधा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि मान कन्हैया लाल जी वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि मान विजय सिंह जी राणावत द्वारा किया गया।

इस शिविर में ब्यूटी पार्लर कोर्स, मेहंदी प्रशिक्षण, ढोलक-हारमोनियम, आत्मरक्षा, नृत्य आदि विधाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। महिला सहभागिता की संयोजिका मती निर्मला मूंदड़ा एवं शिविर संयोजिका मती मधु पाटनी ने बताया कि पहले ही दिन 127 महिलाओं एवं बालिकाओं ने शिविर में भाग लिया। शिविर के सह-संयोजिकाएं मती तारा जैन एवं मती हेमलता डाड ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु विशेषज्ञों की एक अनुभवी टीम—सु कोमल सैनी, सु दीपांशी मतलानी, सु निधि शर्मा, सु दिव्या सोनी, मती श्वेता व्यास, मती टीना सेन, मती सीमा पोरवाल, मती प्रिया लाहोटी, ओमप्रकाश सनाढ्य एवं कैलाश कोली—अपनी सेवाएं दे रही हैं। यह शिविर महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मती शशि बांगड़, मती हेमलता गोठवाल, मती वंदना डाड, मती माया पाराशर सहित शाखा अध्यक्ष पवन जी बांगड़ की सक्रिय सहभागिता रही।

# सैनिक भी करते है देश व समाज की सेवा : भुवनेश गुप्ता युवाओं को रक्तदान के लिए किया प्रेरित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** भीषण गर्मी के समय रक्त की कमी देखी जा रही है और युवाओं का इस कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है, ऐसे में रक्त भ्रांति, उन्मूलन और महत्व को लेकर व्याख्यान का आयोजन एक निजी कॉलेज में किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने कहा कि जिस तरह देश की सरहदों पर सिपाही हमारे देश की रक्षा करते है और दुश्मन को परास्त करता है, वैसे ही देश के अंदर रहते हुए हम रक्त सैनिक बनकर देश व समाज की सेवा करें, बीमारी को परास्त करे और लोगों के दुख दर्द को दूर करें।

इस अवसर पर मोदी ग्रुप के चेयरमैन सुशील मोदी व ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी भी उपस्थित रहे । गुप्ता ने रक्त को लेकर लोगों के मन की भ्रांतियों को दूर किया और इसकी उपयोगिता और महत्व के बारे में लॉ कॉलेज के स्टूडेंटों को बताया। स्टूडेंटों के मन में उठ रहे प्रश्नों का भी इस दौरान जवाब दिया गया और उनकी जिज्ञासाओं को दूर किया गया। कार्यक्रम में लॉ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. क्षिप्रा गुप्ता ने कहा कि रक्तदान करने से ना केवल हम स्वस्थ्य रहते हैं, दूसरों की सेवा करते हैं बल्कि हमारे रोजगार में भी यह सकारात्मक भूमिका निभाता है, हमारे मन में निर्मलता आती है और सेवा का भाव जागृत होता है। इस अवसर पर कई स्टूडेंटों ने रक्तदान करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संजय प्रधान, शिल्पा खंडेलवाल, सुषमा अग्रवाल, देवराज सिंह , प्राची जैन , वीना सोनी , निर्मला यादव, शिवानी शर्मा , डॉ. सबरीना, अंशिका सिंह, चेतन बेनीवाल, सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस दौरान विधार्थी ने प्रभावित होकर टीम गठन किया जिसका समस्या दायित्व व संयोजन ध्रुविका जैन , धर्मिष्ठा जैन , देवेन्द्र गुर्जर , कशिश मीना , कपिल, नेहा , मणिका दूबे , यशराज भारती व पीयूष शर्मा करेंगे ।

# फूलों से सज्जित सुंदर नौका में विराजे ठाकुर मथुराधीश भक्तों पर बरसी आनंद वर्षा, वैष्णवों ने लगाए जयकारे



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री मथुराधीश मंदिर पर शनिवार को श्री रणछोड़ाचार्य श्री प्रथमेश महाराज का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस दौरान नौका विहार का मनोरथ हुआ। नंदोत्सव मनाया गया। महिला परिषद की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई। जो कैथूनीपोल, टिपटा होते हुए वापस पाटनपोल स्थित मंदिर पर संपन्न हुई। भगवान मथुराधीश प्रभु के नौका विहार की झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। भक्तों ने ठाकुर जी के साथ यमुना मैया के जयकारों से भवन को गूंजा दिया। इस अवसर पर प्रभु को विशेष श्रृंगार धराया गया। मनोरथ के दौरान प्रभु के बगीचे में कमर तक जल भरकर नाव का मनोरथ किया गया। जल में विविध प्रकार के इत्र घोले गए। मोगरे, गुलाब, कमल आदि के पुष्प और लकड़ी से बने हुए मगरमच्छ और कछुए समेत विभिन्न खिलौने तैराए गए। चांदी की थाली में रुई से बनी हुई बतखें भी तेराई गई। फूलों से सुसज्जित सुंदर नौका में विराजित ठाकुर जी के विग्रह स्वरूप श्री मथुराधीश प्रभु वैष्णवों पर आनंद की वर्षा कर रहे थे। नौका सखियों और ग्वालों की मूर्ति से सुसज्जित थी। प्रथम पीठ युवराज मिलन कुमार बावा ने बताया कि तात और गुरु नित्य लीलास्थ प्रथम ग्रहाधीश श्री रणछोडाचार्य श्री प्रथमेश महाराज के प्राकट्य उत्सव ज्येष्ठ कृष्ण पंचमी पर यह मनोरथ होता है। इसके अलावा वर्ष में दूसरी बार निर्जला एकादशी को भी प्रभु के नौका विहार का मनोरथ होगा। मनोरथ के दौरान नमो देवी यमुने नमो.., करत जल केल प्यारी.., बैठे घनश्याम खेवत है नाव.., वृंदावन जमुना जल चंदन पहर नव हरि .., कृपा रस नैन कमल दल.., बैठे बृजराज कुंवर प्यारी संग.., उठ चल बेग राधिका प्यारी, नवल किशोर नवल नागरी..卐 समेत विभिन्न पद कीर्तनों के साथ गूंजते रहे।

### फूल मंडली के दर्शन आज

महामंत्री मोनू व्यास ने बताया कि रविवार को प्रभु के फूल मंडली में दर्शन होंगे। इस दौरान मंगला प्रातः 6.30 बजे, ग्वाल 9 बजे, राजभोग 10.30 बजे, उत्थापन 4 बजे, भोग 4.30 बजे, आरती 5 बजे तथा फूल मंडली के दर्शन 6.30 बजे होंगे।

# तीन दुकानों से 2 हजार डिस्पोजल जब्त, 700 रुपये जुर्माना सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती, नहीं माने तो होगी सीज कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमण्डी/कोटा ( विनोद गौड़ )।** रामगंजमंडी नगरपालिका ने राज्य सरकार के निर्देशों के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल के खिलाफ कार्रवाई की है। अधिशाषी अधिकारी तरुण लहरी के आदेश पर पालिका कर्मचारियों ने 17 मई 2025 को मुख्य बाजारों में निरीक्षण किया। टीम ने तीन दुकानों से करीब 2000 प्लास्टिक डिस्पोजल आइटम जब्त किए। दुकानदारों पर 700 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। साथ ही उन्हें सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की हिदायत दी गई। यह कार्रवाई शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के रामगंजमंडी को प्लास्टिक मुक्त बनाने के अभियान के तहत की गई। जाट रहेगी पूर्व में भी रामगंज मंडी क्षेत्र में शिक्षा मंत्री की पहल पर बर्तन बैंक खोला गया है जिसका उद्देश्य सामूहिक भोजन व कार्यक्रमों में सिंगल उसे प्लास्टिक का पूर्णतया प्रयोग बंद करना तथा उनके स्थान पर बर्तन बैंक द्वारा बर्तनों की व्यवस्था करना रहा है।

## अजमेर नगर निगम के नवीन भवन का हुआ लोकार्पण

# स्वस्थ, सुरक्षित और विकसित बनेगा अजमेर : खर्रा

■ जनप्रतिनिधि उतरें जन भावना पर खरे : देवनानी ■ राजनीति से ऊपर उठकर करें क्षेत्र का विकास : चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 17 मई को नगर निगम के नवनिर्मित भवन का शनिवार को लोकार्पण किया गया। लोकार्पण समारोह को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, अजमेर दक्षिण विधायक मती अनिता भदेल, महापौर मती ब्रजलता हाड़ा तथा उप महापौर नीरज जैन ने संबोधित किया। समारोह से पूर्व सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि शहरवासियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न संस्थाओं को परकोटे से बाहर स्थापित किया गया है। कभी राजकीय महिला चिकित्सालय दूर था आज शहर का भाग हो गया है। इसी प्रकार नगर निगम भवन भी होगा। नगर निगम से जुड़े जनप्रतिनिधियों का निर्वाचन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए होता है। इन्हें आमजन को संतुष्ट करने के लिए प्रयास करना चाहिए। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की विकास सम्बन्धी सोच को आगे बढ़ाने के लिए विकास कार्यों में जन भागीदारी आवश्यक है। अब तक जन कल्याणकारी योजनाएं जनता के सहयोग से ही आगे बढ़ी है। इन योजनाओं ने देश की दशा और दिशा को बदला है। केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि हम सबको राजनीति से ऊपर उठकर मिलकर कार्य करना चाहिए।

आमजन को केंद्र में रखकर कार्य करने से विकास की गति तीव्र हो जाती है। साथ ही आमजन का संतुष्टि स्तर भी बढ़ जाता है। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी अपने कार्य को पूर्ण ईमानदारी एवं लगन के साथ करें। और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि शहर का विकास समस्त व्यक्तियों के सहयोग से होता है। सरकार ईआरसीपी प्रोजेक्ट पर तेजी से कार्य कर रही है। इसके परिणाम स्वरुप अजमेर में जल्द ही छोटा बीसलपुर जैसा जल स्त्रोत बनेगा।

इससे अजमेर का जल संकट हमेशा के लिए दूर हो जाएगा। सरकार अगले 50 वर्षों की आवश्यकता को पूरी करने के अनुसार योजना बना रही है। अजमेर दक्षिण विधायक मती अनीता भदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना में अजमेर शहर को लेने से इस नवीन भवन का निर्माण संभव हो पाया है। उन्होंने संसद भवन को दंडवत करके सर्वस्व देश के प्रति समर्पित करने का संकल्प लिया था। वे उसे अभी भी निभा रहे हैं। उससे प्रेरणा लेकर हमें भी सदैव सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। अजमेर शहर में विभिन्न कार्यों के लिए जोन व्यवस्था होनी चाहिए।

कर्मचारियों की भर्ती के साथ-साथ पूर्व में चयनित सफाई कर्मियों को भी नियुक्ति मिलनी आवश्यक है। नगर निगम व्यक्ति के सुबह से शाम तथा जन्म से मृत्यु तक साथ रहता है। इसलिए नगर निगम की सेवाओं से सभी को संतुष्ट करने का प्रयास होना चाहिए।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भारली के शारीरिक शिक्षक को सेवानिवृति से पूर्व दी विदाई

## कार्यग्रहण से लेकर सेवानिवृति तक भारली विद्यालय में की 32 वर्ष से अधिक की सेवा पूर्ण



बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी ( राजू शर्मा )।** बसेड़ी उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भारली के शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश गर्ग दिनकटा वालो को ग्रीष्मकालीन अवकाश होने के चलते सेवानिवृत्ति से 15 दिन पूर्व पर गुरुवार को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान सह विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। गर्ग ने कार्यग्रहण से लेकर सेवानिवृति तक भारली विद्यालय में की 32 वर्ष से अधिक की सेवा पूर्ण की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य उमेश चंद गोयल द्वारा की गई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत उपनिदेशक मुकेश कुमार गर्ग धौलपुर रहे।

सेवानिवृति से पूर्व हुए विदाई समारोह के अवसर पर शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश गर्ग को बैंड बाजों द्वारा विद्यालय से भारली गांव होते हुए बसेड़ी पहुंचाया गया जहां से पुराने थाने के सामने माता मंदिर से अग्रवाल धर्मशाला, मुख्य चौराहा, हवेली थोक होते हुए चच्चू कॉलोनी निवास तक जाकर विदाई दी गई। इस दौरान मौजूद शिक्षक शिक्षिकाओं व गणमान्य लोगों ने माला साफा पहना कर व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि रिटायर्ड उपनिदेशक मुकेश कुमार गर्ग ने कहा कि नौकरी में एक तय समय सीमा के अंदर सेवानिवृत्त होना सुनिश्चित है। ओमप्रकाश गर्ग का कार्यकाल 31 मई को पूर्ण हो रहा है गर्ग ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा को एक नई ऊंचाई दी है।

बच्चों के प्रति उनका लगाव समय पालन तथा अनुशासन के साथ-साथ शिक्षण व्यवस्था में इनके द्वारा किए गए सुधार को भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे अनुभवी योग्य शिक्षक से शिक्षा जगत और समाज दोनों में एक बेहतर संदेश जाता है।

प्रधानाचार्य उमेश चंद गोयल ने कहा कि सेवा काल के कुशल व्यवहार व शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने में ओमप्रकाश गर्ग के योगदान को कदापि भुलाया नहीं जा सकता है।

इस दौरान मई, भारली, बागथर सहित बसेड़ी कस्बे के सर्वसमाज के गणमान्य नागरिको ने कार्यकुशलता की सराहना करते हुए भव्य स्वागत कर नम आंखों से विदाई दी।

# शिक्षक ही समाज व देश के विकास की दिशा व दशा तय करते हैं : राजेश शर्मा

## राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दरियापुर में शिक्षक सम्मान समारोह हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दरियापुर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, शिक्षाविद आतेंद्र वशिष्ठ, श्यामबरन कांसल व शिक्षक नेता गंगाराम गुर्जर मौजूद रहे। समारोह की अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर की गई। समारोह के दौरान स्कूल के संस्था प्रधान ठाकुर नरवीर सिंह के 31 मई को तथा अध्यापिका रजनी के अगले महीने 30 जून को राजकीय सेवा से सेवा निवृत होने पर स्कूल के शिक्षकों,छात्र-छात्राओं , ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत परिक्षेत्र के स्कूलों के शिक्षकों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए श्रेष्ठ योगदान पर सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए पीईओ मुकेश कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षक उस दीपक के समान हैं जो स्वंय जलकर समाज को रोशनी प्रदान करता है। उन्होंने दोनो शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही गुरु की महिमा वंदनीय रही है । शिक्षकों को अपनी इस भूमिका का बर्तमान समय में बखूभी निर्वहन कर छात्र छात्राओं संस्कारित एंव नैतिक मूल्यों की शिक्षा प्रदान करनी चाहिये। समारोह में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि शिक्षक ही समाज व देश के विकास की दिशा व दशा तय करते हैं।शिक्षक समाज में फेल अंधकार को शिक्षा रूपी रोशनी के माध्यम से दूर करते हैं । हालाँकि पिछले कई वर्षो से शिक्षकों को शिक्षा के इतर अन्य कार्यों में लगाने की प्रबृत्ति के चलते ही शिक्षा के स्तर में गिराबट आरही है। उन्होंने स्कूल के दोनों शिक्षक शिक्षिकाओं के शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान की सराहना की। स्कूल के प्रधानाध्यापक नरवीर सिंह ने कहा कि उन्होंने सदैव समुदाय को साथ लेकर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए सभी के सहयोग से स्कूल का संचालन किया है।शिक्षक नेता गंगाराम गुर्जर ने दोनों शिक्षकों के श्रेष्ठ कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रभारी भंवर सिंह,अभिषेक रावत, मोनिका राजोरिया, प्रभा द्विवेदी, अंजू शर्मा, सुनीता गर्ग, सविता महावर, प्रीति कुमारी, गुंजन बंसल, कल्पना कुमारी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरवीर सिंह व अध्यापिका रजनी का माल्यार्पण, पगड़ी बांधकर व साल उड़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया। समारोह का प्रभावी संचालन शिक्षाविद राजेंद्र कुमार शर्मा ने किया।

इस मौके पर कृष्ण कुमार शर्मा, जगदीश प्रसाद, यादवेंद्र सिंह, मीनाक्षी दीक्षित, नसीम बानो, कीर्ति गोयल ,रामनिवास त्यागी, रूबी, आकांक्षा सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिका एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाड़ी एसडीएम को अन्नपूर्णा रसोई मिली बंद, कार्रवाई के निर्देश

# पशु अस्पताल में पसरी हुई थी गंदगी, आंगनबाड़ी केंद्र पर 18 में से 2 बच्चे मिले उपस्थित

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी में शनिवार को एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने जिला कलेक्टर के निर्देश पर शहर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई कार्यालयों की अनियमितताएं उजागर हुईं, जिस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

**पशु चिकित्सालय में अव्यवस्था, सफाई नदारद :** राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय पहुंचने पर एसडीएम ने पाया कि पशुओं के लिए न तो छाया है और न ही पानी की व्यवस्था। परिसर में कचरा फैला हुआ था और एक कर्मचारी अनुपस्थित मिला। इस पर उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि तुरंत छाया-पानी की व्यवस्था करें और परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

**आयुर्वेद चिकित्सालय में मरीज बेहाल :** राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान मरीजों के लिए कूलर-पंखे और पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। साथ ही आईपीडी वार्ड कई महीनों से बंद पाया गया। एसडीएम ने पीएमओ को मरीजों की मूलभूत सुविधाएं तत्काल बहाल करने के निर्देश दिए।

**अन्नपूर्णा रसोई बंद मिली, एनजीओ को नोटिस :** एसबीआई बैंक के सामने स्थित अन्नपूर्णा रसोई पर निरीक्षण के समय ताला लटका मिला। इस पर एसडीएम ने रसोई संचालन करने वाली एनजीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

**आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की कम उपस्थिति :** तुलसीवन रोड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 18 नामांकित बच्चों में से केवल 2 बच्चे उपस्थित मिले। एसडीएम ने पोषाहार वितरण और बच्चों की उपस्थिति का रिकॉर्ड जांचा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जवाब देने को कहा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कार्यालय के लिपिक चंद्रप्रकाश मीणा भी साथ मौजूद रहे।

# शहर का होगा नियोजित विकास, सुदृढ़ होगा सड़क नेटवर्क : देवनानी

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया वार्ड 3 में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी अजमेर शहर का सुनियोजित विकास किया जा रहा है। इसमें सड़क, पानी, बिजली, ड्रेनेज, नाले, रोजगार, शिक्षा, खेल और पर्यटन सहित विविध क्षेत्रों में योजना बना कर काम हो रहा है। डेढ़ सालों में सैकड़ों करोड़ रूपये के काम स्वीकृत हुए है। अजमेर आने वाले दिनों में विकास में अग्रणी बनेगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को वार्ड संख्या 3 में विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि उत्तर विधानसभा क्षेत्रा में लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से नई सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके साथ ही 40 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से नालों का निर्माण भी किया जाएगा। इन कार्यों में सेक्टर सड़कें, लिंक सड़कें और अन्य प्रकार की लगभग 100 सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। इससे क्षेत्रा की आधारभूत संरचना सशक्त होगी। देवनानी ने पेयजल व्यवस्था पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अजमेर में सैकड़ों करोड़ रुपये की लागत से पेयजल से संबंधित कार्य किए जाएंगे। इसमें से 270 करोड़ रुपये के कार्यों को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है। इन योजनाओं के अंतर्गत क्षेत्रा में तीन रिजर्वायर बनाए जाएंगे। बीसलपुर का पानी कोटड़ा, लोहागल और फॉयसागर रिजर्वायर होते हुए शहर में पहुंचेगा। साथ ही शहर में जलदाब की समस्या को दूर करने के लिए कई जल टंकियों का निर्माण भी किया जाएगा। और उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शहर में युवाओं एवं आगामी पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए अनेक नए पर्यटक स्थलों का विकास किया जाएगा। वरुण सागर पर घाट का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। साथ ही चौरसियावास तालाब का विकास कार्य भी किया जाएगा। शहर के बच्चों को विज्ञान के क्षेत्रा में रुचि विकसित करने का अवसर प्रदान करने के लिए 42 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक साइंस पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान पर महिला कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी की मांग की



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक बयान पर महिला कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी की मांग की हैं। महिला कांग्रेस कमेठी ने शनिवार को प्रदेश महासचिव लीना शर्मा के नेतृत्व में भारतीय सेना के सम्मान में महिला कांग्रेस मैदान में कार्यक्रम के तहत रोष व्यक्त किया। कायस्थपाड़ा पर प्रदर्शन कर मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुऐ प्रदेश महासचिव लीना शर्मा ने कहा कि विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के प्रति गई आपत्तिजनक टिप्पणी से कांग्रेस पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं सहित पूरे देश की जनता में आक्रोश व्याप्त हैं। मंत्री विजय शाह के बयान को हम सभी ने कड़े शब्दों में नकारा है। यह बयान न केवल कर्नल सोफिया, बल्कि हर उस महिला का अपमान है जिसने देश के विकास में अपना योगदान दिया है। यह बयान महिलाओं की गरिमा और उनकी उपलब्धियों का अनादर है। महिला कांग्रेस इसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी। यह पुतला दहन महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। महिला कांग्रेस इसके खिलाफ संघर्ष करती रहेगी और महिलाओं के सम्मान की रक्षा करेगी। आपत्तिजनक बयान पर महिला कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी की मांग की हैं। इस मौके पर सुनीता, रेनू, नन्दनी, ओमवती, गौरी, उर्मिला, दीप्ति, रानी, छोटी, अनीता, आशा, सुमन, सताक्क्षी वैष्णवी, गीता, वंश, राघव, हरिआ, मानषी, संजू, सोमेष, अविनाश सम्राट सम्राट आदि मौजूद थे।

# विद्यालय के नव कक्षा कक्षों के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया



बढ़ता राजस्थान

अजमेर- सरवाड़ (इकबाल अहमद)। पीएम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय विजयद्वार के नव भवन निर्माण के लिए शनिवार को भूमि पूजन किया गया। प्रधानाचार्य दीपक गौड़ के अनुसार स्थानीय विद्यालय के लिए ताजपुरा रोड पर आवंटित भूमि पर भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल खटीक,नगर पालिका अध्यक्ष उर्वशी जैन ,भाजपा नेता प्रदीप डोडिया,दर्शन जैन की गरिमामय उपस्तिथि में किया गया। इस दौरान स्थानीय विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मुहम्मद आरिफ मंसूरी,मोहम्मद जावेद,अलीमुद्दीन अंसारी ,शैलेंद्र सिंह, डाल चंद बडगुर्जर ,सीता खाती, पंडित राधा, गोविंद शर्मा सहित अन्य व्यक्ति मौजूद रहे। शिक्षाक आरिफ मोहम्मद मंसूरी ने बताया कि आवंटित भूमि पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत पांच कक्षा कक्षों का निर्माण होगा।

# भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर अस्पताल में प्रसूता ने जेनेटिक डिसऑर्डर बच्चे को दिया जन्म, मरीजो और चिकित्सकों में मचा हड़कंप

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा/ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के प्रसूता के बच्चे के जन्म देने के बाद चिकित्सक खुद हैरान हो गए और देखते ही देखते पूरे अस्पताल में चर्चा का विषय बन गया। बच्चें का सिर शरीर की तुलना में बड़ा , आंखें-नाक मुंह सब विकृत हैं। चिकितकों का मानना है कि जेनेटिक डिसऑर्डर के कारण इस तरह के बेबी होते हैं। ऐसे बच्चों के बचने की संभावना बहुत कम होती है। जहाजपुर हॉस्पिटल के डॉक्टर रोहिताश मीणा ने कहा ये रेयर कंडीशन है। इस तरह की संतान जेनेटिक डिसऑर्डर के कारण होती है। इसे कोलोडियल वे भी कहते हैं। इसमें बच्चे को मल्टीपल समस्याएं होती हैं। इस बच्चे की स्किन सूखी है। आखें विकसित नहीं हुई हैं। हार्ट में भी दिक्कत हो सकती है। ऐसे बच्चों के बचने की संभावना बहुत कम होती है। 100 में से 10 फीसदी बच्चे ही बच पाते हैं। ये भी ज्यादा दिन तक जिंदा नहीं रह पाते। ऐसे बच्चों को फीडिंग की दिक्कत आने के साथ-साथ कई तरह की बीमारियां होती हैं।

# आईआईएमएम अजमेर ब्रांच का हुआ उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड की ग्राम पंचायत सिंगावल- के ग्राम चौराहे पर स्थित रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर पर भारतीय सामग्री प्रबन्धन संस्थान का शनिवार को उद्घाटन होगा। संस्थान की निदेशक ऋतु चौहान ने बताया कि उद्घाटन समारोह में IIMM के राष्ट्रीय अध्यक्ष,उद्योगपति सहित अलग अलग इंडस्ट्रीज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे । उद्घाटन के बाद लॉजिस्टिक से संबंधित अलग अलग कोर्स चलाये जायेंगे जिसमे इंडस्ट्रियल सप्लाई चेन मैनेजमेंट सहित कई कोर्स शामिल हैं।



# महेश नवमी महोत्सव 2025 : उड़ान कार्यक्रम 31 मई को

## उड़ान कार्यकम के माध्यम से माहेश्वरी बेटियों को करेगे प्रशिक्षित, पोस्टर का किया विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** श्री नगर माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित महेश नवमी महोत्सव 2025 के कार्यक्रमो के तहत माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम द्वारा आगामी 31 मई को उड़ान कार्यकम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन उड़ान कार्यकम की मुख्य प्रभारी साधना मेलाना सहित विजयलक्ष्मी समदानी, सोनल भदादा के सानिध्य एवं नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया, महेश नवमी महोत्सव संयोजक पार्षद राधेश्याम सोमानी, सह संयोजक सुरेश बिरला व केजी राठी, माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम अध्यक्ष सीए सुनील सोमानी, संयोजक प्रदीप लाठी के आतिथ्य मे स्थानीय महेश छात्रावास में किया गया। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की उड़ान कार्यकम में 12 से 26 वर्षीय अविवाहित कन्याएं का शिविर आयोजित किया जायेगा। इस शिविर में इन बेटियों को निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षित करनें का प्रयास किया जायेगा। स्व संरक्षण (ैमर्स क्ममिदबम) बेटियों की अलग-अलग टीम बनाकर उनके मध्य विभिन्न समसामयिक विषयों पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। लव जिहाद एवं इसी प्रकार की घटनाओ पर द्विपक्षीय संवाद किया जाएगा। संयुक्त परिवार एवं भारतीय सस्कृत्ति के बारे में जागरूकता हेतू विभिन्न टीमों के मध्य भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। विभिन्न टीमो के मध्य ट्रेजर हण्ट खेल द्वारा पारस्परिक समन्वय से टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी।

**आरोग्य या चिकित्सा जानकारी :-** इस विषय में ख्यातनाम डॉक्टर/अनुभवी विषय विशेषज्ञ द्वारा आरोग्य विषयक जानकारी देंगे। साथ ही सभी का चेकअप कराया जाएगा। संवाद कला इस विषय के माध्यम सभी को मंच पे, ग्रुप में, इंटरव्यू में, सेमिनार्स में या अन्य जगह पर आत्मविश्वास से बोलने की कला सिखाई जाएगी शस्त्र के साथ शास्त्र का ज्ञान आध्यात्मिक विषयों एवं सनातन संस्कृति पर परम श्रद्धेय संत एवं महात्माओं आदि का मार्गदर्शन किया जाएगा जिस में परिवार व्यवस्था, रिश्ते नाते आदि का महत्व सिखाएंगे। विमोचन मे अभिजीत सारडा, महावीर समदानी, गोपाल नरानीवाल, प्रमोद डाड, सुभाष लढ़ा, कमल सोनी, अभिषेक बाहेती, नवनीत तोतला, मोहित सोमानी, मुकेश जागेटिया, आशीष लढ़ा, निखिल बिरला, मोहित सोडाणी, नवीन काकाणी, साक्षी आगाल, दीक्षा गट्टाणी, कनुप्रिया बाहेती, रजत गगरानी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र के ग्राम सूरजपुरा पाण्डोली स्टेशन में जारी सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत शुक्रवार रात्रि संत अनुजदास महाराज ने कहाकि भगवान श्रीकृष्ण ने गिरिराजधरण एवं वृक्षों का पूजन किया तो हमें भी पर्यावरण संरक्षण के बारे में सोचना चाहिये।वर्तमान समय में अत्यधिक गर्मी,अतिवृष्टि, अनावृष्टि,अकाल,भूकम्प आदि आपदाएं अधिक हो रही है।अंधाधुंध वृक्षों को काटना नहीं चाहिए उसका संरक्षण करना चाहिये।प्रत्येक व्यक्ति को जीवनकाल में पांच वृक्ष अवश्य लगाने चाहिये तथा देखभाल कर बड़ा करना चाहिये। उपसरपंच प्रतिनिधि पांडोली स्टेशन सत्यनारायण खण्डेलवाल ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में संत अनुजदास महाराज द्वारा कथा वाचन के दौरान के मुख्य प्रसंग माखन चोरी,गिरिराज लीला,छप्पन भोग की झांकी का वर्णन कर विस्तार से बताया गया।कथा के अन्त में प्रसाद का श्रद्धालुओं में वितरण किया गया।

# ब्रह्माकुमारीज के स्थानीय सेवाकेंद्र के तत्वावधान में आयोजित समर कैंप के चौथे दिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया

## बच्चों को एक्शन प्राथना अच्छे गीतों पर डांस के गुर सिखाए

बढ़ता राजस्थान



**बूँदी ( अनन्त दाधीच ) ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तिरुपति विहार स्थित ब्रह्माकुमारीज के स्थानीय सेवाकेंद्र के तत्वावधान में आयोजित समर कैंप के चौथे दिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में परमपिता की याद दिलाते हुए मीनाक्षी बहन ने सभी बच्चों को एक्शन के साथ एक सुंदर प्रार्थना कराई। इस प्रार्थना ने बच्चों को आध्यात्मिकता और शांति की भावना से जोड़ दिया।

इसके बाद, डांस टीचर नव्या गॉड ने बच्चों को डांस क्लास में अच्छे-अच्छे गीतों पर डांस सिखाया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ डांस सीखा और अपने आप को मस्ती भरे माहौल में पाया। स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती पर जोर देते हुए, डॉक्टर संजीव भाई ने बच्चों को हेल्थ टिप्स दिए और समझाया कि हमें अपनी हेल्थ के अनुसार क्या खाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्राणायाम भी कराया और इसके फायदों के बारे में बताया।स्वस्थ आहार और नियमित व्यायाम से हम अपने जीवन को स्वस्थ और संतुलित बना सकते हैं। प्राणायाम के दौरान बच्चों ने गहरी सांस लेने और छोड़ने का अभ्यास किया, जिससे उन्हें शांति और ताजगी की अनुभूति हुई। तुलसी दीदी जी ने बच्चों को डिजिटल डिटॉक्स के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को समझाया कि मोबाइल और अन्य डिजिटल उपकरणों का अत्यधिक उपयोग उनके जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जैसे कि मानसिक तनाव, शारीरिक समस्याएं, और सामाजिक कौशल की कमी। उन्होंने बच्चों को डिजिटल डिटॉक्स के लिए कई सुझाव दिए, जिनमें मोबाइल का उपयोग सीमित करना, बाहरी गतिविधियों में भाग लेना, पढ़ाई और अन्य रचनात्मक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना, और परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना शामिल है। इस चर्चा ने बच्चों को डिजिटल डिटॉक्स के महत्व के बारे में समझने में मदद की और उन्हें अपने जीवन को संतुलित और स्वस्थ बनाने के लिए प्रेरित किया। ब्रह्माकुमारी केतकी दीदी ने आज बच्चों को मदर्स डे के उपलक्ष में कार्ड मेकिंग कॉम्पिटिशन के बारे में बताया। इस कॉम्पिटिशन में सभी बच्चों ने अपनी माँ के प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त करने के लिए कार्ड बनाए। बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपनी माँ के प्रति अपनी भावनाओं को कार्ड मेकिंग के माध्यम से व्यक्त किया। कॉम्पिटिशन में बच्चों ने अपनी माँ के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए विभिन्न तरीकों का उपयोग किया। कुछ बच्चों ने अपनी माँ के साथ बिताए गए पलों को चित्रित किया, जबकि अन्य ने अपनी माँ के प्रति अपने प्यार और सम्मान को कार्ड मेकिंग में व्यक्त किया। ब्रह्माकुमारी केतकी दीदी ने बच्चों की कला और प्रतिभा की प्रशंसा की और उन्हें अपनी माँ के प्रति अपने प्यार और सम्मान को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

# हरीश तिवारी को प्राइवेट स्कूल वेलफेयर सोसाइटी बूंदी के जिला अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से किया नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**बूँदी ( अनन्त दाधीच ) ।** प्राइवेट स्कूल वेलफेयर सोसाइटी, बूंदी के जिला अध्यक्ष का चुनाव एक निजी स्कूल मैं संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी विश्वनाथ भारद्वाज ने बताया कि इस चुनाव में बूंदी जिले के समस्त ब्लॉकों नैनवा हिंडोली केशोरायपाटन लाखेरी इंदरगढ़ डाबी तालेड़ा साथ ही बूंदी शहर के निजी स्कूल के संचालक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से हरीश तिवारी को प्राइवेट स्कूल वेलफेयर सोसाइटी बूंदी के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया सभी सदस्यों ने हरीश तिवारी का मलयार्पणकर एवं मुंह मीठा करवा कर अभिनंदन किया। हरीश तिवारी को संविधान में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूर्ण ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ दिलवाई गई। हरीश तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि प्राइवेट स्कूल की मांगों को प्रदेश स्तर तक पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा एवं राज्य सरकार से मांगोको निवारण करवाने का भरपूर प्रयास किया जावेगा। सभी सदस्यों ने तिवारी को बधाई दी। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी विश्वनाथ भारद्वाज ,हिम्मत सिंह गौड, पूर्व जिला अध्यक्ष कविता, जैन ,जावेद अहमद,जेम्सपीथॉमस ,मेघराज जैन,,सत्यनारायण शर्मा बालिता, कमलेश शर्मा तालेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बाबू शर्मा, महेश कुमार वर्मा, कैलाश जांगिड़, सुरेंद्र गोस्वामी, अशोक जायसवाल राजेश कुमार पब्बी,, अब्दुल गफ्फार गोरी, अब्दुल वाजिद, प्रेम कुमार पाठक, राधेश्याम शर्मा हिंडोली नारायण सोनी हिंडोली मोहनलाल शर्मा नैनवा आदि काफी संख्या में निजी स्कूल के संचालक मौजूद रहे?। घर पहुंचने पर प्रबोधक संघ के जिला अध्यक्ष नूतन तिवारी ने अपने बड़े भाई हरीश तिवारी का माल्यार्पण कर एवं मुंह मीठा करवरकर अभिनंदन किया इस चुनाव में लगभग 200 की संख्या में निजी स्कूल के संचालक उपस्थित हुए।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर विशेष अभियान का हुआ आयोजन

## उच्च रक्तचाप के खतरे से बचाव व दिल की सुरक्षा के लिए जागरूक रहें आमजन : सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर शनिवार को चिकित्सा विभाग द्वारा 17 मई से 16 जून तक एक माह का विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य जागरूकता और एनसीडी स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन कर व्यापक स्तर बीपी, शुगर की जांच के साथ हीं नि:शुल्क परामर्श व उपचार सुविधाओं का लाभ आमजन को दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने बताया कि स्वास्थ्य की दिशा में हृदय रोग और उच्च रक्तचाप के जोखिम को कम करने के उद्देश्य से इस अभियान के तहत जिले के चिकित्सा संस्थानों में स्क्रीनिंग कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इन कैंपों में बीपी और शुगर की जांच के साथ-साथ उचित परामर्श व उपचार की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि हृदय रोग और उच्च रक्तचाप असामयिक मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हैं, जिन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर काफी हद तक रोका जा सकता है। यह अभियान आगामी 16 जून तक संचालित रहेगा, जिसमें आमजन को विशेष जागरूकता के साथ राज्य सरकार की निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जाएगा। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को उच्च रक्तचाप के खतरों से अवगत कराना और समय पर स्क्रीनिंग की महत्ता को समझाना है, ताकि हृदय रोग से होने वाली असामयिक मृत्यु को रोका जा सके। आमजन को इन बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए इस वर्ष 'कार्डियोवस्कुलर हेल्थ फॉर एवरीवन' थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत हो रही बड़ी कार्यवाही, 30 प्रकरण हुए न्यायालय मे पेश

बढ़ता राजस्थान

बूँदी (अनन्त दाधीच) । आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्र राजस्थान जयपुर महोदय के दिये गये आदेषों की अनुपालना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बून्दी डॉ. ओ.पी. सामर के नेतृत्व में जिले में शुद्ध आहार मिलावट पर प्रहार अभियान के अन्तर्गत दिनांक 01 सितम्बर 2024 से 31 मार्च 2025 तक अभियान के दौरान एफएसएस एक्ट 2006 के तहत 132 नमूने एक्ट में लिये गये थे जिनमें से 32 नमूने सबस्टैण्डर्ड व 2 नमूना अनसैफ पाये गये। अवमानक/अनसैफ पाए गये प्रकरणों में से 30 प्रकरण को माननीय न्यायालय में प्रकरण पेष कर दिया गया है तथा 2 अनसैफ प्रकरण प्रक्रियाधिन है।

# राजस्थान में 25 संस्थाओ में से पहले स्थान पर ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान को मिला दर्जा

## जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन रिभु जिन्हें हाल ही में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन मैडल ऑफ़ ऑनर से किया सम्मानीत

बढ़ता राजस्थान




**बूँदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूँदी में काम कर रही ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान जो राजस्थान, में गरीब और हाशिए वाले समुदायों के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाला एक समर्पित संगठन है। 2002 में अपनी स्थापना के बाद से, हम सामाजिक विकास, समाज के हाशिए वाले वर्गों के अधिकारों की रक्षा, नागरिक-केंद्रित विकास, क्षमता निर्माण, ज्ञान निर्माण, कार्रवाई अनुसंधान और नीति वकालत पर केंद्रित विभिन्न पहल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान बच्चो की न्याय तक पहुच कार्यक्रम के तहत 2023 से बूंदी, करौली, सवाईमाधोपुर में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी और बाल यौन शोषण से सुरक्षा के माध्यम से बाल विकास सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहा हैं। हाल ही में बच्चो की न्याय तक पहुच कार्यक्रम के तहत 12 से 16 मई तक बचपन बचाओ आन्दोलन के राष्ट्रीय सचिव और बाल- अधिकार अधिवक्ता श्री भुवन रिभु की अध्यक्षता में दिल्ली मे योजना एवं सह-निर्माण कार्यशाला रखी गयी, जिसमे 429 जिलो से 228 संस्थाए आई, जो बच्चो के हित और संरक्षण के लिए कार्य कर रही है, जिसमे राजस्थान में बच्चो की न्याय तक पहुच कार्यक्रम के तहत बच्चो के हित में बाल-विवाह, बाल-श्रम, बाल-तस्करी, आदि सामाजिक मुद्दों पर ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान को बच्चो के अधिकारों के लिए बूंदी, करौली, सवाईमाधोपुर और झालावाड़ में बेहतर काम करने के लिए भुवन रिभु (जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक, जिन्हें हाल ही में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसि एशन मैडल ऑफ़ ऑनर से सम्मानीत किया गया है) के द्वारा ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक श्री छैल बिहारी शर्मा को अवार्ड से सम्मानित किया गया, और दस लाख रू. संस्था के विकास के लिए दिए गए, यह पुरे भारत में 7 संस्थाओ को मिला, जिसमे राजस्थान में 25 संस्थाओ में से पहले स्थान पर ग्रामराज्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान को मिला।

यह हम सब के लिए बहुत सम्मानीय और गौरवपूर्ण बात है, की आज हम इस मुकाम पर है, हमे आशा है, कि आने वाले दिनों में हम बच्चो के अधिकारों के लिए प्रशासन के सहयोग से और बेहतरीन कार्य करेंगे ।

# भारत-पाक तनाव से स्थगित जादूगर आंचल का शो आज से भीलवाड़ा में फिर शुरू

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स एवं द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में स्थान बना चुकी, उदयपुर निवासी विश्व प्रसिद्ध जादूगर आंचल का बहुप्रतीक्षित जादुई शो अब 18 मई से भीलवाड़ा में शुरू होने जा रहा है। शो का उद्घाटन 18 मई को शाम 4 बजे, कृषि उपज मंडी के सामने स्थित महर्षि गौतम स्कूल में बने विशेष एयर-कूल्ड डोम में होगा। पूर्व में यह शो 9 मई से शुरू होने वाला था, किंतु पहलगाम की घटना के चलते भारत-पाक तनाव की स्थिति को देखते हुए इसे कुछ समय के लिए स्थगित किया गया था। सोमवार से शनिवार रोजाना 2 शो 4 बजे एवं 7.30 बजे एवं रविवार 3 शो — 1 बजे, 4 बजे एवं 7.30 बजे रखे गए है। टिकट बिक्री कार्यक्रम स्थल पर 17 मई को सुबह 10 बजे से शुरू होगी। भीड़ से बचने के लिए कृपया एडवांस बुकिंग कराएं। आगामी 1-2 दिनों में क्ष्भश्चद्मस्न्वस्द्धश्2 पर ऑनलाइन टिकट भी उपलब्ध होंगी।

# दुर्लभ ब्रेन ट्यूमर का ऑपेशन कर मरीज की बचाई जान

## झालावाड़ मेडीकल कॉलेज के न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. रामसेवक योगी व उनकी टीम की एक और उपलब्धि

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़।** कोटा जिले के खेरावाद निवासी 40 वर्षीय रेखा बाई को 3 महिने से रहस्यमयी सिरदर्द से जुझने के बाद आखिरकार झालावाड मेडिकल कॉलेज के न्यूरोसर्जरी के डॉक्टरों ने नयी जिन्दगी दी । रेखा बाई पिछले 3 महिने से सिरदर्द के चलते कई डॉक्टर से इलाज लेने के बाद झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के न्यूरो सर्जरी विभाग मे विभागाध्यक्ष डा. राम सेवक को दिखाया और जांच करने पर मालूम हुआ की उसके दिमाक मे अत्यन्त दुर्लभ ट्यूमर है जिसकी एमआरआई करवाई जिसमे पता चला की ब्रेन ट्यूमर दिमाग् के खून की नश के पास है और ऑपरेशन अत्यन्त जटिल है। जिसका 10 मई को ऑपरेशन किया गया। सर्जरी उत्यंत जटिल डा. योगी ने बताया कि यह सर्जरी अत्यंत जटिल थी। क्योंकी ट्यूमर मस्तिष्क की महत्वपूर्ण खून की नस के पास थी, जिसकी वजह से मरीज के एक साइड का हाथ और पाँव काम करना बंद कर सकता था । इसके बावजूद आरपेशन सफल रहा। मरीज की स्थिति अभी स्थिर है।द्य ऑपरेशन के दौरान मरीज को 2 बोतल रक्त का भी चढ़ाना पडा। और यह ऑपरेशन आयुषमान आरोग्य योजना अंतर्गत मुफ्त में हुआ। टीम डॉ रामावतार मालव डॉ हरीश गुप्ता ,डॉ जोएल, डॉ चेतन और नर्सिंग ऑफिसर कन्हिया लाल एवं प्रेमलता जी का सहयोग रहा ।

# वन विभाग की गश्ती टीम की कार्यावाही, गीली लकड़ियो से भरा हुआ मिनी ट्रक जप्त

बढ़ता राजस्थान

नैनवां,(टी.आर सैनी)। शुक्रवार रात्री को वन विभाग की गश्ती टीम ने कार्यवाही करते हुए लकड़ियो से भरा हुआ मिनी ट्रक को जप्त किया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी कविता चैधरी ने बताया कि वन विभाग की गश्ती टीम हाईवे पर गश्त कर रही थी इसी दरम्यान चेनपुरा गांव की ओर से एक गीली लकड़ियो से भरा हुआ मिनी ट्रक आते हुए नजर आया। टीम ने नाकेबंदी करके मिनी ट्रक को रोका ओर लकड़िया परिवहन के दस्तावेज मांगे गये। मौके पर चालक के पास कोई दस्तावेज नहीं होने पर मिनी ट्रक चालक ने उनियारा की तरफ भगाने की कोशिश की। मौके की नजाकत को देखते हुए चालक ने अपने वाहन को खड़ा करके फरार हो गया। वन विभाग की गश्ती टीम ने लकड़ियो से भरा हुआ मिनी ट्रक को जप्त करके वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

# शहर मण्डल के दो दर्जन करीब कार्यकर्ताओ ने दिया सक्रिय सदस्यता से इस्तीफा

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** भाजपा शहर मण्डल नैनवां के नये अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद भाजपा में गुटबाजी मुखर हो गई है। शनिवार को भाजपा शहर मंडल नैनवां के दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओ ने मंडल अध्यक्ष के पद पर गलत व्यक्ति का चयन किया जाने पर रोष प्रकट करते हुए सक्रिय सदस्यता से इस्तीफा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर को भेजा गया। इस्तीफा भेजने में प्रमोद कुमार जैन पूर्व अध्यक्ष, उम्मेद नगर पार्षद,सीमा शर्मा पार्षद रामबाबू वर्मा पार्षद, रजनीश शर्मा पार्षद, ओम प्रकाश गुर्जर पार्षद, केसर लाल नोकिया पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी, मंडल अध्यक्ष आदित्य पाराशर मंडल, महामंत्री रामस्वरूप वर्मा, मंडल महामंत्री राजेंद्र सिंह नरूका, अरविंद अटल सोनी, महेंद्र सिंह सिसोदिया, अरविंद शर्मा बूथ अध्यक्ष अशोक नगर, रघु व्यास महिला मोर्चा के अध्यक्ष, रेखा नगर महावीर नगर बूथ अध्यक्ष, टिंकू चैधरी आईटी सेल के संयोजक मांगीलाल सैनी, दीपक चोपड़ा ,मोजीराम गुर्जर शक्ति केंद्र संयोजक, पूर्व पार्षद भंवर सिंह सोलंकी, कालू दायमा जिला अध्यक्ष कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी की अपनी सक्रिय सदस्यता से इस्तीफा दिया।

# रोस्टन चेज वेस्टइंडीज के नए टेस्ट कप्तान

**दो साल बाद टीम में वापसी, ब्रैथवेट की जगह लेंगे; ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से करेंगे कप्तानी**



वेस्टइंडीज ने दो साल से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर रोस्टन चेज को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। वह क्रैग ब्रैथवेट की जगह लेंगे। ब्रैथवेट ने इस साल के मार्च में टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। वेस्टइंडीज ने उनकी कप्तानी में खेले 39 मैच में से 10 टेस्ट जीते, 22 हारे और सात ड्रॉ रहे।

चेज 2023 में आखिरी बार टेस्ट खेला था चेज ने आखिरी बार मार्च 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट खेला था। तब से वेस्टइंडीज ने 13 टेस्ट खेले, लेकिन उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। अब टीम में वापसी के साथ ही उन्हें कप्तान बनाया गया है। इससे पहले वे एक वनडे और एक टी-20 में कप्तानी कर चुके हैं।

चेज की अगुआई में टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगी, जो 25 जून से ब्रिजटाउन में शुरू होगी।

चेज अब तक 49 टेस्ट खेले हैं चेज ने अब तक 49 टेस्ट में 2265 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतक शामिल हैं। उनका औसत 26.33 है। गेंद से भी उन्होंने 85 विकेट लिए हैं। शुरुआत में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। पहले 10 टेस्ट में उनका बैटिंग एवरेज 48.53 रहा, लेकिन इसके बाद उनका ग्राफ गिरा।

6 खिलाड़ियों के नाम पर विचार के बाद चेज का नाम पर हुआ फैसला वेस्टइंडीज टेस्ट टीम की कप्तान के लिए रोस्टन चेज के अलावा जॉन कैम्पबेल, टेविन इमलाच, जोशुआ दा सिल्वा, जस्टिन ग्रीव्स और जोमेल वारिकन जैसे खिलाड़ी भी रेस में थे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बताया कि कप्तान चुनने के लिए एक डेटा-आधारित, साइकोमेट्रिक टेस्ट वाला प्रोसेस अपनाया गया था। सभी प्रक्रिया के बाद रोस्टन चेज को कप्तान चुनने का फैसला किया गया।

सीडब्ल्यूआई अध्यक्ष डॉ. किशोर शैलो ने इस चयन को वेस्टइंडीज क्रिकेट की सबसे सोच-समझकर की गई प्रक्रिया बताया। कोच डैरेन सैमी ने भी कहा कि, चेज को उनके साथियों का सम्मान मिला है और वो टीम को आगे ले जाने के लिए जरूरी लीडरशिप क्वालिटीज दिखा चुके हैं।

# डियर क्रिकेट करुण नायर को फिर से टीम इंडिया..., इरफान पठान का दिल छू लेने वाला पोस्ट वायरल

दाएं हाथ के बल्लेबाज करुण नायर को अभिमन्यु ईश्वरन की कप्तानी वाली इंडिया ए टीम में इंग्लैंड के आगामी दौरे के लिए चुना गया है। इस सीरीज का आगाज 30 मई से शुरू हो रहा है। इंडिया ए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच खेलेगी, जिसका पहला 30 मई से 2 जून तक कैंटरबरी में और दूसरा 6 जून से 9 जून तक नॉर्थम्प्टन में खेला जाना है।

इसके बाद 13 जून से 16 जून तक बेकेनहम में सीनियर इंडिया टेस्ट टीम के खिलाफ एक इंट्रा-स्क्वाड मैच होगा। इस बीच इंडिया-ए टीम में करुण नायर के सिलेक्शन के बाद भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने उनके लिए दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर किया है।

दरअसल, करुण नायर ने 2016-17 के बीच भारत के लिए 6 टेस्ट और 2 वनडे खेले थे। उसके बाद उन्हें अचानक टीम से बाहर निकाल दिया गया और फिर सिलेक्टर्स ने उन्हें दोबारा मौका नहीं दिया। साल 2022 में नायर ने एक पोस्ट शेयर किया था, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। उस पोस्ट में उन्होंने लिखा था, डियर क्रिकेट मुझे एक और मौका दो।

अब दो-तीन साल की मेहनत के बाद करुण नायर को टीम में मौका मिला है। उनके इंडिया-ए टीम में चुने जाने के बाद इरफान पठाने ने उनके लिए पोस्ट किया।

# संजू सैमसन हैं तैयार तो वैभव सूर्यवंशी जाएंगे टीम से बाहर, पंजाब भी करेगी दो बड़े बदलाव!







जब आईपीएल-2025 को बीच में रोका गया था तब पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हो रहा था। हालांकि, उस मैच को अब दोबारा खेला जाएगा, लेकिन इससे पहले पंजाब की टीम जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। इस मैच में पंजाब की टीम अपनी प्लेइंग-11 में बदलाव करने को मजबूर है। कुछ यही हाल राजस्थान रॉयल्स का है। राजस्थान की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। अब उसके लिए बाकी के मैच सम्मान की लड़ाई है। वहीं पंजाब की टीम प्लेऑफ की रेस में है। 11 मैचों में पंजाब ने सात मैचों में जीत हासिल की है तो वहीं तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। उसके इस समय 15 अंक हैं।

## पंजाब देगी इन खिलाड़ियों को मौका

पंजाब के कुछ विदेशी खिलाड़ी अपने घर लौट गए थे। ये खिलाड़ी हैं मार्कस स्टोइनिस और जोश इंग्लिस। हालांकि, ये दोनों अभी तक लौटे नहीं हैं और इसलिए राजस्थान के खिलाफ मैच में उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। इसके बाद वह सभी मैचों में उपलब्ध रहेंगे। राजस्थान के खिलाफ विष्णु विनोद को मौका मिल सकता है। वह इंग्लिस की जगह ले सकते हैं। वहीं स्टोइनिस की जगह हरप्रीत बराड़ को मौका मिल सकता है।

प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह की जोड़ी ओपनिंग की जिम्मेदारी निभाएंगे। विष्णु विनोद तीसरे नंबर पर आ सकते हैं। उनके बाद श्रेयस अय्यर, नेहाल वढेरा, शशांक सिंह का खेलना तय है। फिर हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह ओमरजई, मार्को यानसेन, युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह का नाम होना तय है।

## राजस्थान को भी करना होगा बदलाव

राजस्थान को भी अपनी प्लेइंग-11 में एक बदलाव करना होगा। टीम के स्टार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर अब भारत नहीं लौटेंगे। ऐसे में उनकी कमी टीम को खलेगी। पंजाब के खिलाफ अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी को कप्तान संजू सैमसन मौका दे सकते हैं। संजू अब खेलने के लिए फिट लग रहे हैं। उनका नेट्स पर बल्लेबाजी करते हुए वीडियो आया है जो बताता है कि वह वापसी को तैयार है। अगर वह आते हैं तो ऐसे में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को बाहर बैठना पड़ा सकता है। वह संजू की जगह ही टीम में आए थे और यशस्वी के साथ ओपनिंग कर रहे थे। कुणाल सिंह राठोर तीसरे नंबर पर खेलेंगे।

फिर रियान पराग, ध्रुव जुरेल, वानिंदू हसारंगा, शिमरॉन हेटमायर, शुभम दुबे, फजलहक फारूकी के नाम प्लेइंग-11 वाली टीम शीट पर होंगे। महीश तीक्षणा और युदवीर सिंह का भी खेलना पक्का है।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, कुणाल सिंह राठौर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, वानिंदू हसारंगा, शिमरॉन हेटमायर, शुभम दुबे, फजलहक फारूकी, महीश तीक्षणा, युदवीर सिंह।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांस आर्या, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहाल वढेरा, शशांक सिंह, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह ओमरजई, मार्को यानसेन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह।

# एमएस धोनी ने फैंस को दी गुड न्यूज

## आईपीएल 2026 में खेलने पर आया बड़ा अपडेट



महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल में सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले प्लेयर हैं। उन्होंने अब तक खेले 276 मैच की 241 पारियों में 38 .46 की औसत और 137 .63 की स्ट्राइक रेट से 5423 रन बनाए हैं। इस दौरान धोनी ने 24 अर्धशतक लगाए हैं। वह आईपीएल में छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। आईपीएल 2025 में माही अब तक 12 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान 140 की स्ट्राइक रेट से धोनी ने 180 रन बनाए हैं।

आईपीएल 2025 की फिर से शुरुआत हो गई है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण लीग के 18वें सीजन को बीच में रोकना पड़ा था। इस सीजन 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। टीम पहले ही मौजूदा सीजन से एलिमिनेट हो चुकी है। चेन्नई सुपर किंग्स ने इस सीजन अब तक खेले 12 में से 3 मैच ही जीते। 6 में चेन्नई को हार का सामना करना पड़ा। 18वें सीजन में चेन्नई को अब 2 मैच ही खेलने हैं।

20 मई को सीएसके का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह टक्कर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगी। इसके बाद 5 मई को धोनी की सेना गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। चेन्नई के नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ चोट के कारण इस सीजन से बाहर हो गए थे। ऐसे में एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी को चेन्नई की कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई। हालांकि, माही की कप्तानी में भी सीएसके की किस्मत नहीं बदली। जैसे-जैसे आईपीएल 2025 समाप्त होता जा रहा है, फैंस के मन में सवाल उठने लगे हैं कि क्या धोनी अगले सीजन में खेलते नजर आएंगे। टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, धोनी आईपीएल 2026 भी खेलेंगे। खुद धोनी की ओर से फ्रेंचाइजी मालिकों को इस बात का कोई संकेत नहीं दिया गया है कि यह उनका आखिरी सीजन है। धोनी ने कहा है कि वह कुछ महीने बाद इस पर निर्णय लेंगे। हालांकि, धोनी के कप्तान बने रहने की संभावना नहीं है। कोहनी की चोट से उबरने के बाद यह जिम्मेदारी रुतुराज गायकवाड़ को सौंपी जा सकती है। गायकवाड़ की कप्तानी में पिछले डेढ़ सीजन में चेन्नई का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है।

# एसआरटी 100 : सचिन तेंदुलकर के नाम जुड़ी एक और उपलब्धि, गावस्कर के बाद बने दूसरी भारतीय क्रिकेटर



क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने बीसीसीआई मुख्यालय में अपने नाम से एक बोर्ड रूम का उद्घाटन किया। इसका नाम 'एसआरटी 100' रखा गया है। इसमें 100 शतकों को दिखाया गया है। बीसीसीआई ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसमें तेंदुलकर अपनी कुछ बेहतरीन यादों पर बात करते नजर आए। तेंदुलकर के अलावा सुनील गावस्कर के नाम पर भी एक रूम बीसीसीआई मुख्यालय में है।

इस खास मौके पर सचिन तेंदुलकर ने कहा, क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के ठीक सामने एक छोटा सा कमरा था। मुझे आज भी याद है कि 1989 में जब मैं पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गया था, तब मैं वहां गया था। यह बीसीसीआई का कार्यालय था। वहां से लेकर आज तक का बदलाव बहुत बड़ा है।

सचिन तेंदुलकर ने भारत द्वारा जीती गई आईसीसी ट्रॉफियों को देखते हुए कहा, इस जगह को और भी खास बनाने वाली ये अनमोल ट्रॉफियां हैं। यह इस बात का रिफ्लेक्शन है कि बीसीसीआई के पदाधिकारी और खिलाड़ी देश को यह उपलब्धि दिलाने में किस तरह की योजना बना पाए और उसे एग्जीक्यूट कर पाए। इसलिए ये खास पल हैं।

## स्वास्थ्य

# सौंफ के तेल से सेहत को मिलते हैं कई फायदे रेगुलर इस्तेमाल से दूर हो सकती हैं कई समस्याएं



सौंफ के फायदे के बारे में, तो आपने हजारों बार सुना होगा लेकिन क्या आप जानते हैं कि सौंफ का तेल भी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें प्रचुर मात्रा में फाइबर, प्रोटीन, जिंक, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। इसके इस्तेमाल से शरीर की कई परेशानियां दूर होती है और शरीर लंबे समय तक स्वस्थ रहता है। सौंफ का तेल से पाचन तंत्र हेल्दी होता हैं और इम्यूनिटी मजबूत होती है। ये खाना पचाने में भी मदद करता है। इसका इस्तेमाल कई तरीकों से किया जा सकता हैं। इसके नियमित इस्तेमाल से कब्ज की समस्या भी दूर होती है।

## पाचन तंत्र मजबूत करे

अगर आप भी लंबे समय से कब्ज से परेशान रहते हैं, तो डाइट में सौंफ के तेल को शामिल करें। सौंफ के तेल में मौजूद फाइबर मल को सॉफ्ट बनाने के साथ पेट को क्लीन रखने में मदद करते हैं। इसके सेवन से अपच, गैस और बदहजमी की समस्या दूर होती है। सौंफ का तेल खाना पचाने में मदद करता है।

## बालों के लिए फायदेमंद

सौंफ का तेल बालों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ये स्कैल्प को साफ करने के साथ, बालों को मजबूत करता है और हेयर ग्रोथ को भी बढ़ाता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए इसके तेल से बालों की मसाज करें। ऐसा करने से बाल लंबे समय तक हेल्दी रहते हैं।

## पीरियड्स पेन से छुटकारा

अधिकतर महिलाओं को पीरियड्स के दौरान काफी पेन होता है। इस तेल में एंटी-स्पास्मोडिक और दर्द निवारक गुण पाए जाते हैं, जो पेट में होने वाली ऐंठन और दर्द को दूर करता है और पीरियड पेन से छुटकारा दिलाता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच नारियल के तेल में 2 बूंद सौंफ के तेल की मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस तेल से हल्के हाथ से पेट की मसाज करें। ऐसा करने से पीरियड में होने वाले दर्द से छुटकारा मिलेगा।

## खांसी-जुकाम दूर करे

कई बार मौसम बदलने के साथ खांसी-जुकाम की परेशानी हो जाती है। ऐसे में सौंफ के तेल में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स सर्दी-खांसी को ठीक करने के साथ बंद नाक को खुलने में मदद करता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 भगोने गर्म पानी में कुछ बूंदे सौंफ के तेल की डालकर इस पानी से भाप लें। ऐसा करने से खांसी-जुकाम आसानी से दूर होगा।

## त्वचा को निखारे

सौंफ के तेल के इस्तेमाल से स्किन को भी ग्लोइंग बनाया जा सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए सौंफ के तेल को पानी में डालकर इस पानी से भाप लें। तेल में मौजूद एंटीइंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल गुण त्वचा को निखारते हैं। हफ्ते में 2 बार इस तेल से भाप ली जा सकती हैं।

# त्वचा पर लगाएं ये आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां रंगत में आएगा सुधार और बढ़ेगा निखार

हर व्यक्ति स्वस्थ और दमकती त्वचा पाना चाहता है। लेकिन आजकल के बढ़ते प्रदूषण, धूल-मिट्टी और धूप का हमारी त्वचा पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है। इसकी वजह से त्वचा की रंगत खराब होने लगती है और चेहरा डल नजर आने लगता है। त्वचा की डार्कनेस को कम करने के लिए लोग कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं और ब्यूटी ट्रीटमेंट्स भी लेते हैं। लेकिन ये काफी महंगे होते हैं, साथ ही इनमें मौजूद हानिकारक केमिकल्स से त्वचा को नुकसान भी पहुंच सकता है। ऐसे में अगर आप अपनी त्वचा पर प्राकृतिक निखार पाना चाहते हैं, तो आयुर्वेद का सहारा ले सकते हैं। त्वचा की रंगत निखारने के लिए कुछ आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का प्रयोग प्राचीन समय से किया जा रहा है। ये पूरी तरह से केमिकल फ्री होती हैं इसलिए इनके इस्तेमाल से स्किन को नुकसान पहुंचने का खतरा भी न के बराबर होता है।

## मुलेठी

मुलेठी हमारी सेहत के साथ-साथ त्वचा के लिए भी काफी फायदेमंद होती है। मुलेठी स्किन की रंगत में सुधार करने के साथ त्वचा की समस्याओं को दूर करने में भी कारगर है। मुलेठी के प्रयोग से पिंपल्स,डार्क स्पॉट्स, पिगमेंटेशन और डार्क सर्कल्स आदि समस्याएं दूर हो सकती हैं। इसमें मौजूद गुण सूजन की हानिकारक किरणों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। त्वचा की रंगत निखारने के लिए आप मुलेठी पाउडर को खीरे के जूस और हल्दी के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाएं।

## हल्दी

आयुर्वेद में हल्दी को औषधीय गुणों का खजाना कहा गया है। त्वचा की रंगत को निखारने के लिए हल्दी का इस्तेमाल सदियों से किया जा रहा है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट्स गुण होते हैं, जो त्वचा की समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। चेहरे पर हल्दी लगाने से पिंपल, डार्क स्पॉट्स और झुर्रियों की समस्या दूर हो सकती है। त्वचा की चमक बढ़ाने के लिए आप हल्दी को बेसन और गुलाब जल के साथ मिलाकर लगा सकते हैं।

## खसखस

त्वचा पर प्राकृतिक निखार पाने के लिए आप खसखस या खस का प्रयोग कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा के दाग-धब्बों और पिगमेंटेशन को दूर करने में मदद करते है। यह त्वचा की रंगत सुधारने में भी बेहद लाभकारी है। इसका प्रयोग करने के लिए आप 2 चम्मच खसखस को 4 चम्मच दूध के साथ मिलाकर ग्राइंड कर लें। फिर इस मिश्रण को अपने



चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट बाद पानी से धो दें। इससे त्वचा मुलायम और चमकदार बनेगी।

## केसर

त्वचा की रंगत निखारने के लिए केसर भी बहुत फायदेमंद है। केसर को चेहरे पर लगाने से त्वचा की गंदगी साफ होती है और दाग-धब्बों से भी छुटकारा मिलता है। केसर में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो पिंपल्स और एक्ने की परेशानी को दूर करने में आपकी मदद कर सकते हैं। केसर और दूध को मिलाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा पर नैचुरल ग्लो आता है।


## चंदन

आयुर्वेद में सदियों से चंदन का इस्तेमाल त्वचा की रंगत निखारने के लिए किया जा रहा है। चंदन त्वचा को कूलिंग इफेक्ट देता है और त्वचा की सफाई में भी मदद करता है। चेहरे पर चंदन लगाने से मुंहासे, दाग-धब्बे और झुर्रियों की समस्या दूर हो सकती है। इसके लिए चंदन पाउडर को गुलाब जल या सादे पानी के साथ मिलाकर पेस्ट बनाएं। फिर इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें। इससे आपके चेहरे पर नैचुरल ग्लो आएगा।

मूवी रिव्यू

# मिशन : इम्पॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग

## अंतिम मिशन में अदृश्य दुश्मन से जंग, टॉम क्रूज की दमदार विदाई, लेकिन कहानी थोड़ी थकी-थकी




1996 में शुरू हुई Mission : Impossible सीरीज अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। आठ फिल्मों में फैली इस दुनिया की सबसे पॉपुलर एक्शन फ्रेंचाइजी का ये आठवां और संभवत: आखिरी भाग है—मिशन: इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग। टॉम क्रूज ने 30 सालों तक ईथन हंट बनकर जो नाम और नजीर रची, वो अब इतिहास बन जाने वाली है।

मेकर्स का दावा है कि ये फ्रेंचाइजी की अंतिम फिल्म है, और यदि वाकई ऐसा है तो फैंस को अलविदा कहने में थोड़ी कसक और फिल्म से थोड़ी निराशा भी महसूस हो सकती है। यह फिल्म आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 49 मिनट है। इस फिल्म को 5 में से 3 स्टार रेटिंग दी है।

### फिल्म की स्टोरी कैसी है?

फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होती है, जहां पिछली फिल्म खत्म हुई थी। एक 'इनटीटी' यानी अदृश्य एआई दुश्मन दुनिया के डिजिटल सिस्टम को तहस-नहस करने की ताक में है। अमेरिका की राष्ट्रपति खुद ईथन हंट को एक वॉइस मैसेज भेजती हैं, और कहती हैं— दुनिया को एक बार फिर तुम्हारी जरूरत है। इसके बाद शुरू होती है वो रेस जिसमें ईथन को न सिर्फ अमेरिका, बल्कि पूरी मानवता को इस अदृश्य खतरे से बचाना है।

### स्टारकास्ट की एक्टिंग कैसी है?

टॉम क्रूज एक बार फिर साबित करते हैं कि वो सिर्फ एक अभिनेता नहीं, एक जुनूनी फाइटर हैं। 62 साल की उम्र में उनकी एनर्जी, स्टंट और इमोशनल एक्सप्रेशन कमाल के हैं। हेलिकॉप्टर चेज और समंदर के अंदर वाला सीन उनकी मेहनत और साहस की मिसाल है।

सपोर्टिंग कास्ट में हैली एटवेल, विंग रहाम्स, साइमन पेग और एंजेला बैसेट ने भी अपनी भूमिकाओं को मजबूती से निभाया। खास तौर पर लुसी तुलुगर्जुक की सादगी और ह्यूमर वाला किरदार दर्शकों को हल्की मुस्कान दे जाता है।

### निर्देशन व तकनीकी पक्ष कैसा है?

क्रिस्टोफर मैकक्वैरी का निर्देशन भव्य और गंभीर है, लेकिन इस बार टोन थोड़ा ड्रामेटिक और खिंचा हुआ लगता है। पहले हाफ में फिल्म जरूरत से ज्यादा डायलॉग्स और भूमिका निर्माण में समय लेती है, जिससे गति थम सी जाती है। हालांकि, दूसरे हाफ में जैसे ही टॉम एक्शन मोड में आते हैं, फिल्म जान पकड़ती है।

समंदर के नीचे का सीन और हेलिकॉप्टर चेज सीन रोंगटे खड़े कर देने वाले हैं। हालांकि कहानी predictable है, लेकिन कुछ सीन्स और टॉम क्रूज की मौजूदगी इसे engaging बना देती है। तकनीकी तौर पर फिल्म जबरदस्त है। फ्रेजर टैगार्ट की सिनेमैटोग्राफी UK, USA और साउथ अफ्रीका के लोकेशन्स को post-card जैसा बनाती है।

### फिल्म का म्यूजिक कैसा है?

बैकग्राउंड स्कोर नया और शानदार है, पुराने बीजीएम को दोहराए बिना ताजगी देता है।

### फिल्म का फाइनल वर्डिक्ट, देखें या नहीं?


अगर आप Mission: Impossible फ्रेंचाइजी के फैन हैं तो ये फिल्म अलविदा कहने से पहले एक आखिरी सलामी की तरह जरूर देखनी चाहिए। हां, ये उनकी सबसे टाइट फिल्म नहीं है, लेकिन टॉम क्रूज की मौजूदगी और कुछ जबरदस्त सीन इसे यादगार बना देते हैं।

# कभी थे बॉलीवुड के सुपरस्टार, फिर बिक गईं गाड़ियां-बंगला-किताबें

इस एक्टर को बस स्टॉप पर अकेले देख भावुक हुए थे महानायक अमिताभ बच्चन

बॉलीवुड में राजेश खन्ना को अक्सर पहला सुपरस्टार कहा जाता है, लेकिन उनसे पहले दिलीप कुमार और भारत भूषण जैसे दिग्गज कलाकारों ने इंडस्ट्री पर राज किया था। भारत भूषण एक साधारण इंसान थे, लेकिन 1950 के दशक में उन्होंने 'बैजू बावरा', 'मिर्जा गालिब' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बना ली।







उनकी अदायगी और मासूमियत ने उन्हें उस दौर का रोमांटिक हीरो बना दिया, लेकिन फिल्म प्रोडक्शन में कुछ गलत फैसलों ने उनका करियर और जमा पूंजी दोनों खत्म कर दी। कहा तो यहां तक जाता है कि उन्होंने अपना बंगला, गाड़ियां और किताबें तक बेच दीं। आखिरकार, वे मुंबई के मलाड इलाके के एक छोटे से फ्लैट में रहने लगे। 1992 में जब उनका निधन हुआ, तो अंतिम संस्कार में सिर्फ सात-आठ लोग मौजूद थे।

### अमिताभ ने ब्लॉग में जिक्र किया था

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत भूषण से जुड़ी एक घटना को अभिनेता अमिताभ बच्चन ने भी ब्लॉग में शेयर किया था। 2008 में एक ब्लॉग में उन्होंने लिखा था कि एक सुबह जब वे काम पर जा रहे थे, तब उन्होंने भारत भूषण को सांताक्रूज के एक बस स्टॉप पर अकेले खड़ा देखा। कोई उन्हें पहचान नहीं रहा था, कोई उनके पास नहीं आ रहा था। वो भीड़ में बस एक आम आदमी की तरह थे।

### भारत भूषण को कार में बिठाना चाहते थे अमिताभ

बच्चन ने लिखा था कि उन्होंने उन्हें कार में बिठाने का सोचा, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पाए। उन्हें लगा कि कहीं वो उन्हें शर्मिंदा न कर दें। अमिताभ ने लिखा था, लेकिन वो सीन मेरे दिल में रह गया है और शायद हमेशा रहेगा। ये किसी के भी साथ हो सकता है। उन्होंने गुरु दत्त की फिल्म 'कागज के फूल' की पंक्तियों को याद करते हुए लिखा था— वक्त ने किया क्या हसीन सितम, तुम रहे न तुम, हम रहे न हम... वहीं, पत्रकार अली पीटर जॉन ने भी भारत भूषण के उतार-चढ़ाव पर लिखा था। उनके मुताबिक, बैजू बावरा फिल्म के लिए दिलीप कुमार और नरगिस पहली पसंद थे, लेकिन निजी कारणों से उन्होंने साथ काम करने से मना कर दिया। इसके बाद भारत भूषण को मौका मिला और फिल्म ने इतिहास रच दिया, लेकिन वक्त ने करवट बदली। स्टारडम खत्म हुआ। काम मिलना बंद हो गया। एक समय के हीरो को छोटे-मोटे रोल करने पड़े। उनकी मौत एक गुमनाम कलाकार की तरह हुई। भारत भूषण की कहानी सिर्फ एक अभिनेता की नहीं, बल्कि फिल्मी दुनिया की असलियत है — जहां चमकते सितारे भी कभी-कभी अंधेरे में खो जाते हैं।

भारत भूषण का ऐसा रहा था करियर भारत भूषण का जन्म मेरठ में 1920 में हुआ। मां की मौत के बाद वे दादाजी के पास अलीगढ़ चले गए। पिता वकील बनाना चाहते थे, लेकिन भारत ने एक्टर बनने की ठानी। पहले कलकत्ता और फिर मुंबई पहुंचे भारत भूषण ने 1941 में किदार शर्मा की फिल्म चित्रलेखा से अपने करियर की शुरुआत की। शुरुआत में उनकी फिल्मों को ज्यादा सफलता नहीं मिली। 1948 की सुहागरात कुछ हद तक चली। 1952 में बैजू बावरा सुपरहिट रही और उन्होंने बतौर हीरो पहचान बनाई। फिल्म का संगीत बेहद लोकप्रिय हुआ और नौशाद को पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। उसी साल मां और आनंद मठ ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। 1953 में लड़की फिल्म बड़ी हिट रही और साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस तरह भारत भूषण स्टार बन गए। उन्होंने मधुबाला के साथ कई हिट फिल्में दीं। मधुबाला से शादी करना चाहते थे, लेकिन ऐसा न हो सका। उनकी शादी सरला से हुई, जिनका निधन डिलीवरी के दौरान हो गया। बाद में उन्होंने एक्ट्रेस रत्ना से शादी की।

बाद में छोटे-मोटे रोल करने पड़े 60 के दशक में उन्होंने कई बंगले, गाड़ियां और किताबें खरीदीं। भाई के कहने पर उन्होंने फिल्मों में पैसा लगाया।

बसंत बहार और बरसात की रात हिट रहीं, लेकिन आगे के प्रोजेक्ट फ्लॉप हो गए। सब कुछ बिक गया। बुरे दौर में उन्हें जूनियर आर्टिस्ट के रोल तक करने पड़े। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, रोटी के लिए भी रोल करना पड़ा।

# स्विफ्ट से फिल्मफेयर जाती थीं कल्कि : रोक दी जाती थी कार!

## फिर एक्ट्रेस इनवाइट दिखाकर कहती थीं- हां ये मैं ही हूं

एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन ने बताया कि वो कई सालों तक वह अपनी स्विफ्ट कार में फिल्मफेयर अवॉर्ड्स के रेड कारपेट पर पहुंचती थीं। उनकी ड्रेस कार से बड़ी होती थी और लोग कार को रोक देते थे। जिससे उन्हें इनवाइट दिखाकर समझाना पड़ता था कि मैं ही हूं। यूट्यूब चैनल अलीना डिसेक्ट्स को दिए इंटरव्यू में कल्कि ने कहा, कई सालों तक मैं अपनी स्विफ्ट कार में फिल्मफेयर के रेड कारपेट पर पहुंचती थी और मेरी ड्रेस मेरी कार से बड़ी होती थी और लोग कार को रोक देते थे। उसे अंदर नहीं जाने देते थे। फिर मुझे अपना इनवाइट दिखाना पड़ता था और कहना पड़ता था कि मैं ही हूं... हां, मैं ही हूं।





फ्लैट छोटा, गाड़ी बड़ी साथ ही कल्कि ने कहा, मैं ऐसे लोगों को जानती हूं जो एक छोटे से वन बीएचके फ्लैट में रहते हैं, लेकिन ऑडी जैसी बड़ी गाड़ी रखते हैं। वो मीटिंग्स में ऑडी से आते हैं, ड्राइवर के साथ बैठते हैं, लेकिन असल में उनका घर बहुत छोटा होता है. हालांकि, ये उनकी चॉइस है।

कल्कि को पसंद है आजादी कल्कि ने ये भी कहा कि मेरी आजादी मेरे लिए ज्यादा जरूरी है। मुझे प्रकृति पसंद है, इसलिए मैं उस पर पैसा खर्च करती हूं। मैंने गोवा में एक खूबसूरत घर में रहने के लिए खर्च किया है। मैं हर हफ्ते या दो हफ्ते में प्लेन से वहां जाती हूं। मेरी कमाई वहीं जाती है, लेकिन ये मेरी चॉइस है क्योंकि इससे मुझे वो आजादी मिलती है, जिससे मैं अपनी जिंदगी एंजॉय कर सकूं, अपनी बेटी का बचपन देख सकूं, हर वीकेंड बीच पर जा सकूं ऐसे पल जी सकूं और हां, ये भी सही है कि मैं खुद को लकी मानती हूं कि मैं ये चॉइस कर सकती हूं। बहुत से लोगों के पास ये चॉइस नहीं होती। तो आखिर में ये सब इसी पर निर्भर करता है, आपके पास क्या है और आप क्या चाहते हैं। फिल्म देव डी से किया डेब्यू कल्कि ने फिल्मों की शुरुआत देव डी से की थी, जिसमें उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। वो जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, ये जवानी है दीवानी, गली बॉय जैसी हिट फिल्मों में नजर आईं। मार्गरीटा विद ए स्ट्रॉ के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। साथ ही वो मेड इन हेवेन और सेक्रेड गेम्स जैसी वेब सीरीज में भी नजर आई हैं।

# नितेश तिवारी की रामायण में दिखेंगी काजल अग्रवाल : निभाएंगी मंदोदरी का किरदार

## शूटिंग भी की शुरू, यश बनेंगे रावण



एक्ट्रेस काजल अग्रवाल को नितेश तिवारी की आने फिल्म रामायण में काजल को एक अहम किरदार मिला है। वो इस फिल्म में रावण की पत्नी मंदोदरी का रोल निभा रही हैं। रावण के रोल में साउथ के सुपरस्टार यश नजर आएंगे। पहले खबरें थीं कि ये किरदार साक्षी तंवर निभा सकती हैं, लेकिन अब प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कन्फर्म किया है कि मंदोदरी का रोल काजल को मिला है। यही नहीं, उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार एक सूत्र ने बताया, मंदोदरी का किरदार बहुत भावनात्मक और मजबूत है। इसके लिए एक ऐसी अभिनेत्री चाहिए थी जो गंभीरता और गरिमा को अच्छी तरह निभा सके। काजल इसमें बिल्कुल फिट बैठती हैं। वहीं, एक दूसरे प्रोडक्शन सदस्य ने कहा, फिल्ममेकर्स चाहते थे कि ये रोल ऐसी एक्ट्रेस निभाए जो पूरे देश में पॉपुलर हो। कई नामों पर विचार किया गया, लेकिन काजल की नॉर्थ और साउथ दोनों में अच्छी फैन फॉलोइंग है, इसलिए उन्हें चुना गया।

रामायण पर फिल्म बना रहे नितेश तिवारी इस मेगा प्रोजेक्ट को यश और नमित मल्होत्रा मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म को दो भागों में बनाया जा रहा है। पहला भाग दिवाली 2026 और दूसरा दिवाली 2027 में रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखेंगे, साई पल्लवी सीता बनेंगी, रवि दुबे लक्ष्मण, लारा दत्ता कैकेयी और सनी देओल हनुमान के रोल में नजर आएंगे। फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स का काम ऑस्कर-विनिंग स्टूडियो छ्हश्वत्त कर रहा है, जिससे उम्मीद की जा रही है कि ये एक शानदार और भव्य सिनेमाई अनुभव होगा।

काजल अग्रवाल ने कई हिट फिल्मों में काम किया है अभिनेत्री काजल अग्रवाल आखिरी बार सलमान खान की फिल्म सिकंदर में नजर आई थीं। काजल अग्रवाल की फिल्मी सफर की बात करें तो उन्होंने कई हिट फिल्मों में काम किया है। मगधीरा (2009) में उनके ड्यूल रोल ने उन्हें स्टार बना दिया। सिंघम (2011) में अजय देवगन के साथ उन्होंने बॉलीवुड डेब्यू किया। थुप्पाकी (2012) और मर्सल (2017) जैसी साउथ की फिल्मों में भी उनका काम सराहा गया। आर्या 2, मिस्टर परफेक्ट और डार्लिंग जैसी तेलुगू रोमांटिक फिल्मों में उनके किरदार आज भी लोगों को याद हैं।

# कोरियोग्राफर बोस्को ने चुट्टामल्ले पर जताई नाराजगी

## बोले- काश जान्हवी हमारा जिक्र करतीं, तो कैटरीना के चलते करा था 5 घंटे इंतजार

बॉलीवुड के मशहूर कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने फिल्म देवरा के गाने चुट्टामल्ले में कोरियोग्राफी करने और क्रेडिट को लेकर बड़ी बात कही है। हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क को दिए एक इंटरव्यू में जब बॉस्को से ये सवाल पूछा गया कि आधा घंटे तक मुझे ये नहीं पता था कि आपने चुट्टामल्ले को कोरियोग्राफ किया है, तो बॉस्को ने इस पर मुस्कुराते हुए कहा, काश जान्हवी अपने प्रमोशन में इस बारे में बात करती, लेकिन ठीक है, कोई बात नहीं। बता दें कि इस गाने में जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर नजर आए थे और यह गाना सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। यूट्यूब पर इस गाने को 300 मिलियन से भी ज्यादा बार देखा गया।

काला चश्मा की शूटिंग में बॉस्को को 5 घंटे का इंतजार करना पड़ा साथ ही इस इंटरव्यू में बॉस्को ने ये बताया कि काला चश्मा की शूटिंग के दौरान उनको पांच घंटे तक इंतजार करना पड़ा था। उन्होंने कैटरीना के साथ शूट किए गाने का जिक्र करते हुए बताया, कैटरीना ने लहंगा पहना हुआ था और जो स्टेप्स हमने बनाए थे, उनमें फुटवर्क की जरूरत थी। मुझे याद है कि हमने पहले दिन 5 घंटे खो दिए क्योंकि कैटरीना लहंगे में थीं। दूसरे दिन हमें फिर 5 घंटे इंतजार करना पड़ा ताकि वो उस डिजाइनर साड़ी में आ सकें जो उन्होंने मनीष मल्होत्रा के साथ मिलकर बनाई थी। उन्होंने ये भी कहा कि वो आउटफिट इसलिए खास लगा क्योंकि उसमें पैरों की मूवमेंट साफ दिख रही थी, साथ ही भारतीयता भी बनी रही। बॉस्को ने कहा, जब ये सारी चीजे एक साथ आती हैं, तो लगता है कि वो 5 घंटे का इंतजार वाकई जरूरी था क्योंकि उसके बाद आप कैटरीना को उनका जादू बिखेरते हुए देखते हैं।

कोरियोग्राफर्स का प्रमोशन में भी नाम छूट जाता



बॉस्को मार्टिस ने ये भी कहा, कोरियोग्राफर्स को आमतौर पर उनका हक नहीं मिलता, जबकि गाने को जैसा वो दिखता है वैसा बनाने में बहुत मेहनत, बहुत प्लानिंग और बहुत एक्सपर्टीज लगती है। जब गाना रिलीज होता है और सुपरहिट हो जाता है या चाहे जैसा भी हो, तो कोरियोग्राफर को भूल जाते हैं। यहां तक कि जब गाने का प्रमोशन होता है, जहां उस गाने को दिखाया जाना होता है, तब भी कोरियोग्राफर को सेलिब्रेट नहीं किया जाता। अगर कोई गाना पहली बार दिखाया जा रहा हो, तो कई बार कोरियोग्राफर का नाम तक नहीं लिखा जाता।

उन्होंने आगे कहा, जितना म्यूजिक डायरेक्टर को सराहा जाता है, जितना लिरिसिस्ट को सराहा जाता है, जितना सिंगर को सराहा जाता है, और तो और एक्टर को तो पूरी तरह से सराहा जाता है क्योंकि वो गाने का चेहरा होता है, उतना ही कोरियोग्राफर को पीछे कर दिया जाता है और कई बार तो वो गायब ही हो जाता है। मैं इस बारे में खुलकर बोलता रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अब समय आ गया है इस पर बात करने का। खासकर इंडिया में जब किसी रेडियो स्टेशन पर गाने की बात होती है तो म्यूजिक डायरेक्टर की बात होती है, लिरिसिस्ट की बात होती है, सिंगर की बात होती है, लेकिन कोरियोग्राफर का नाम कोई नहीं लेता। जैसे काला चश्मा की बात करें, तो कोई नहीं कहेगा कि ये गाना बॉस्को और सीजर ने कोरियोग्राफ किया है। ये नाम कहीं नहीं आता।

बॉस्को ने विक्की कौशल की तारीफ की एक्टर विक्की कौशल की तारीफ करते हुए बॉस्को ने कहा, मुझे लगता है कि अब हर कोरियोग्राफर को खड़ा होना चाहिए और इस बारे में बात करनी चाहिए। हां, ये भी है कि जब आप बोलते हो, आवाज उठाते हो, तो लोग आपको चुप कराने की कोशिश करते हैं या फिर आपको घमंडी कहने लगते हैं और यही एक पतली रेखा होती है, आप घमंडी नहीं दिखना चाहते, बस बराबरी की बात करना चाहते हो। मुझे लगता है कि ये सम्मान की बात है, घमंड की नहीं और मैं ये नहीं कह रहा कि कोरियोग्राफर की तस्वीर हर जगह लगाओ, बस इतना कह रहा हूं कि कोरियोग्राफर को क्रेडिट दो। यहां तक कि जब कोई एक्टर, जैसे विक्की कौशल ने किया उन्होंने बहुत ग्रेसफुली मेरे बारे में बात की, मुझे सेलिब्रेट किया और शायद इसी वजह से दुनिया को पता चला कि इस गाने के कोरियोग्राफर कौन हैं।

बॉस्को के पॉपुलर गाने बता दें कि बॉस्को ने कई सुपरहिट गानों को कोरियोग्राफ किया है। शाहरुख खान की फिल्म पठान का गाना झूमे जो पठान उन्हीं की कोरियोग्राफी है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म देवरा: पार्ट 1 का चुट्टामल्ले और विक्की कौशल की फिल्म बैड न्यूज का गाना तौबा तौबा भी कोरियोग्राफ किया है।

# रेप केस में फंसे एजाज खान की बढ़ीं मुश्किलें : कोर्ट ने अग्रिम जमानत से किया इनकार, पुलिस बोली- एक्टर सबूतों से कर सकते हैं छेड़छाड़



मुंबई के एक सेशन कोर्ट ने एक्टर एजाज खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। एजाज के खिलाफ एक एक्ट्रेस ने रेप का केस दर्ज कराया था। पीड़िता का आरोप है कि एजाज ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। वहीं, मामले में एजाज खान ने अपनी याचिका में दावा किया कि महिला को पता था कि वह पहले से शादीशुदा है। उनका कहना है कि दोनों के बीच जो भी हुआ, वह आपसी सहमति से हुआ। एजाज ने कोर्ट में ये भी कहा कि उसके पास व्हाट्सएप चैट्स और वीडियो के रूप में सबूत हैं। उनका आरोप है कि महिला ने केस वापस लेने के बदले 10 लाख रुपये की मांग की थी। बता दें कि मामले में एफआईआर चारकोप पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी। शिकायत में महिला ने कहा कि एजाज खान ने खुद को सेलेब्रिटी और रिएलिटी शो होस्ट बताकर उस पर प्रभाव जमाया।

रिश्तों की कदर भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए क्योंकि दोनों को कमाना मुश्किल है पर गँवाना आसान।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# अमेरिका में भीषण तूफान, 21 की मौत

## 6.50 लाख घरों की बिजली गुल; केंटकी और मिसौरी समेत 12 राज्यों में असर







बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** सेंट्रल अमेरिका में भीषण तूफान की वजह से शनिवार तक मिसौरी और दक्षिण-पूर्वी केंटकी राज्य में 21 लोगों की मौत हो गई और कई राज्यों में पब्लिश इन्फ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान हुआ। 21 में से 14 मौतें केंटकी में जबकि 7 मौतें मिसौरी राज्य में हुई। इन दोनों के साथ-साथ इलिनोइस और इंडियाना में भी भारी नुकसान की खबर है। पॉवरआउटेज.यूएस के मुताबिक, शनिवार सुबह तक एक दर्जन राज्यों में लगभग 6.60 लाख घर में बिजली सप्लाई रुक गई, जिनमें मिसौरी और केंटकी सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

### तूफान की वजह से भीषण टॉरनेडो आए

इन तूफानों ने घरों को नुकसान पहुंचाया है, बिजली की लाइनें तोड़ दीं और मिडवेस्ट और ग्रेट लेक्स इलाके में भारी तबाही मचाई है। इस तूफान की वजह से गुरुवार को भी भीषण टॉरनेडो आए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह तूफान कई दिनों तक चलेगा और अगले कुछ हफ्तों तक खतरनाक मौसम बना रहेगा। हालांकि राहत की बात यह है कि टॉरनेडो लाने वाला यह सिस्टम अब कमजोर पड़ रहा है, लेकिन मेक्सिको बॉर्डर के पास एक और गंभीर तूफान की आशंका है, जिससे दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका में 2 करोड़ से ज्यादा लोग मुश्किल में पड़ सकते हैं।

तूफान का खतरा बरकरार मिसौरी और केंटकी में आई तूफानी हवाएं कमजोर होकर दक्षिण-पूर्व की ओर बढ़ रही हैं, जिससे ग्रेट प्लेन्स और टेक्सास में भीषण तूफानों का खतरा बढ़ गया है। अब यह तूफान डलास-फोर्ट वर्थ मेट्रोप्लेक्स इलाके को प्रभावित करेगा, जिसमें बड़े ओले गिरने, तेज हवाएं और बवंडर आने की आशंका है। वहीं, ग्रेट प्लेन्स और मिसिसिपी नदी घाटी में भी मौसम बहुत ज्यादा खराब रह सकता है।

### मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ सकता है

केंटकी के गवर्नर एंडी बेशर ने शनिवार को सोशल मीडिया पर कहा कि था वहां कम से कम 14 लोगों की मौत हो चुकी है। यहां आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। इससे पहले शनिवार को, लॉरेल काउंटी शेरिफ के प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी केंटकी में टॉरनेडो (बवंडर) के बाद नौ लोगों की मौत हुई थी।

## कांग्रेस नेता के घर में डकैती डालने वाला नौकर गिरफ्तार

### पुलिस से बचने के लिए आधा किलोमीटर पैदल चले बदमाश, पति-पत्नी ने रचा पूरा प्लान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में कांग्रेस नेता संदीप चौधरी के घर डकैती डालने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें घर का नौकर भरत बिष्ट (28) और हरि बहादुर धामी (29) शामिल है। भरत की पत्नी काजल और दो अन्य साथी फरार हैं। लूटा गया पैसा और गहने भी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं। अन्य बदमाशों की तलाश में पुलिस अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने पुलिस से बचने के लिए पूरा प्लान बनाया था। बदमाश पुलिस के बचने के लिए करीब आधा किलोमीटर तक पैदल चले। इसके बाद गाड़ी में बैठकर फरार हुए। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया- वैशाली नगर में 14 मई (बुधवार) को संदीप चौधरी के घर पर उनके नौकर दंपत्ति (काजल-भरत) और बाहर से आए कुछ बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान घर में उनकी मां कृष्णा चौधरी, पत्नी ममता चौधरी, बेटा राजदीप और बेटी राजश्री मौजूद थे। बदमाशों ने कृष्णा और ममता को चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया था। इसके बाद लूट को अंजाम दिया। दोनों आरोपी प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए काम पर लगे थे।

## राजस्थान में 10 हजार पुलिस कॉन्स्टेबल की भर्ती : 25 मई तक कर सकेंगे आवेदन, 12वीं पास कर सकेंगे अप्लाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में गवर्नमेंट जॉब की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान पुलिस ने 10 हजार पदों पर कॉन्स्टेबल की भर्ती डेट का समय बढ़ाया है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम डेट 17 मई से बढ़ाकर 25 मई 2025 कर दी गई है। इसके लिए 12वीं पास उम्मीदवार राजस्थान पुलिस की ऑफिशल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई कर सकेंगे। इसके बाद मेरिट के आधार पर उम्मीदवारों का सिलेक्शन किया जाएगा।

एडीजी (पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया- कॉन्स्टेबल भर्ती-2025 के लिए 9 अप्रैल को योग्य अभ्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन राजकॉम इन्फो सर्विसेज लिमिटेड की ओर से संचालित समस्त ई-मित्र कियोस्क, जनसुविधा केन्द्र एवं विभाग की वेबसाइट पर मांगे गए थे। भर्ती को लेकर आवेदन की प्रक्रिया 28 अप्रैल को शुरू हुई थी। उस समय 9 हजार 617 पदों पर भर्ती होनी थी।

इस बीच 13 मई को 383 पद बढ़ाकर 10 हजार पदों पर भर्ती करना तय हुआ। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम डेट 17 मई थी। ऑनलाइन आवेदन की समयावधि को बढ़ाकर 17 मई के स्थान पर 25 मई-2025 कर दी गई है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अभ्यार्थियों को 8 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है।

## जयपुर में ओला-उबर की मनमानी पर लग सकती है लगाम : 12 साल बाद फिर से तय हो सकता है किराया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में ओला-उबर और टैक्सियों की मनमानी रोकने की तैयारी शुरू हो गई है। इन सेवाओं के बढ़ते किराए और आए दिन मिल रही शिकायतों के बाद आरटीओ प्रथम ने किराया तय करने के लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा है। अगर यह प्रस्ताव पास होता है तो 12 साल बाद एक बार फिर शहर में इन सेवाओं का किराया तय किया जाएगा। आखिरी बार 2013 में यह किराया फिक्स किया गया था। फिलहाल शहर में कोई भी ओला-उबर या निजी टैक्सी उस पुराने किराए पर नहीं चल रही। कंपनियों ने डीज़ल-पेट्रोल के बढ़ते दामों को आधार बनाकर मनमाने ढंग से किराया बढ़ा दिया है।

**अब मुख्यालय तय करेगा नया किराया, पीक आवर्स की मनमानी भी होगी कंट्रोल**-आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया- जयपुर में ओला-उबर समेत निजी कैब और ऑटो सर्विस देने वाले ड्राइवर यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। खासकर पीक आवर्स के दौरान किराया कई गुना बढ़ा दिया जाता है। इस कारण आए दिन शिकायतें मिल रही थीं।

हमने इन शिकायतों और मौजूदा हालात के आधार पर एक प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेजा है, जिसमें किराया तय करने की सिफारिश की गई है। उन्होंने बताया- 2013 के बाद से अब तक कोई किराया रिवाइज नहीं हुआ है। जबकि इस दौरान फ्यूल की कीमतें कई बार बढ़ चुकी हैं।

## जो दुस्साहस करेगा, उसे सबक सिखाएगा भारत : भागवत

### कहा : दुनिया प्रेम और मंगल की भाषा तब ही सुनती है, जब आपके पास शक्ति हो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शनिवार को कहा- भारत किसी से शत्रुता नहीं करता है, लेकिन कोई दुस्साहस करेगा तो उसे सबक सिखाने से भी पीछे नहीं हटेगा।

उन्होंने कहा- दुनिया प्रेम और मंगल की भाषा भी तब ही सुनती है, जब आपके पास शक्ति हो। यह दुनिया का स्वभाव है, इसको बदला नहीं जा सकता। इसलिए विश्व कल्याण के लिए हमें शक्ति संपन्न होने की आवश्यकता है। डॉ. भागवत जयपुर के सीकर रोड स्थित रविनाथ आश्रम में आयोजित रविनाथ महाराज की पुण्यतिथि के कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- लोगों के मन में आ रहा होगा कि मैं रविदास आश्रम क्यों आया हूं। यह वाजिब भी है। लेकिन मैं रविदास जी का भक्त हूं, उन्हीं के कारण आश्रम में आया हूं।



### भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं : भागवत

मोहन भागवत ने आश्रम में अपने संबोधन की शुरुआत भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं से की। उन्होंने भारत को विश्व का सबसे प्राचीन देश बताते हुए उसकी भूमिका बड़े भाई की बताई। उन्होंने कहा- भारत विश्व में शांति और सौहार्द के लिए काम कर रहा है। भारत सब क्षेत्रों में प्रगति करेगा। भारत किसी से शत्रुता नहीं करता है, लेकिन कोई दुस्साहस करेगा तो सबक सिखाने में भी पीछे नहीं हटता है। उन्होंने कहा- भारत जिन दूसरे राष्ट्र की मदद करता है, वो देश कभी-कभी विपरीत धाराओं में बहते हैं, फिर भी हम मदद करते हैं। क्योंकि हमारे मन में सहयोग का भाव रहता है। हम कई देशों के बड़े भाई हैं, लेकिन बड़ा भाई होने का घमंड नहीं करना है। बल्कि बड़े भाई का फर्ज निभाते हुए छोटों को सही नसीहत देनी है।

### दुर्बल कुछ नहीं कर सकता, दुनिया को शक्ति दिखानी होती है

भागवत ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किए बिना कहा कि दुर्बल कुछ नहीं कर सकता है। दुनिया को शक्ति दिखानी होती है। हम जिसका जैसा हित है, उससे वैसा व्यवहार करते हैं। कभी-कभी हमारे विपरीत भी हालात होते हैं, लेकिन हम फिर भी मदद करते हैं। हमारी ताकत विश्व ने देखी है। संघ प्रमुख ने कहा- भारत में त्याग की परंपरा रही है। भगवान श्रीराम से लेकर भामाशाह को हम पूजते और मानते हैं। विश्व कल्याण हमारा धर्म है। विशेषकर हिंदू धर्म का तो यह पक्का कर्तव्य है। यह हमारी ऋषि परंपरा रही है, जिसका निर्वहन संत समाज कर रहा है।

### बच्चों को संस्कार दो कि संतों के सानिध्य में जाओ

भागवत ने कहा- सारी दुनिया में सब एक है। सनातन काल से महात्मा सबको एक रहने का संदेश देते आए हैं। साधु-संत फुल चार्ज हैं, हम महात्माओं के पास से रिचार्ज होकर जाते हैं। संत जहां हैं, सब जाओ, बच्चों को संस्कार दो कि संतों के सानिध्य में जाओ।



## मुख्यमंत्री ने करणी माता मंदिर में किए दर्शन

### प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली की कामना

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को बीकानेर के देशनोक स्थित विश्व प्रसिद्ध करणी माता मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली की कामना की। इस दौरान केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री और प्रभारी मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह, विधायक श्री अंशुमान सिंह भाटी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## जयपुर में बंदरों का आतंक, निगम मुख्यालय भी चपेट में

### चेयरमैन बोले- 2 महीने से नहीं हुआ टेंडर, डिप्टी कमिश्नर नहीं कर रही सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में बढ़ते बंदरों को रोकने की जिम्मेदारी नगर निगम की है। लेकिन पिछले दो महीने से बंदरों को पकड़ने का टेंडर तक नहीं हुआ है। इसकी वजह से आम जनता परेशान है। वहीं, परकोटे की प्रमुख कॉलोनियों के साथ ही बंदरों ने नगर निगम हेरिटेज मुख्यालय पर भी कब्जा कर लिया है।

बड़ी संख्या में बंदर नगर निगम मुख्यालय में भी नजर आने लगे हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अब नगर निगम के पशु नियंत्रण एवं संरक्षण समिति के अध्यक्ष की सुनवाई तक नहीं हो रही है।

दरअसल, परकोटे की कॉलोनियों में बंदर घरों में घुसकर लोगों पर हमला करने लगे हैं। बीते एक महीने में इस तरह के एक दर्जन से ज्यादा मामले सामने आए हैं। लेकिन नगर निगम प्रशासन द्वारा बंदर पकड़ने को लेकर टेंडर तक नहीं किया गया है। जो अब आम जनता की जान को ही जोखिम में डाल रहा है। हालत इतने बिगड़ गए है कि उन्हें पकड़ने की जिम्मेदारी निभाने वाले नगर निगम हेरिटेज मुख्यालय में ही बड़ी संख्या में बंदरों की आवाजाही रहती है। इससे निगम में काम करने वाले कर्मचारियों को भी अब डर लगने लगा है।

## कुष्ठ रोग देश से खत्म करने की तैयारी में सरकार

### केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकार को लिखा पत्र, सभी जिलों के रोगियों की रिपोर्ट मांगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** देश को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय इसे नोडिफाइबल डिजीज (अधिसूचित रोग) के तौर पर घोषित करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए मंत्रालय की ओर से एक पत्र राज्य सरकार के हेल्थ डिपार्टमेंट को लिखा है। इस पत्र के जरिए राज्यों से उनके यहां मौजूद कुष्ठ रोगियों की सूचना मांगी है। साथ ही इसे नोडिफाइबल डिजीज घोषित करने पर विचार करने और अपने सुझाव भिजवाने के आदेश दिए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय सचिव की ओर से लिखे गए इस पत्र में बताया- साल 1983 में भारत में प्रति 10,000 जनसंख्या पर 57 कुष्ठ रोगी के केस थे, जो साल 2024-25 तक घटकर प्रति 10,000 जनसंख्या पर एक से भी कम हो गए हैं। लगातार प्रयासों का नतीजा है कि इस बीमारी में इतनी कमी देखी गई है।

पत्र में सचिव ने बताया- सरकार का उद्देश्य साल 2030 तक संक्रामक रोग और महामारी को समाप्त करना है। इसी लक्ष्य की दिशा में कुष्ठ रोग को भी खत्म करने का लक्ष्य है। इसके लिए इसे नोडिफाइबल डिजीज (अधिसूचित रोग) घोषित करने पर विचार किया जा रहा है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com